CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 24°C
तापमान

सेंसेक्स 81,796.15
निफ्टी 24,946.50

सोना 1,02,000
चांदी 1,09,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, मंगलवार 17 जून 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 296 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 20 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## खुलासा: पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

### एफएटीएफ ने कहा: ऐसे हमले सिर्फ बंदूक-बारूद से नहीं होते, इनके पीछे फाइनेंशियल नेटवर्क

**नई दिल्ली, वार्ता**

**एंटी टेररिज्म बॉडी** फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमला आतंक फैलाने वालों के समर्थन के बिना नहीं किया जा सकता। इसमें टेरर फंडिंग की गई है।

एफएटीएफ का यह बयान पहलगाम हमले के 55 दिन बाद आया है। एंटी टेररिज्म बॉडी ने कहा कि आतंकी हमले लोगों को मारते हैं, उन्हें अपंग बनाते हैं और दुनियाभर में डर फैलाते हैं। एफएटीएफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान के लगातार आतंकवाद को समर्थन देने और मल्टीपल फंड्स को हथियारों की



खरीद में इस्तेमाल करने की बात को उजागर किया है। सूत्रों के अनुसार, ऐसी गतिविधियों की वजह से पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जा सकता है। एफएटीएफ की एशिया- पेसिफिक ग्रुप (एपीजी) की बैठक 25 अगस्त को होनी है। इसके बाद एफएटीएफ के वर्किंग ग्रुप की बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इन बैठकों से पहले भारत पाकिस्तान के खिलाफ एक डोजियर तैयार कर रहा है। इसमें बताएगा कि पाकिस्तान कैसे फंडिंग का

**■ पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डलवाने के लिए भारत कर रहा डोजियर तैयार**

आतंकी गतिविधियों और मनी लॉन्ड्रिंग में इस्तेमाल कर एफएटीएफ के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रखा गया था। तब उसने मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग पर लगाम लगाने के लिए एक एक्शन प्लान दिया था। इसके बाद 2022 में एफएटीएफ ने पाकिस्तान को इस ग्रे लिस्ट से हटा दिया था। सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार, एंटी मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग नियमों का पालन करने में विफल रहने के कारण पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डालने के लिए एफएटीएफ के सामने मजबूत केस रखेगी। एफएटीएफ की साल में तीन बार (फरवरी, जून और अक्टूबर) मीटिंग होती है।

## अमरोहा: पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 4 महिलाओं की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से वहां काम कर रहीं चार महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि नौ महिलाएं बुरी तरह झुलस गई। घटना से आसपास हड़कम्प मच गया। तेज धमाके से फैक्ट्री की इमारत भी पूरी तरह धराशायी हो गई। डीएम व एसपी मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। घटना स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी रही।

गांव में आबादी से करीब एक किमी की दूरी पर हापुड़ निवासी सैफुर्रहमान पुत्र केसर की पटाखा फैक्ट्री साल 2018 से संचालित है। फैक्ट्री में स्थानीय व आसपास के गांवों की महिलाएं काम करती हैं। सोमवार सुबह भी करीब 13 महिलाएं फैक्ट्री में काम कर रही थीं। इस बीच दोपहर करीब 11:45 बजे वहां मौजूद विस्फोटक पदार्थ में तेज धमाका हुआ। चपेट में आई फैक्ट्री में काम कर रहीं गांव पपसरा निवासी 40 वर्षीय उमा पत्नी दानवीर सिंह व 45 वर्षीय सर्वेश पत्नी सोविंद्र के




**नौ महिलाएं गंभीर रूप से झुलसी, फैक्ट्री की इमारत भी हुई पूरी तरह ध्वस्त**

साथ ही रजबपुर निवासी 22 वर्षीय रुखसाना पुत्री जाकिर अहमद व 40 वर्षीय शहनाज पत्नी साबिर अली की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मोना, विशाल, सलोनी, इंद्रवती, सोनिया, पूजा, नाजरीन समेत नौ अन्य महिलाएं जख्मी हो गईं। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि धमाके के बाद फैक्ट्री की इमारत धराशायी हो गई और जहां-तहां मलबा बिखर गया। दो किमी दूर दूसरे गांवों तक धमाके की आवाज को सुना गया। धमाके के बाद आसपास के गांवों से पहुंचे लोग मदद में जुट गए। सूचना पर पुलिस-प्रशासनिक एवं दमकल टीम भी मौके पर पहुंचते हुए राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। खुद डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद ने मौका मुआयना कर घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर घायल नाजरीन व सोनिया को चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर किया। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। हादसे के कारणों की बावत अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। डीएम निधि गुप्ता ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित करने की बात कही है।



**ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई परिवार सहित बंकर में भूमिगत**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पटौदी की विरासत को बचाने के लिए तेंदुलकर आए आगे**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## इजरायल-ईरान संघर्ष में 250 की मौत, 1000 घायल

### और उग्र हुआ इजरायल-ईरान संघर्ष, लगातार चौथे दिन हमले जारी

**तेहरान/तेल अवीव, वार्ता**

**इजरायल** और ईरान के बीच 13 जून से लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजरायल ने सोमवार शाम करीब 6 बजे सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। हमले में हुए नुकसान को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक्स पर ईरान पर हमले का एक वीडियो जारी किया।

कैप्शन में बताया कि सोमवार सुबह से इजरायली एयरफोर्स ने मिसाइल लॉन्चर्स से लदे कई ट्रकों को निशाना बनाया, जो तेहरान की तरफ जा रहे थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया था। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 14 जून को इजरायली सेना ने ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। पिछले चार दिनों के दौरान ईरान में 224 लोग इजरायली हमलों से मारे गए हैं। 1,277 से ज्यादा घायल हैं। अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों की मौत का दावा किया है। इजरायल ने सोमवार को दावा किया कि उसने ईरान के एयरस्पेस



ईरान के हमले में ध्वस्त हुई इजरायल की इमारत

**इजरायल ने ईरान पर फिर की एयरस्ट्राइक, मिसाइल लॉन्चर्स से लदे ट्रक उड़ाए**

**ईरान के ताजा हमले में आठ इजरायलियों की मौत, अब तक 24 मरे**

**ईरान पर इजरायल के तीन हमलों में 73 महिलाएं और 20 बच्चे मारे गए**

को पूरी तरह अपने काबू में कर लिया है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पश्चिमी ईरान से लेकर राजधानी तेहरान तक आसमान पर अब इजरायली एयरफोर्स का कंट्रोल है। आईडीएफ के मुताबिक, इजरायल ने 50 से ज्यादा फाइटर जेट्स और एयरक्राफ्ट्स से ईरान पर हवाई हमले किए और 120 से ज्यादा मिसाइल लॉन्चर्स नष्ट कर दिए। यह ईरान के पास मौजूद मिसाइल लॉन्चर्स का एक तिहाई है। ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सोमवार सुबह -**शेष पृष्ठ दो पर**

### अहमदाबाद विमान हादसा: 92 मृतकों के डीएनए नमूनों का मिलान

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में विमान हादसे में मारे गए 92 लोगों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया है। अब तक कुल 47 शव परिवारों को सौंपे जा चुके हैं। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डा. रजनीश पटेल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने दुर्घटना के बाद राज्य सरकार द्वारा चलाए गए पहचान अभियान के बारे में बताया कि जिन शवों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया हैं, उन्हें सम्मानपूर्वक उनके परिवारों को सौंप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 92 शवों के डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है 16 जून को सुबह 09:30 बजे तक कुल 47 शव सौंपे गए, जिनमें खेड़ा, अहमदाबाद, बोटाद, मेहसाणा, भरूच, अरावली, वडोदरा, जूनागढ़, आनंद, महिसागर, गांधीनगर और भावनगर जिलों के शव शामिल थे।

## एयर इंडिया ड्रीमलाइनर में फिर आई तकनीकी खराबी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद लंदन एयर इंडिया विमान हादसे के चार दिन बाद हांगकांग से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान में उड़ान भरने के चंद मिनट बाद तकनीकी समस्या का पता लगने पर उसे वापस हांगकांग लौटना पड़ा।

सूत्रों के अनुसार हांगकांग से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआई315 बीती रात 11 बज कर 59 मिनट पर हांगकांग से रवाना हुई थी। रिकॉर्ड के अनुसार यह उड़ान तीन घंटे नौ मिनट के विलंब से रवाना हुई थी। उड़ान भरने के बाद पायलट को हवा में ही तकनीकी समस्या का संदेह हुआ। इस पर पायलट ने विमान को समुद्र के ऊपर कुछ देर उड़ाया और जब दिक्कत दूर नहीं हुई तो वापस लौटने का फैसला किया। इसके बाद विमान करीब एक घंटे 19 मिनट

**■ उड़ान भरने के चंद मिनट बाद ही विमान को वापस हांगकांग लौटना पड़ा**

बाद अपने मूल स्थान यानी हांगकांग हवाई अड्डे पर वापस लौट आया। विमान स्थानीय समयानुसार एक बज कर 18 मिनट पर हांगकांग हवाई अड्डे पर उतरा। जहां उसकी गहन तकनीकी जांच की जाएगी। गौरतलब है कि 12 जून को एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, जब हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया और गुजरात के अहमदाबाद में बीजे मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों के छात्रावास से जा टकराया। विमान में 230 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सहित 242 लोग सवार थे।

### जनगणना के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश भर में जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 होगी, जबकि बर्फबारी से प्रभावित जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 रहेगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी।गृह मंत्री अमित शाह ने अधिसूचना जारी किए जाने से एक दिन पहले रविवार को केंद्रीय गृह सचिव, महापंजीयक और जनगणना आयुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी।

### जज पद: 3 साल की वकालत अनिवार्यता के खिलाफ समीक्षा याचिका

**नई दिल्ली।** सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर की गई है। न्यायिक सेवा के इच्छुक याचिकाकर्ता अधिवक्ता चंद्रसेन यादव शीर्ष अदालत के 20 मई, 2025 के उस फैसले की समीक्षा की मांग की है, जिसमें सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के पद के लिए परीक्षा में बैठने के वास्ते बार में कम से कम तीन साल की प्रैक्टिस अनिवार्य की गई है।

### जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा में विस्फोट, तीन घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शहर हंदवाड़ा में सोमवार को हुए एक विस्फोट में तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार कचरी लंगेट में पुरानी मस्जिद तोड़ते समय एक संदिग्ध वस्तु फटने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मुदस्सिर अहमद मीर, गुलाम अहमद टंट्रे और ओवैस अहमद लोन शामिल हैं, जो हंदवाड़ा के अलग-अलग गांवों के निवासी हैं।

## थोक मुद्रास्फीति मई में 0.39 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मई 2025 में मासिक आधार घट कर 0.39 प्रतिशत रही। अप्रैल में यह 0.85 प्रतिशत तथा पिछले साल मई में 0.39 प्रतिशत थी।

थोक मुद्रास्फीति में पिछले छह माह से लगातार गिरावट दर्ज की गई है। सरकार द्वारा सोमवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल, 2025 मई में थोक मूल्य सूचकांक अप्रैल के 154.2 अंक से घट कर मई में 154.1 पर आ गया। खाद्य वस्तुओं की कीमतों को छोड़ कर अन्य वर्गों में मासिक आधार पर थोक कीमतों में मासिक आधार

**■ पिछले छह माह से लगातार गिरावट दर्ज की गई**

पर नरमी दिखी। आकंड़ों के अनुसार मई में प्राथमिक वस्तुओं के थोक मूल्यों में सालाना आधार पर सामान्य रूप 2.02 प्रतिशत की कमी देखी गई। ईंधन और बिजली वर्ग में थोक मूल्य पिछले साल मई की तुलना में 2.27 प्रतिशत नीचे रहे। विनिर्मित उत्पादों के वर्ग में थोक कीमतों में सालाना आधार पर 2.04 प्रतिशत और खाद्य उत्पादों के थोक मूल्य सूचकांक में इसी दौरान 1.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### मप्र में मानसून की एंट्री, यूपी में बिजली गिरने से 48 घंटे में 34 की मौत

**नई दिल्ली।** मानसून ने मध्य प्रदेश में एंट्री कर ली है। एक दिन की देरी से बड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर के रास्ते मानसून राज्य में पहुंच गया है। पिछली बार यह 21 जून को आया था। हालांकि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री 27-28 मई को हो गई थी, मध्य प्रदेश में 21 दिन बाद मानसून की दस्तक हुई है। यूपी में भी बारिश का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को 62 जिलों में अलर्ट किया है। राज्य में पिछले 48 घंटे में बिजली गिरने की घटनाओं में 34 लोगों की जान गई है। बरेली में भारी बारिश से हाईवे डूब गया है।

## आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला साइप्रस का समर्थन

**निकोसिया।** भारत एवं साइप्रस ने अगले पांच साल में अपनी समग्र साझीदारी को रणनीतिक स्वरूप प्रदान करने के इरादे के साथ संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को बल देने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एवं सीमापार आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ की कठोर निंदा की तथा आतंकवाद वित्तपोषण नेटवर्क को खत्म करने, सुरक्षित पनाहगाहों एवं आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवादियों एवं उन्हें पनाह देने वाले अपराधियों को तेजी से न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की



साइप्रस यात्रा के आधिकारिक कार्यक्रम संपन्न होने के साथ ही साइप्रस एवं भारत के बीच व्यापक साझीदारी के कार्यान्वयन पर संयुक्त घोषणा की गई है। घोषणा पत्र में दस बिन्दुओं में प्रधानमंत्री की इस यात्रा को ऐतिहासिक और स्थाई साझीदारी की दिशा में मील का पत्थर बताया गया। घोषणापत्र में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी की दो दशकों से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है और -**शेष पृष्ठ दो पर**

### मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को यहां साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति महल में प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया और द्विपक्षीय बैठक के बाद एक संक्षिप्त समारोह में साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस-3' से अलंकृत किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह किसी नरेन्द्र मोदी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और वह भारत के नागरिकों की ओर से पूरी विनम्रता से इस सम्मान को स्वीकार कर रहे हैं।

## ईरान से वापस लौटेंगे 10 हजार भारतीय

### 1500 स्टूडेंट्स फंसे, ईरान बोला- बॉर्डर खुले, विदेशी नागरिक जा सकते हैं

**तेहरान/नई दिल्ली, वार्ता**

**इजरायल** से लगातार चौथे दिन जारी लड़ाई के बीच ईरान ने सोमवार को विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की इजाजत दे दी है।

सूत्रों ने बताया कि भारत ने अपने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बात की है। छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नारदुज चौकी से बसों से निकाला जाएगा। ईरान में 1,500 स्टूडेंट्स सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे



हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। विदेशी नागरिकों को ईरान छोड़ने से पहले राजनयिक मिशनों के जरिये ईरान के जनरल प्रोटोकॉल विभाग को अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी पहले से देनी होगी। ईरान के अलग-अलग शहरों से भारतीय छात्र आर्मेनिया से लगे नारदुज बॉर्डर पहुंचेंगे। यहां से इन्हें बस से आर्मेनिया के एरेवन एयरपोर्ट ले जाया जा सकता है। इसके बाद इन छात्रों को हवाई रूट से भारत लाया जाएगा।

### सोनिया गांधी की हालत अस्पताल में स्थिर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। श्रीमती गांधी को पेट में दर्द की शिकायत के कारण रविवार रात यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि 78 वर्षीय श्रीमती गांधी की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें चिकित्सा निगरानी में रखा गया है।

## कोरोना से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, रविवार को 11 मरीजों ने जान गंवाई। केरल में 7 और दिल्ली, छत्तीसगढ़, एमपी, महाराष्ट्र में 1-1 मौत हुई है। शनिवार को 10 मौतें हुई थीं। कोविड के 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में 7264 एक्टिव मरीज हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1920 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1433 और पश्चिम

**■ जबलपुर में डिलीवरी के बाद महिला की जान गई**

बंगाल में 747 एक्टिव मामले हैं। बीते 24 घंटे में कोई नया केस नहीं मिला है, जबकि 119 मरीज रिकवर हुए हैं। मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को बच्चे को जन्म देने के एक दिन बाद महिला (27 साल) की कोविड से मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री राम पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के हाथीनाला क्षेत्र में पुलिस ने भगवान श्री राम जी की आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में एक युवक को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि रविवार को एक व्यक्ति ने ट्वीट कर जानकारी दी थी कि सूरज जाटव ने अपने इंस्टाग्राम आइडी पर भगवान श्री राम जी की आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट की है। यह वीडियो हिन्दू धर्म को अपमा. नित करने व हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से की गई है जिससे हिन्दुओं में आक्रोश व्याप्त है। सूरज जाटव के कृत्य से जनमानस के बीच साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक हाथीनाला को अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए और जांच के बाद साउडीह गांव निवासी 22 वर्षीय सूरज जाटव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने आपत्तिजनक जनक वीडियो को इंस्टाग्राम से डिलीट करा दिया है।

### मणिपुर में छह उग्रवादियों सहित नौ लोग गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में सुरक्षा कर्मियों और पुलिस ने छह उग्रवादियों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी सोमवार को दी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने कामजोंग जिले के कसोम खुल्लेन-पीएस के अंतर्गत तारेत नदी से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। मणिपुर पुलिस ने भी अपहरण के एक मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई-पीएस के अंतर्गत शिखोंग शेमाई बाजार से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के लामलाई-पीएस के अंतर्गत सावा. मबुंग ब्रिज के पूर्वी हिस्से से भी एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया।

## दोबारा सर्वेक्षण की दलील पिछड़े वर्ग को झांसा देना

# जाति गणना कांग्रेस का राजनीतिक पाखंड

**नई दिल्ली, वार्ता**

**भारतीय** जनता पार्टी ने कर्नाटक में कांग्रेस द्वारा 'सामाजिक न्याय' के नाम पर दोबारा जातीय सर्वेक्षण कराए जाने पर सोमवार को सवाल उठाते हुए कहा कि दोबारा सर्वेक्षण की दलील पिछड़े वर्ग को झांसा देने का कांग्रेस का राजनीतिक हथकंडा मात्र है तथा उसका 'सामा. जिक न्याय' का नारा दिखावा एवं 'तुष्टीकरण' से प्रेरित है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के साथ कांग्रेस ने हमेशा धोखा किया है। अगर कांग्रेस के मन में कभी सच्चाई रही होती, तो काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस ने कोई दूसरा आयोग ही नहीं बनाया। देश से जब कांग्रेस की सत्ता गई, तब मंडल आयोग को बनाया। जनता पार्टी के जाने के बाद भी मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू नहीं हुई। जब देश से दोबारा कांग्रेस की सत्ता गई, तब मंडल आयोग लागू हुआ। मंडल आयोग वैधानिकता को उच्चतम न्यायालय ने जब स्वीकार किया, तो ओबीसी आयोग को दंत. विहीन बनाने का काम कांग्रेस ने किया। वर्ष 2014 में जब देश से कांग्रेस की सत्ता गई और श्री नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तब ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा मिला। यादव ने कहा कि उनके विश्वासघात का एक और उदाहरण कर्नाटक सर्वेक्षण है। उनके लिए, सामाजिक न्याय केवल दिखावा है और तुष्टिकरण उनकी नीति है।



■ कांग्रेस का सामाजिक न्याय का नारा दिखावा एवं तुष्टीकरण से प्रेरित है: भूपेन्द्र यादव

### कर्नाटक में एक बार फिर कांग्रेस के धोखे का उदाहरण देखने को मिला

उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का बयान अलग है, क्योंकि वे ऑनलाइन पंजीकरण की मांग कर रहे हैं और इसके कार्यान्वयन पर सवाल उठा रहे हैं। कई लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि सीमित डिजिटल पहुंच वाले समुदायों के लिए ऑनलाइन नामांकन की सटीकता कैसे सुनिश्चित हो सकती है। यादव ने कहा कि कर्नाटक में एक बार फिर कांग्रेस के धोखे का उदाहरण देखने को मिला। वो दिखाता है कि कांग्रेस के लिए सामाजिक न्याय दिखावा है, प्रतिबद्धता नहीं है। ओबीसी समाज को झांसे में लाना कांग्रेस की नीति है, न्याय देना उनका काम नहीं है। 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था बेहद नाजुक हो जाने का सबसे बड़ा कारण था कि करदाताओं के पैसों के साथ कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और उनके विश्वास को खोया।

### जनगणना के लिए तेलंगाना का मॉडल अपनाया जाए: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा है कि जनगणना के लिए तेलंगाना का मॉडल अपनाया जाना चाहिए, जिससे सभी जातियों की सामा. जिक-आर्थिक जानकारी प्राप्त हो सके। कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को 16वीं जनगणना की अधिसूचना जारी होने पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस अधिसूचना में पुरानी बातों को ही दो. हराया गया है, लेकिन इसमें में जातिगत गणना का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि सरकार जातिगत जनगणना के वादे से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि तो क्या यह फिर वही यू-टर्न है या फिर आगे इसके विवरण सामने आएंगे? कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि 16वीं जनगणना में तेलंगाना मॉडल अपनाया जाए। सिर्फ जातियों की गिनती ही नहीं बल्कि जातिवार सामाजिक और आर्थिक स्थिति से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी जुटाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जातिगत सर्वेक्षण में 56 सवाल पूछे गए थे। उन्होंने कहा कि लंबे इंतज़ार के बाद बहुप्रचारित 16वीं जनगणना की अधिसूचना जारी हो गई है। असलियत यह है कि कांग्रेस की लगातार मांग और दबाव के कारण ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जातिगत जनगणना की मांग के आगे झुकना पड़ा। इसी मांग को लेकर उन्होंने कांग्रेस नेताओं को 'अर्बन नक्सल' तक कह दिया था। संसद से लेकर उच्चतम न्यायालय तक मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना के विचार को सिरे से खारिज कर दिया था।

भारत की अर्थव्यवस्था के कमज़ोर होने का कारण मुख्य रूप से कांग्रेस द्वारा करदाताओं के पैसे का भ्रष्टाचार है। करीब 165 करोड़ रुपए का सर्वेक्षण एक दशक से भी ज्यादा समय से चल रहा है, तो इसका जवाबदेह कौन है? उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार का नया सर्वेक्षण डिजिटल समावेशन बनाम डिजिटल असमानता को उजागर करेगा।

## रेखा गुप्ता ने किया सिखों का अपमान: आप

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री को कठघरे में खड़ा किया

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सिख धर्म का अपमान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि जिस प्रकार उन्होंने सिख गुरुद्वारे को लेकर संबोधन किया, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। आप के वरिष्ठ नेता जरनैल सिंह ने यहां पत्रकारों से कहा कि हमारे लिए गुरुद्वारा करतारपुर साहिब बहुत ही पवित्र स्थल है।

गुप्ता ने जिस प्रकार का संबा. धन दिया, उसमें साफ-साफ गुरुद्वारा करतारपुर साहिब का अपमान झलकता है। उन्होंने कहा कि जो भी गुरुनानक साहिब में श्रद्धा रखते हैं, इससे उन्हें गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि करतारपुर साहिब स्थल की सिखों के दिलों में बहुत आस्था है। दिल्ली में बच्चा-बच्चा जानता है कि सिख गुरुद्वारों को किस प्रकार संबोधित किया जाता है। आप नेता ने कहा कि भाजपा के सिख नेताओं को मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि गुरुद्वारों को किस प्रकार संबोधित किया जाता है। उन्होंने कहा कि गुप्ता को माफी मांगनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि आप का आरोप है कि श्रीमती गुप्ता ने कल पंजाब में अपने संबोधन में गुरुद्वारे का अपमान किया है।

### दिल्ली में बिजली पानी की व्यवस्था चरमराई: भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आप ने कहा कि जब से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है तब से यहां बिजली और पानी की व्यवस्था चरमरा गई है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को यहां कहा कि दिल्ली के अंदर जब से भाजपा की सरकार बनी है यहां पानी और बिजली की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। कुछ दिनों पहले राजधानी में बाारिश हुई, जगह-जगह पानी जमा हो गया, लेकिन इस विभाग को संभालने वाले पीडब्लयूडी मंत्री दिल्ली से बाहर थे। बिजली व्यवस्था की हालत यह है कि उपराज्यपाल के दफ्तर में काम करने वाले कर्मचारी ने एक्स पर बताया कि उनके घर पर दो घंटे से बिजली नहीं है।

## वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता युक्त दवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच जरूरी: भारत

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत ने वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता युक्त दवाओं की सार्वभौमिक पहुंच पर बल देते हुए कहा है कि संबद्ध देशों के औषधि नियामकों में आपसी सहयोग और संवाद आवश्यक है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को यहां भारतीय फार्माकोपिया आयोग के नीति निर्माताओं के द्वितीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत संवाद और नियोजन से अपने साझेदार देशों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और नियामक सहयोग को आगे बढ़ाने तथा फार्माकोपियल मानकों की मान्यता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने की आशा कर रहा है, ताकि 'सभी के लिए स्वास्थ्य' के साझा लक्ष्य की दिशा में तेजी से प्रयास किए जा सकें। गुणवत्तापूर्ण दवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता और वैश्विक स्वास्थ्य समानता के लिए नियामक सामंजस्य के महत्व पर जोर देते हुए श्रीमती पटेल ने कहा कि भारत किफायती स्वास्थ्य सेवा समाधानों के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है और ज्ञान-साझाकरण, क्षमता-निर्माण व स्वास्थ्य कूटनीति से अन्य देशों के साथ अपनी साझेदारी को गहरा करना करना चाहता है। उन्होंने जन औषधि केंद्र उल्लेख करते हुए कहा कि टीके उपलब्ध कराने की दिशा में भारत ने बहुत तेज प्रगति की है। भारत टीकों का अग्रणी आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के कुल टीकों में से 70 प्रतिशत भारत के होते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने 'वैक्सीन मैत्री' पहल शुरू की और एक सौ से अधिक मित्र देशों को टीके की आपूर्ति की।



■ भारत अपने साझेदार देशों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध: पटेल

### किसानों से 2225 रुपये कुंतल मक्का खरीदेगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से रबी फसल में पहली बार सीधे मक्का की खरीदने जा रही है। यह खरीद 15 जून से प्रारंभ हो गई है, जो 31 जुलाई तक चलेगी। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि क्रय केंद्रों पर सुबह 9 से शाम छह बजे तक खरीद की जाएगी।

विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत किसानों से मक्का की खरीद 2225 रुपए प्रति कुंतल पर होगी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों औरैया पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मक्का किसानों द्वारा की जा रही मक्का की खेती की जानकारी ली थी और उन्हें आश्वस्त किया था कि सरकार नियमित रूप से उनकी उन्नति व खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना शीर्ष प्राथमिकता: मनोज सिन्हा

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि उन्हें जम्मू-कश्मीर पुलिस के बहादुर जवानों एवं अधिकारियों पर गर्व है और केन्द्र शासित प्रदेश से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना उनके प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

सिन्हा ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर पुलिस के बहादुर जवानों और अधिकारियों पर गर्व महसूस करता हूं। पूरा देश हमारे पुलिस बल की पेशेवर क्षमता, सुरक्षा चुनौतियों का सफल प्रबंधन करने एवं आतंकवाद का कठोरता से मुकाबला करने के लिए इसे सम्मान के साथ देखता है। उप राज्यपाल उधमपुर स्थित शेर-ए-कश्मीर पुलिस अकादमी में पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) और प्रशिक्षु उप निरीक्षकों (पीएसआई) की पासिग आउट परेड कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुशल एवं समन्वित परेड 49 डीएसपी और 1,112 पीएसआई के जीवन में एक नई सुबह का संदेश देती है और मैं उनसे जम्मू-कश्मीर पुलिस के मूल्यों, परंपराओं एवं लोकाचार को बनाए रखने का आह्वान करता हूं। सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के हमारे बहादुर जवानों को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और खुफिया जानकारी, सामुदायिक जुड़ाव, प्रौद्योगिकी एवं अंतर-एजेंसी सहयोग की शक्ति का उपयोग करना चाहिए। उप राज्यपाल ने कहा कि हमारे प्राचीन मूल्य सत्य, न्याय, नैतिकता, कानून एवं सुशासन पर केंद्रित हैं और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा समाज में इनकी रक्षा और इन्हें बनाए रखने की आवश्यकता है।



■ बहादुर जवानों और अधिकारियों पर गर्व महसूस करता हूं



## चौतरफा लिवाली की बदौलत गिरावट से उबरा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर सोमवार को शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 677.55 अंक अर्थात 0.84 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,796.15 अंक और एनएसई का निफ्टी 227.90 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 24946.50 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,105.22 अंक और स्मॉलकैप 0.38 प्रतिशत चढ़कर 53,573.31 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4253 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1976 में तेजी जबकि 2108 में गिरावट रही, वहीं 169 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3021 कंपनियों के शेयरों में से 1483 में लिवाली जबकि 1448 बिकवाली हुई, वहीं 90 में टिकाव रहा।



इज़राइल और ईरान के बीच जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद, बाजार में तेजी देखने को मिली, जिसे प्रमुख रूप से लार्जकैप शेयरों में मजबूती ने सहारा दिया। अनिश्चित माहौल में भी निवेशकों ने दीर्घकालिक बुनियादी कारकों पर भरोसा बनाए रखा। मध्य पश्चिम में जारी तनाव निकट भविष्य में बाजार की धारणा को प्रभावित कर सकता है और किसी भी तरह के तनाव में ढील के संकेतों पर निवेशक करीबी नजर बनाए हुए हैं। स्मॉलकैप शेयरों के प्रदर्शन पर दबाव रहने की संभावना है, जिसका कारण उनके ऊंचे मूल्यांकन और तात्कालिक सकारात्मक कारकों की कमी है। क्षेत्रीय स्तर पर देखें, तो तेल और गैस समूह ने मजबूत लाभ दर्ज किए, जबकि आईटी समूह ने आगामी अमेरिकी फेडरल रिजर्व नीति बैठक की उम्मीद में बेहतर प्रदर्शन किया, जिससे ब्याज दरों की दिशा को लेकर अधिक स्पष्टता मिलने की उम्मीद है। इससे बीएसई के सभी 21 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.95, सीडी 0.53, ऊर्जा 0.99, एफएमसीजी 0.48, वित्तीय सेवाएं 0.80, हेल्थकेयर 0.41, इंडस्ट्रियल्स 0.74, आईटी 1.50, दूरसंचार 0.94, यूटिलिटीज 0.51, ऑटो 0.10, बैंकिग 0.74, कैपिटल गुड्स 0.82, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.05, धातु 0.91, तेल एवं गैस 1.13, पावर 0.62, रियल्टी 0.92, टेक 1.33, सर्विसेज 0.70 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.52 प्रतिशत उछल गए।

### सी-डॉट ने 'समर्थ' के 17 स्टार्टअप को दिया अनुदान


**नई दिल्ली।** सी-डॉट ने 'समर्थ' कार्यक्रम के पहले समूह में चयनित 18 स्टार्टअप को अनुदान दिया है। समर्थ दूरसंचार और आईसीटी क्षेत्र में स्टार्टअप के लिए एक अत्याधुनिक इनक्यूबेशन कार्यक्रम है। इन स्टार्टअप को वित्तीय अनुदान, पूरी तरह से सुसज्जित कार्यालय स्थान और दिल्ली तथा बेंगलुरु परिसरों में सी-डॉट की प्रयोगशाला सुविधाओं तक पहुंच प्रदान की जाती है। कार्यक्रम को शुरू करने के लिए सी-डॉट ने यहां अपने परिसर में 'समर्थ' इनक्यूबेशन कार्यक्रम के पहले समूह के लिए एक मेंटरिग- कम-एक्सेलेरेशन सत्र का आयोजन किया।

## खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में उबाल आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 176 रिंगिट उबलकर 4101 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.73 सेंट की तेजी के साथ 53.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।



गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायल-ईरान...**

ईरानी सेना ने सेंट्रल इजरायल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। पिछले 4 दिनों के दौरान इजरायल में ईरान का यह सबसे बड़ा हमला है। ईरानी हमलों से इजरायल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं। वहीं ईरान पर इजरायल के तीन हमलों में 73 महिलाएं और 20 बच्चे मारे गए हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने यह जानकारी दी है। श्री बाघई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि तेहरान में हाल ही में हुए तीन हमलों में 73 महिलाएं और बच्चे मारे गए। चमरान आवासीय परिसर में 20 बच्चे मारे गए, 48 घंटे बाद भी 10 मलबे में फंसे हुए हैं। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक दिन पहले कहा कि इस्लामिक गणराज्य के क्षेत्र पर इजरायली हमलों की शुरुआत के तीन दिन से भी कम समय में ईरान में लगभग 1,500 लोग घायल हो गए थे, जिनमें से 220 की मौत हो गई थी। केरमानपुर के अनुसार 90 प्रतिशत से अधिक पीड़ित नागरिक थे।

**आतंकवाद के...**

दोनों देशों के बीच गहरी और स्थायी मित्रता की पुष्टि करती है। यह यात्रा न केवल एक साझा इतिहास का जश्न मनाती है, बल्कि एक दूरदर्शी साझीदारी का भी जश्न मनाती है, जो एक संयुक्त रणनीतिक दृष्टि और आपसी विश्वास और सम्मान में निहित है। घोषणापत्र के अनुसार दोनों नेताओं ने साइप्रस और भारत के बीच बढ़ते व्यापक सहयोग और गहराई को रेखांकित करते हुए द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने आर्थिक, तकनीकी और लोगों के बीच संबंधों में हाल की प्रगति का स्वागत किया, जो संबंधों की गतिशील और विकसित प्रकृति को दर्शाती है। अपने मूल्यों, हितों, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण और दृष्टिकोण के बढ़ते संरेखण को स्वीकार करते हुए दोनों पक्षों ने प्रमुख क्षेत्रों में इस साझीदारी को और आगे बढ़ाने के लिए अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। साइप्रस और भारत क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, समृद्धि और स्थिरता में योगदान देने वाले विश्वसनीय और अपरिहार्य भागीदारों के रूप में अपने सहयोग को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। घोषणापत्र में साझा मूल्यों और वैश्विक प्रतिबद्धताओं के बारे में दोनों नेताओं ने शांति, लोकतंत्र, कानून के शासन, प्रभावी बहुपक्षवाद और सतत विकास के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून पर आधारित नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की, जिसमें नौवहन की स्वतंत्रता और संप्रभु समुद्री अधिकारों के संबंध में समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) पर विशेष जोर दिया गया। दोनों नेताओं ने सभी राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने अटूट समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने मध्य पूर्व की स्थिति और यूक्रेन में युद्ध सहित अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। दोनों नेताओं ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में शामिल होने के भारत के मूल्य को मान्यता देते हुए वैश्विक अप्रसार संरचना को बनाए रखने के महत्व पर भी चर्चा की।

## पिता के अपमान पर बेटी ने तानी पेट्रोल पम्प कर्मी पर रिवाल्वर

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के बिलग्राम क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप पर काम करने वाले सेल्समैन के पर एक युवती द्वारा सीने पर रिवाल्वर लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सेल्समैन की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके युवती और उसके पिता को हिरासत में लेकर रिवाल्वर को कब्जे में लिया है और अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

मामला कार में सीएनजी डालने को लेकर तब हुआ, जब सेल्समैन ने कार में बैठे लोगों से कार के बाहर आने को कहा इसी बात को लेकर कार में बैठे लोगों और सेल्समेन के बीच विवाद हुआ जिसके बाद युवती ने विवाद के दौरान सेल्समैन के सीने पर पिस्टल लगा दी। पुलिस ने इस मामले का वीडियो वायरल होने और सेल्समैन की तहरीर पर मामला दर्ज करके विधिक कारवाई करने में जुटी है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि बिलग्राम कोतवाली इलाके के सांडी रोड पर स्थित हाईवे फ्यूल सेंटर का है। रविवार शाम 6 बजे का शाहबाद कोतवाली इलाके के रहने वाले एहसान खान उनकी बेटी सुरीश खान उर्फ अरीबा और पत्नी हुस्नबानो इस पेट्रोल पंप पर सीएनजी डलवाने आए थे। सीएनजी डलवाने के दौरान सेल्समेन रजनीश कुमार ने उनसे गाड़ी से उतरने को कहा, लेकिन जब वह लोग नहीं उतरे, तो उसने उन्हें खतरे से आगाह करते हुए बिना उतरे कार में सीएनजी डालने से मना कर दिया। सेल्समैन के मुताबिक इसी बात को लेकर कार सवार एहसान खान उससे भीड़ गए और अभद्र भाषा में बोलने लगे इसका उसे विरोध किया, तो एहसान खान की बेटी कार से रिवाल्वर उठा लाई और उसने सेल्समैन के सीने पर लगाकर जान से मारने की धमकी दी। पेट्रोल पंप पर मौजूद लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया। युवती द्वारा सेल्समैन के रिवाल्वर लगाने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने सेल्समैन की तहरीर पर एहसान खान उनकी पुत्री और पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज करके पिता पुत्री को हिरासत में लेकर रिवाल्वर बरामद कर ली है पुलिस फिलहाल पूरे मामले में अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

■ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके युवती और उसके पिता को हिरासत में लिया, रिवाल्वर बरामद

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# धामी ने खट्टर से योजनाओं के लिए मांगा सहयोग

## मुख्यमंत्री ने भूमिगत विद्युत लाइन सहित कई योजनाओं पर की चर्चा

■ ऋषिकेश-हरिद्वार क्षेत्र में विद्युत लाइनों को भूमिगत करने और स्वचलित करने का अनुरोध किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर जल-विद्युत परियोजनाओं के विकास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत विशेष सहायता को अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से ऋषिकेश-हरिद्वार क्षेत्र में विद्युत लाइनों को भूमिगत और स्वचालित करने का अनुरोध किया। साथ ही, राज्य के कुमाऊं और अपर यमुना क्षेत्र में जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण हेतु रुपये 4 हजार करोड़ के वाइबिलिटी गैप फंड के लिए आग्रह किया।

### रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम हो हरिद्वार तक

मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि बैंकों, एनबीएफसी और अन्य वित्तीय संस्थानों को इस संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश दिए जाएं ताकि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लाभार्थियों को सरलता से ऋण सुविधा उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) को मोदीपुरम मेरठ मार्ग से आगे हरिद्वार तक विस्तारित करने हेतु अनुरोध किया। इससे न केवल राज्य में यातायात की समस्या हल होगी, बल्कि शहरीकरण और समग्र आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।



### कमजोर आय वर्ग के लिए आवासीय योजना

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री का प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कमजोर आय वर्ग के लिए आवासीय इकाइयों के निर्माण को लेकर वर्तमान दिशानिर्देशों की व्यवहारिक चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत सफलतापूर्वक परियोजनाएं संचालित कर रही है, लेकिन एकमुश्त केंद्रीय अनुदान की व्यवस्था से परियोजनाओं का कैश फ्लो प्रभावित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि सरकारी भूमि पर लागू चरणबद्ध सहायता प्रणाली (जैसे 40:40:20) को निजी भूमि आधारित परियोजनाओं में भी लागू किया जाए।

### 3800 करोड़ की गैप फंडिंग का भी अनुरोध

मुख्यमंत्री ने राज्य के दूरदराज और कठिन भू-भाग में पंप स्टोरेज परियोजनाओं के विकास के लिए रुपये 3800 करोड़ के वायबिलिटी गैप फंड की भी अनुरोध किया, जिससे इन क्षेत्रों में ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाया जा सके और स्थानीय विकास को भी बढ़ावा मिले। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने पावर सिस्टम डेवलप फंड के तहत पिटकुल की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं की डीपीआर की स्वीकृति का आग्रह करते हुए इन दोनों परियोजनाओं को 100 प्रतिशत अनुदान के साथ मंजूरी देने का भी अनुरोध किया। इन परियोजनाओं की लागत रुपये 1007.82 करोड़ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नदियां केवल जलस्रोत ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवनशैली का हिस्सा हैं। 'नदी उत्सव' के माध्यम से आम जन को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

धामी सरकार की यह पहल न केवल मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की ओर भी एक सशक्त प्रयास है।

# त्रिस्तरीय पंचायत: आरक्षण प्रथम चक्र से कराने पर अनुसूचित जाति वर्ग में रोष

■ सरकार पर लगाया संविधान विरोधी निर्णय लेने का आरोप अवरोही चक्रानुक्रम की बहाली की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में आरक्षण को पुनः प्रथम चक्र से शुरू किए जाने के निर्णय पर अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े लोगों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने इसे संविधान के प्रावधानों के विपरीत बताते हुए सरकार से तत्काल इस निर्णय को निरस्त कर पूर्ववत अवरोही चक्रानुक्रम की बहाली की मांग की है।

जारी विज्ञप्ति में अनुसूचित जाति वर्ग के नेताओं ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेदों के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग को राजनी. तिक और सामाजिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इसी के अनुरूप त्रिस्तरीय पंचायतों में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण का निर्धारण चक्रानुक्रम के आधार पर होता आया है।

उन्होंने बताया कि इस बार त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए पांचवां और जिला पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख के लिए छठवां चक्र लागू होना था, जिसके अनुरूप चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों ने अपनी तैयारियां पूरी कर रखी थीं। लेकिन अचानक आरक्षण को पहले चक्र पर ले आने से कई सीटें लगातार आरक्षित हो गई हैं, जबकि कुछ क्षेत्रों को वर्षों तक प्रति. निधित्व का अवसर नहीं मिल पाएगा। प्रतापनगर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बरवाण, विजय शाह, राजेंद्र बोरा, प्रदीप, संजय कुमार, मस्तराम, बलवेंद्र बरवाण आदि ने कहा कि सरकार का यह निर्णय सामाजिक संतुलन को बिगाड़ने वाला है। अनुसूचित जाति वर्ग की उपेक्षा कर आरक्षण की गणना मनमाने तरीके से करना न केवल संवैधानिक प्रावधानों के विरुद्ध है, बल्कि यह लोकतंत्र की जड़ों को भी कमजोर करता है।

# एकल महिला स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन 18 जून से होंगे शुरू

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत 18जून से आवेदन किया जा सकता हैं। बीते माह कैबिनेट की मंजूरी के बाद सोमवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने इस योजना को लांच किया। इसके लिए आवेदन 18 जून से 31 जुलाई तक किया जा सकता है।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कैंप कार्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कहा कि प्रदेश की अविवाहित, परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित और विकलांग एकल महिलाओं को इस योजना की दायरे में लाया गया है।

■ कैबिनेट से मंजूरी के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किया योजना को लॉन्च, पहले वर्ष में कुल 2000 महिलाओं को सहायता देने का लक्ष्य



### एकल महिलाओं के लिए यह महत्वाकांक्षी योजना

महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा ने कहा किप्रदेश की एकल महिलाओं के लिए यह महत्वाकांक्षी योजना है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश सरकार का यह महत्वपूर्ण कदम है। सभी पात्र महिलाएं अपने-अपने जनपदों में विभाग से संपर्क करके इसके लिए आवेदन कर सकती हैं । मेरा निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इसके लिए आवेदन करें ।

रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना में पात्र महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 200000 तक के प्रोजेक्ट स्वीकार किए जाएंगे जिसमें से 75 फीसदी हिस्सा सब्सिडी यानी अनुदान के रूप में रहेगा।

लाभार्थियों को सिर्फ 25 फीसदी हिस्सा ही लगाना होगा। एकल महिलाओं के लिए विशेष योजना तैयार की गई है। बैठक में सचिव चंद्रेश कुमार व निदेशक प्रशांत आर्य आदि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

**देहरादून।** (शाह टाइम्स) राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) डाम कोठी हरिद्वार पहुँचकर कांवड़ यात्रा, कुम्भ मेला तथा जनपद में संचालित विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। राज्यपाल ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा जनपद टिहरी में महिलाओं का एनिमिक सर्वे कराने सहित किये गये विभिन्न कार्यों की प्रशंसा करते हुए निर्देश दिये कि उसी तर्ज पर हरिद्वार हरिद्वार के चहुंमुखी विकास हेतु नवाचार के कार्य किये जायें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी कांवड़ यात्रा तथा कुम्भ मेले के सफल संचालन हेतु कांवड़ यात्रा को प्रोफेशनली डील किया जाये तथा यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था एवं भावनाओं को फोटो एवं वीडियोग्राफ के माध्यम से अंकित किया जाये।

# विकसित उत्तराखण्ड विजन 2047 के लिए कार्यशाला आयोजित

■ वर्तमान की योजना ही नहीं बल्कि भविष्य की पीढ़ी के लिए निवेश: मुख्य सचिव सेतु आयोग के सीईओ शत्रुघ्न सिंह ने एक व्यापक आर्थिक परिप्रेक्ष्य पेश किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन एवं सेतु आयोग के सीईओ शत्रुघ्न सिंह ने विकसित उत्तराखंड विजन 2047 कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रतिभाग किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि विजनिंग अभ्यास सभी सरकारी विभागों के लिए मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए।




उन्होंने कहा कि यह वर्तमान के लिए एक योजना नहीं है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक निवेश है। उन्होंने दीर्घकालिक नीति को आकार देने और लागू करने में सरकारी अधिकारियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेतु आयोग, यूएनडीपी के साथ मिलकर इसके परिभाषित मानदंडों और मापने योग्य परिणामों को महत्त्वपूर्ण ढांचा प्रदान करेगा।

यूएनडीपी के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य वर्ष 2047 तक प्रदेश को विकसित करने के लिए क्रॉस-सेक्टोरल कार्य समूहों द्वारा चिन्हित 218 से अधिक "सिग्नल्स - उभरते संकेतक और रुझान" को संरचना और प्राथमिकता निर्धारित करना था। ये सिग्नल्स जलवायु परिवर्तन, बुनियादी ढांचा विकास, अर्थव्यवस्था और रोजगार, स्थानीय स्व-शासन को सशक्त बनाने, वित्त, सुरक्षा, शांति और न्याय जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करते हैं, जो एक व्यापक और दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

### सेतु आयोग का व्यापक आर्थिक परिप्रेक्ष्य

सेतु आयोग के सीईओ शत्रुघ्न सिंह ने एक व्यापक आर्थिक परिप्रेक्ष्य पेश किया। उन्होंने पूंजी निवेश, वैश्विक तकनीकी अपनाने और समावेशी विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे उत्तराखंड के निम्न-मध्यम आय वाले राज्य से उच्च आय वाले राज्य में परिवर्तन की कुंजी बताया। इस अवसर पर सचिव नियोजन डॉ. श्रीधर बाबू अद्दांकी ने विजनिंग अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों की चर्चाओं को मार्गदर्शन और प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य क्षेत्रों में विभिन्न बेंचमार्क प्रस्तुत किए।

# जनगणना के आंकड़ों की नीति निर्धारण में होगी अहम भूमिका

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा ने राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना जारी होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वागत किया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि, इस संवैधानिक प्रक्रिया के आंकड़ों पर विकसित भारत का निर्माण होगा, जिसमें जातीय गणना से नए इतिहास का सृजन होगा। वहीं विपक्ष से भी अपने सभी दुर्भावों को त्याग इस संवैधानिक प्रक्रिया में सकारात्मक सहयोग की अपील की है।

उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा जनगणना प्रक्रिया को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी करने का स्वागत किया है। अपनी प्रतिक्रिया में इसे देश के विकास और सामाजिक कल्याण की योजनाओं के निर्माण अतिआवश्यक बताया। साथ ही कहा, कोरोना महामारी के चलते इसमें थोड़ा विलंब हुआ है, लेकिन अब इस संवैधानिक प्रक्रिया की शुरुआत से शीघ्र राष्ट्रीय नीति निर्धारण के लिए जरूरी जानकारियां मिलेगी।

■ जनगणना से विकसित भारत निर्माण और जातीय गणना से नए इतिहास का होगा सृजन, कहा -विपक्ष भी अपने दुर्भावों को त्याग कर



उन्होंने कहा कि, देश की तरह उत्तराखंड के लोगों का भी इस महत्वपूर्ण भागीदारी का इंतजार समाप्त हुआ है। हम सभी शुक्रमंद हैं कि पर्वतीय राज्यों की भौगौलिक एवं प्राकृतिक दुश्वारियों को समझते हुए,1 अक्टूबर 2026 तक का समय अलग से निर्धारण किया गया है। उन्होंने आग्रह किया कि प्रथम चरण के बाद जब द्वितीय चरण में इस अभियान से जुड़े स्वयंसेवक और कर्मचारी आपके पास आएं तो खुलकर उनका सहयोग करें। क्योंकि आपके द्वारा दी गई जानकारियां, आंकड़ों में तब्दील होकर प्रदेश के लिए विकास और जनकल्याण की नीतियों के निर्माण में सहायक होंगी। उन्होंने कहा कि , आजादी के बाद पहली बार इस प्रक्रिया में जातीय गणना को शामिल कर देश इतिहास बनाने का रहा है। पूर्व में भी जनता और कार्यपालिका ने इसके पक्ष में राय जाहिर की थी, लेकिन अफसोस राजनैतिक इच्छा शक्ति की कमी और बंटवारे की राजनीति के चलते इसे कभी अमल में नहीं आने दिया। जिन्होंने देश में सबसे अधिक निष्कंटक शासन किया और कभी जाति जनगणना को लेकर कोई गंभीर प्रयास नहीं किया। अफसोस वही लगातार संविधान की किताब जेब में लेकर, जाति आधारित गणना करने की चुनौती देते रहे थे।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने चामासारी में किया विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** प्रदेश के काबीना मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा के खेतवाला गांव में 16 लाख की लागत से बने बहुउददेशीय भवन, नौ हाईमास्ट सोलर लाइट, 25 सोलर लाईट व सीसीटीवी कैमरे का लोकार्पण व सीएसआर के तहत गांव में आठ करोड की लागत से होने वाले विकास कार्यों, जिसमें एक बहुउददेशीय भवन, 250 सोलर लाईट, स्वागत द्वार व सीसीटीवी कैमरा के कार्य का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के काबीना मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि हमारी सरकार, जनता की सरकार जनता के द्वार की नीति से कार्य करती है, जिसके तहत ग्राम सभा चामासारी में तीन सामुदायिक भवन बनाये गये। जिसमें एक का लोकार्पण खेतवाला गांव में किया गया, इस भवन के नीचे तीन और सेट बनाये गये है, जिसमें एक आंगनवाड़ी को दिया गया है।

उन्होंने कहा कि इस भवन का लाभ गरीबों को शादियों व अन्य सामाजिक कार्य करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले इस गांव में सड़के नहीं थी व विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद गांव में करोड़ों के विकास कार्य किए गये, गांव तक सडक पहुंचायी, व बार्लोगज चामा. सारी सडक जो वर्ष 2004 से रूकी थी, उसका निर्माण कार्य शुरू करवाया। उन्होंने कहा कि चामासारी ग्राम सभा को आर्दश ग्राम सभा बनायेंगे, इसका संकल्प लिया है।

इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, सुभाष मेलवान, मुकेश, गजिरा देवी, राखी, रिंकी, अमित पंवार, मंजीत रावत, राजी रमोला व विनोद मौजूद रहे।

# टॉपर्स छात्र बनेंगे डीएम व एसएसपी, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

## हाई स्कूल व इंटर के टॉपर्स को मिलेगा विशेष सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रदेश के प्रत्येक जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी टॉपर्स को एक दिन के लिए सांकेतिक जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) की भूमिका दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने टॉपर्स छात्रों को ये सम्मान देने के निर्देश दिए हैं। इस प्रेरणादायी कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी छात्रों को प्रशासनिक अनुभव देना, उनमें आत्मविश्वास जगाना और उच्च लक्ष्य की ओर प्रेरित करना है। यह योजना जल्द ही जिलों में लागू की जाएगी और इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

■ प्रदेश की प्रमुख नदियों पर होंगे 'नदी उत्सव': मुख्यमंत्री
■ शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में धामी की अभिनव पहल
■ मुख्यमंत्री धामी ने अफसरों को दिए दो महत्वपूर्ण निर्देश



इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 'नदी उत्सव' आयोजित करने के निर्देश भी दिए हैं। राज्य की प्रमुख नदियों के नाम पर यह उत्सव जनसहभागिता के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे।

इस आयोजन का उद्देश्य नदियों की सफाई, स्वच्छता, पुनर्जीवन और संरक्षण को जन अभियान का रूप देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नदियां केवल जलस्रोत ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवनशैली का हिस्सा हैं। 'नदी उत्सव' के माध्यम से आम जन को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

धामी सरकार की यह पहल न केवल मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की ओर भी एक सशक्त प्रयास है।

# सरकार की पारदर्शी नीति से राजस्व 4 गुना बढ़ा : चौहान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने भ्रष्टाचार, खनन तथा टेंडर मामलों मे कांग्रेस के आरोपों पर कड़ा पलटवार किया है ।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता विपक्ष का धर्म भूलकर विकास की चर्चा के बजाय दुष्प्रचार मे जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि खनन पर आरोप की राजनीति करने वाले कांग्रेसी नेताओं को यह आंकलन अवश्य करना चाहिए कि पूर्व में राजस्व क्यों नही बढ़ा। सरकार के सरंक्षण मे चोरी हुई, लेकिन धामी सरकार की पारदर्शी नीति के चलते आज खनन से राजस्व 4 गुना बढ़ गया है। अब चोरी नही, बल्कि संसाधनों का नियम के तहत शत प्रतिशत दोहन हो रहा है।

चौहान ने कहा कि हरिद्वार रोप वे का टेंडर हुआ ही नही, लेकिन कांग्रेस इसे घोटाले के रूप मे प्रचारित कर रही है और यही उसकी अति सक्रियता है। हालांकि टेंडर के लिए शुरुआती दौर मे सभी औपचारिकताएं नियमानुसार अमल मे लायी गयी। उन्होंने कहा कि टीडीसी मे परिसंपत्तियों की नीलामी विधिक और पारदर्शी रूप से हुई है।

# सड़क की बदहाली को लेकर वरुणाघाटी के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



■ 15 दिनों में डामरीकरण के आश्वासन देने तक अडे रहे ग्रामीण

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** वरुणाघाटी के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने सड़क की बदहाली को लेकर जिला मुख्यालय में ढोल-नगाड़े के साथ जमकर प्रदर्शन किया। बाद में अपर जिलाधिकारी पीएल शाह को ज्ञापन प्रेषित कर 15 दिन के आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया है।

सोमवार को वरुणाघाटी के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने अपनी सड़क की बदहाली को लेकर जलसैलाब जिला मुख्यालय की सड़कों पर उतर पड़ा।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ ज्ञानसू लेकर कलक्ट्रेट डीएम कार्यालय तक उग्र जनाक्रोश रैली निकाली। कहा पीएमजीएसवाई की लापरवाही के कारण सड़क की बदहाली बनी हुई है। ग्रामीणों ने जल्द बदहाल सड़क पर डामरीकरण नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञानसू-साल्ड-उपरीकोट मोटर मार्ग बीते दस वर्षों से पीएमजीएसवाई विभाग की लापरवाही से बदहाल पड़ा है। सड़क पर डामरीकरण नहीं होने से यह मार्ग दर्जनों गांव के ग्रामीणों की आवाजाही के लिए जोखिम भरा बना है। सोमवार को वरुणाघाटी के दर्जनों गांव के ग्रामीण ज्ञानसू में एकत्रित हुए।

गुस्साए ग्रामीणों का कहना है कि पीएजीएसवाई के अधिकारियों की लापरवाही से दस सालों से वरुणाघाटी की लाइफ-लाइन कहे जाने वाली सड़क बदहाल पड़ी है। सड़क के लिए 17 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं, लेकिन विभाग सड़क की निविदा को बार-बार टाल रहा है। जिस कारण सड़क सालों से बदहाली का दंश झेल रही है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क पर जगह जगह गद्दे उभरने से वाहनों की आवाजाही के लिए जोखिम भरी बनी है। ग्रामीण सड़क से जान हथेली पर रख कर आवाजाही कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों को पीएमजेएसवाई के अधिशासी अभियंता ने 15 दिनों का आश्वासन दिया। इस मौके पर कुलदीप नेगी, योगेन्द्र बिष्ट विनोद नेगी, मानेंद्र राणा, आंनद सिंह पंवार, विपिन नेगी, मनीष पंवार, खुशाल राणा, समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे है।

# सुचारू रूप से हो रहा चारधाम यात्रा का संचालन

■ मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर डीएम लगातार कर रहे समीक्षा, सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम जाने वाले पैदल मार्ग पर भी सुचारू आवागमन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। श्रद्धालुओं द्वारा चारों धामों केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के नियमित दर्शन किए जा रहे है। बरसात के मौसम के दृष्टिगत यात्रा मार्गों पर संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई है, पैदल यात्रा मार्गों पर भी श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से हर संभव प्रयास किए गए हैं। चारधाम यात्रा मार्गों से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है।



रविवार यानी 15 जून को जंगल चट्टी के निकट निरंतर हो रही भारी वर्षा के कारण गधेरे में अचानक मलबा एवं पत्थरों के आने से केदारनाथ धाम को जाने वाला पैदल मार्ग आंशिक रूप से बाधित हो गया था।

सुरक्षा की दृष्टि से यात्रा को कुछ समय के लिए अस्थाई रूप से स्थगित किया गया था। प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से देर सायंकाल में कार्यदायी संस्थाओं के स्तर से पैदल यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर आया मलबा पत्थर इत्यादि को हटाने एवं मार्ग को सुचारू करने का कार्य तत्परता से किया गया।

आज प्रात:काल से मौसम के अनुकूल होने पर जनपद में केदारनाथ धाम यात्रा सुचारू करने हेतु मार्ग पूर्ण रूप से साफ कर दिया गया है तथा केदारनाथ धाम की यात्रा पुन: सामान्य रूप से संचालित हो रही है। जिला प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि श्री केदारनाथ धाम यात्रा पर आ रहे सभी श्रद्धालु मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही अपनी यात्रा पर आएं।

### मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

उत्तराखंड मौसम विभाग द्वारा सोमवार सहित आगामी दिवसों के लिए भी बारिश की सम्भावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अकस्मात होने वाली तेज बारिश के कारण पैदल मार्ग में भूस्खलन होने या ऊपर पहाड़ी से पत्थर या मलबा गिरने की सम्भावना बनी रहती है। जिला प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि श्री केदारनाथ धाम यात्रा पर आ रहे सभी श्रद्धालु मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही अपनी यात्रा पर आएं। मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए यात्रा को अद्यतन जानकारी प्राप्त करते रहें।

# यूसीसी प्रोत्साहन योजना में जिले के पांच सीएससी किए जाएंगे पुरस्कृत

**गोपेश्वर।** डीएम संदीप तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को समान नागरिक संहिता की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में यूसीसी पंजीकरण की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आवे. दनों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान जानकारी दी की यूसीसी पंजीकरण के त्वरित निस्तारण के लिए शासन की ओर से राज्य में सीएससी के लिए जनपदवार प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। जिसके तहत दो चक्र में योजना का संचालन किया जाएगा। इस दौरान सभी सब रजिस्ट्रार व अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने अधिकारियों की पीठ थपथपाई

## गुरूद्वारा ननकाना साहिब में मत्था टेककर की राज्य की सुख समृद्धि की कामना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** राज्यपाल सेनि. लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह अपने निर्धारित कार्यक्रमानुसार काशीपुर पहुँचे। यहां उन्होंने गुरुद्वारा नानक. ाना साहिब में मत्था टेक कर प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत राज्यपाल ने काशीपुर मंडी अतिथि गृह में अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों व भारत सरकार की विकास परक योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने बेस्ट इलेक्शन इलेक्ट्रोल प्रेक्टिसस के लिए मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। बैठक में जिला. धिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने




बताया कि जनपद ऊधम सिंह नगर बीस सूत्रीय कार्यक्रम में गत वित्तीय वर्ष प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा, जिस पर महामहिम राज्यपाल ने जिला प्रशासन की टीम को बधाई दी। जिलाधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारियां दी। जिलाधिकारी ने भारत सरकार की जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन में 94 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 6 प्रतिशत कार्य अंतिम चरण में है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जल संयोजन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में गिर रहे भू-जल स्तर को देखते हुए ग्रीष्म कालीन धान की खेती पर रोक लगाई गई है ताकि भू-जल स्तर को संरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा जनपद में सरकारी जमीनों में अतिक्रमण को चिन्हित कर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही ड्रग्स व साइबर अपराध पर रोक लगाने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है। कई साइबर फ्रॉड व ड्रग्स अपराधियों को अभियान चलाकर जेल की सलाखों में डाला गया है। इसके अलावा उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी राज्यपाल को दी। राज्यपाल ने रूद्रपुर में लिगेसी वेस्ट निस्तारण कार्य की सराहना की साथ ही उन्होंने 05 योजनाओं की सफलता की कहानी उपलब्ध कराने व प्रधानमंत्री फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन लिखित विवरण देने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी को दिये। कार्यक्रम में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी सिंह, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, एसपी अभय सिंह, गुरूद्वारा में बाबा सुरेन्द्र सिंह, बाबा गुरजन्त सिंह, बाबा हरि सिंह, बाबा लाखन सिंह व खालसा फांउडेशन सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

## भगवान श्री चंद अध्ययन केंद्र का शुभारंभ

**काशीपुर।** देवभूमि विचार मंच उत्तराखंड द्वारा संचालित भगवान श्री चंद अध्ययन केंद्र का शुभारंभ चैती चौराहे पर स्थित उदासीन अखाड़ा श्री चंद मंदिर में उदासीन अखाड़ा प्रमुख संत गुरु उपदेश सिंह जी महाराज तथा प्रज्ञा प्रवाह उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के क्षेत्र संयोजन भगवती प्रसाद राघव द्वारा दीप प्रज्वलन तथा पुष्पर्चन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर देवभूमि विचार मंच के कुमाऊं संयोजक प्रोफेसर महिपाल सिंह ने प्रस्तावना के रूप में देवभूमि विचार मंच के इस अध्ययन केंद्र के विषय में लक्ष्य एवं अपेक्षाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवती प्रसाद राघव ने उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड में संचालित अध्ययन केन्द्रों एवं शोध कार्यों के विषय में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से संतोष कुमार, डॉ. आकाश मिश्रा, रुद्रपुर महाविद्यालय से डॉ. वसुंधरा उपाध्याय, धामपुर महाविद्यालय से डॉक्टर भारती, आईआईटी रुड़की से भृगु कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर...

### पंतनगर को भूलना नामुमकिन: पूर्व छात्र

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में आयोजित एलुमनी मीट में वर्ष 1997, 1998, 1999, 2000, 2001 और 2007 बैच के लगभग 40 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय में बिताए पुराने दिनों को फिर से याद करके बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर डा. एएस जीना और डा. अनिल कुमार से मुलाकात की और उन्होंने पूर्व छात्रों को संबोधित किया, जिसमें 4ए (पूर्व छात्रों के लिए बने संगठन) में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय के साथ जुड़े रहने के तरीकों पर चर्चा की। इस आयोजन का उद्देश्य पूर्व छात्रों के साथ संबंधों को मजबूत करना और महाविद्यालय के विकास में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस एलुमनी मीट के सफल आयोजन में पंतनगर से डा. रुचि गंगवार, डा. रेनू पांडेय, डा. अमित केसरवानी, डा. रश्मि तिवारी, डा. उषा पंत, डा. विनीता राठौर एवं पूर्व छात्रों में उत्तम सिंह नेगी, जितेंद्र सकलानी और हिमांशु उप्रेती ने अहम योगदान दिया। सभी पूर्व छात्रों ने कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डा. सुभाष चंद्र एवं कॉलेज प्रबंधन का विशेष आभार भी जताया।

### अपात स्थिति में चिकित्सा की दी जानकारी

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज में भारतीय रेडक्रास सोसायटी काशीपुर शाखा इकाई के तत्वावधान में आयोजित प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के तहत तीस प्रशिक्षणार्थियों ने फर्स्ट ऐड के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण देने आए प्रवक्ता फर्स्ट ऐड विमल कुमार ने स्वास्थ्य, सेवा और मैत्री भाव हृदय में लिए प्रशिक्षणार्थियों को हृदय फेफड़ों को पुनर्जीवित के तहत सीपी आर देना समेत प्राथमिक चिकित्सा संबंधी विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान और प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। सोसाइटी सचिव अरुण पंत व सोसाइटी चेयरमैन गुरनाम सिंह गामा ने भी जानकारी दी। इस दौरान सरोज ठाकुर, विकास शर्मा, कौशलेश गुप्ता, डॉ. अकील अहमद, डॉ. जेड ए रहमान, डॉ. जगदीश राना, गौरव रस्तोगी, डॉ. वीएस गोला, डॉ. अमरीक सिंह, डॉ. आनंद कुमार यादव, डॉ. चन्द्रशेखर, मौ आरिफ, प्रदीप कुमार शर्मा, डॉ. शहजाद, अनीता पंत, नीता पंत, मौ जावेद, रवि यादव, मौ इमरान चौधरी, ललित मोहन तिवारी समेत प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### युवती के साथ छेड़छाड़ व मारपीट, मुकदमा

**काशीपुर।** फार्म हाउस पर पानी भरने गई युवती के साथ कुछ युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पहुंचे भाई व उसके दोस्त के साथ आरोपियों ने जमकर मारपीट की। मारपीट में युवती के भाई का दोस्त गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि बीती 12 जून को उसकी बहन अपनी सहेलियों के साथ एक फार्म हाउस पर पानी भरने गई थी। इस दौरान वहां मौजूद अमित सिंह पुत्र कुलदीप सिंह व मोनू ने उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ की। बहन ने यह बात उसे बताई। तब वह अपने दोस्तों संग फार्म हाउस पहुंचा। जहां उसने अमित और मोनू से बहन के साथ छेड़छाड़ का विरोध किया। तब वह वहां से चले गए। इसके एक घंटे बाद अमित और मोनू अपने कई दोस्तों के साथ वापस आए और उनके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अमित और मोनू के अन्य अज्ञात दोस्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसएसआई अनिल जोशी ने बताया कि दो नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### 258 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**बागेश्वर।** जिले को नशामुक्त बनाने की मुहिम में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 258 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद अल्मोड़ा जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए कोतवाली पुलिस चेकिंग पर थी। रविवार की शाम पुलिस ने जोध सिंह पांडा पुत्र पुष्कर सिंह निवासी ग्राम लाहुर को 258 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कोतवाली में धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस टीम में प्रभारी कोतवाल कैलाश नेगी, एसआई प्रदीप सिंह, का. सुरेश चंद्र, का. नरेंद्र गोस्वामी आदि शामिल थे।

### जनता दरबार में 29 शिकायतें दर्ज, एडीएम ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील सभागार में जनता दरबार आयोजित हुआ। दरबार में जिले भर से आए लोगों की सड़क, बिजली, पेयजल, पेंशन, भूमि विवाद, बीएसएनएल सेवाएं व वृक्ष कटान जैसी कुल 29 शिकायतें दर्ज की गईं। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए और कोई भी शिकायत बार-बार न आए। उन्होंने पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्ध समाधान पर जोर देते हुए कहा कि जनता दरबार शासन और जनता के बीच सेतु है। जनता दरबार में जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, एसडीएम मोनिका, ईई लोनिवि संजय पांडे, जल संस्थान, जल निगम, सिंचाई, समाज कल्याण और पर्यटन विभाग सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम ने सरकारी अस्पताल का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सरकारी अस्पताल की पार्किंग और परिसर में होने वाले जलभराव से एक पखवाड़े बाद निजात मिलने की उम्मीद है। यह बात निरीक्षण के लिए पहुंचे एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने कही है। एसडीएम ने सीएमएस डॉ. राजीव कुमार गांधी के साथ एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय के ऑक्सीजन प्लांट का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में बनाए गए ऑक्सीजन प्लांट को चालू करवाकर देखा जो ठीक मिला। एसडीएम ने बताया कि डीएम के निर्देश पर ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया गया है। अस्पताल के 95 बेड पर ऑक्सीजन की सप्लाई होती मिली है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 115 जंबो ऑक्सीजन सिलिंडर है। टाइप बी के 95 सिलिंडर है। चार बेड का आईसीयू वार्ड बना हुआ है। इसमें एक बेड का मॉनीटर खराब मिला जिसके बारे में सीएमएस के माध्यम से सीएमओ को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोविड के केस बढ़ रहे हैं इसलिए एहतियात के तौर पर अस्पताल में व्यवस्था जांची जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल गेट, परिसर व पार्किंग स्थल पर जलभराव होता है। यह हिस्सा सड़क से काफी नीचे है। इसके लिए सीएसआर या अन्य माध्यम से भरान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पानी की निकासी की समस्या का 15-20 दिनों में समाधान हो जाएगा।

# युवाओं ने दिए नवाचारी समाधान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय में एसएएसवाइएम फाउंडेशन और यूनिवर्सिटी लिटरेरी टीम के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय युवा जलवायु सम्मेलन 'विचार 25' का सफल आयोजन हुआ। सम्मेलन में देशभर से छात्रों,



शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. अमित केसरवानी ने किया और जलवायु नवाचार पर बल दिया। डा. एएस जीना ने जलवायु संकट पर चिंता जताई, वहीं डा. एसपीएस बेनीवाल ने पारंपरिक कृषि पद्धतियों की पुनर्स्थापना का सुझाव दिया। डा. सलिल तिवारी और डा. जाबा जगदीश ने पर्यावरणीय खतरों और लचीली फसल किस्मों पर चर्चा की। मनोज वार्ष्णेय ने शहरीकरण और बाढ़ के जोखिमों पर प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल में डा. अंजू पाल, डा. श्वेता उनियाल और डा. अमित केसरवानी शामिल रहे। शीर्ष प्रस्तुतकर्ताओं में आयुषी जोशी, यश पांडे, डा. अमित अनिल शाहने, रितिका बरगली, ऐशना श्रीवास्तव और पद्मिनी जोशी को सम्मानित किया गया, जबकि अनामिका शर्मा को सर्वश्रेष्ठ जलवायु शोधकर्ता चुना गया। संस्थान के सीईओ ध्रुव सचदेवा ने युवाओं को जलवायु समाधान में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया।

# विद्यावती का ड्यूल डॉक्ट्रेट प्रोग्राम में चयन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय की पीएचडी शोधार्थी विद्यावती को ऑस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्व.

■ऑस्ट्रेलिया में करेंगी अध्ययन व अनुसंधान



विद्यालय के साथ संयुक्त रूप से संचालित ड्यूल डॉक्टरेट प्रोग्राम के लिए चुना गया है। वह इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में पंतनगर से चयनित दूसरी शोधार्थी हैं। विद्यावती वर्तमान में डा. आरएस जादौन के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं।

वह अयोध्या के अंबेडकर नगर की मूल निवासी हैं और वर्तमान में मटकोटा फार्म, पंतनगर में रहती हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने निदेशक, गुरुजनों, परिवार, पति गोपाल जायसवाल तथा भाइयों संतोष और विकास को दिया है। ड्यूल डिग्री प्रोग्राम के तहत विद्यावती को पंतनगर विश्वविद्यालय और वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय दोनों से डॉक्टरेट डिग्री मिलेगी। वह लगभग एक वर्ष तक ऑस्ट्रेलिया में अध्ययन और अनुसंधान करेंगी। इस दौरान उन्हें 33,512 ऑस्ट्रेलियन डॉलर की वार्षिक छात्रवृत्ति और शोध हेतु अतिरिक्त वित्तीय सहयोग मिलेगा। विद्यावती ने बीबीए की पढ़ाई वीएमयू लखनऊ और एमबीए डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ से पूरी की है। पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, डा. एचजे शिवा प्रसाद और महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने विद्यावती को बधाई दी।

# आरक्षण नीति पर भड़की कांग्रेस

■डा. गणेश उपाध्याय बोले- आरक्षण प्रक्रिया के उल्लंघन से सामाजिक प्रतिनिधित्व पर पड़ा असर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों से पूर्व भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई आरक्षण व्यवस्था पर कांग्रेस ने तीखी आपत्ति जताते हुए इसे लोकतंत्र और सामा. जिक न्याय के खिलाफ करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्तमान आरक्षण प्रणाली ने सैकड़ों सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं की उम्मीदों को तोड़ दिया है, जो अपनी पंचायतों में विभिन्न पदों पर प्रतिनिधित्व का सपना देख रहे थे। डा. उपाध्याय ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पंचायतों में आरक्षण रोटेशन प्रणाली को दरा.



कनार कर नियमों की मनमानी व्याख्या करते हुए विभिन्न वर्गों के अधिकारों का हनन किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में कांग्रेस सरकार ने पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन कर हर पांच वर्ष में आरक्षण के रोटेशन का प्रावधान लागू किया था, जिससे हर वर्ग महिला, पुरुष, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को समुचित प्रतिनिधित्व मिल सके। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के आधार पर ओबीसी वर्ग को पंचायतों में आरक्षण दिया जाना था, जिसके लिए वर्मा आयोग की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए आरक्षण निर्धारण प्रथम चरण में किया जाना चाहिए था। लेकिन सरकार ने 2019 के पंचायत चुनाव के बाद द्वितीय चरण में रोटेशन प्रक्रिया अपनाने के बजाय संपूर्ण आरक्षण व्यवस्था को शून्य कर दिया, जिससे कई सीटें बार-बार एक ही वर्ग या सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित हो गई हैं। डा. उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार की यह नीति आरक्षण के मूल सिद्धांतों समावेशिता और समता ख्र के विपरीत है। उन्होंने मांग की कि सरकार तत्काल आरक्षण रोटेशन नीति को पूर्ववर्ती प्रारूप में लागू करे ताकि पंचायतों में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिल सके और लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत हो।

# श्री अन्न को बढ़ावा देने पर सेना से करार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर और भारतीय थल सेना (उत्तर भारत एरिया) के बीच मिलेट्स (श्री अन्न) को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर थल सेना




की ओर से लेफ्टिनेंट जनरल अनिन्द्य सेन गुप्ता, लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा, ब्रिगेडियर विक्रमजीत सिंह और अन्य अधिका. रियों ने विश्वविद्यालय का दौरा किया और कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में वैज्ञानिकों के साथ बैठक की। बैठक में कुलपति ने मिलेट्स की पोषणीयता और कृषि महत्त्व पर प्रकाश डाला तथा सेना को हरसंभव तकनीकी सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने सेना के शेफ कैडर को प्रशिक्षण देने और मिलेट्स को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। साथ ही सेना की आवश्यकताओं के अनुसार तकनीक विकसित कर सपोर्ट देने पर भी चर्चा हुई। सेना प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय द्वारा तैयार मंडुआ लस्सी, आइसक्रीम, खीर, नमकीन आदि व्यंजनों की सराहना की और शीघ्र ही जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की बात कही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई वैज्ञानिकों ने भी तकनीकी जानकारी साझा की।

# एसी दफ्तर में बैठकर नहीं, सड़क पर उतर आईजी ने संभाली मेले की कमान

## सकुशल मेले को सम्पन्न करा सीएम को दिया रिटर्न गिफ्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हर वर्ष जनपद नैनीताल के भवाली में स्थित श्री नीब करौली बाबा के यहां स्थापना दिवस पर बेहद ही भव्य आयोजन किया जाता है। पूरे देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में जहां भी बाबा के भक्त रहते हैं वो इस दिन जरूर कैंची मेले में महाराज जी के दर्शन करने आते हैं। इसी के चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर मेले को भव्य बनाने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार कोई असुविधा न हो उसके आदेश दिया था। सूबे के सीएम के निर्देशों को हर हाल में ज़मीन में उतार उनको सफल करने के लिए कुमाऊँ रेंज की आईजी रिधिम अग्रवाल ने एक चैलेंज की



तरह लेते हुए खुद ग्राउंड में उतर न सिर्फ मोर्चा संभाला बल्कि हर एक पहलू पर वर्कआउट कर मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए एक अभेद सुरक्षा कवच का भी इंतज़ाम किया। सुरक्षा का आलम ऐसा था कि पूरे रास्ते में किसी प्रकार की कोई अवस्था नहीं हुई और एक भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। जिन श्रद्धालुओं को भारी जाम में फस परेशानियों का सामना करना पड़ता था, छोटे छोटे बच्चों का बुरा हाल हो जाता था, लेकिन इस बार आईजी रिधिम अग्रवाल ने ऐसा खाका तैयार किया कि भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए और किसी को भी जाम का सामना नहीं करना पड़ा। सोचने वाली बात है कि सड़कें भी वहीं, जगह भी वही, संख्या में दर्शन करने वाले पहले से और भी ज्यादा लेकिन फिर भी किसी को न जाम मिला ना कोई परेशानी हुई। ये सब तभी हो सकता है जब जिम्मेदार अधिकारी अपने कार्य को पूरी ईमानदारी और गंभीरता से पूरा करते हैं। आज पूरे प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश विदेश से आए लाखों लोग सूबे की सरकार और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते दिखाई दे रहे हैं। जो भरोसा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईपीएस रिधिम अग्रवाल पर दिखाया था आज उस भरोसे पर आईजी रिधिम अग्रवाल न सिर्फ खरी उतरीं बल्कि सरकार की छवि को लोगों में बेहद मज़बूत करने का भी काम किया है।

### श्रद्धालु जमकर कर रहे सरकार-खाकी की प्रसंशा

जिस तरह की तैयारी पुलिस प्रशासन द्वारा की गई और बाबा के दर्शन करने को आए सैकड़ों भक्तों की दर्शन यात्रा को बेहद ही सुगम बना इतिहास रचने का काम किया है। सोशल मीडिया में बाबा के भक्तों द्वारा सरकार के इंतज़ामों और पुलिस प्रशासन की जमकर तारीफ की जा रही है।

### ग्राउंड जीरों पर जाकर संभाला मोर्चा

पहली बार लोगो को देखने को मिला, जब रेंज की कमान संभालने वाला अधिकारी खुद अपना दफ्तर छोड़ सड़कों पर दौरा करते दिखाई दिया। आईजी रिधिम अग्रवाल ने मेले को बेहद ही शानदार और भव्य बनाने के लिए अपना ऑफिस छोड़ ग्राउंड जीरो पर न सिर्फ मोर्चा संभाला बल्कि लगातार अधिकारियों के साथ बैठकर निर्देश भी जारी किए। आई जी रिधिम अग्रवाल इस हद तक ऐक्टिव दिखाई दी इस मेले को विघ्न रहित बनाने में की 14 जून की देर रात्रि करीब दो बजे तक श्री कैंची धाम में अधिकारियों के साथ बैठक करती दिखाई तथा व्यवस्था को परखा। आईजी इतना मुस्तैद देख आवाम बेहद उत्साहित दिखाई दी।

### इतिहास में पहली बार नहीं लगा जाम

ये हम सबको पता है की श्री कैंची मेले में लगने वाले मेले के दौरान सड़कों में भारी जाम के माहौल से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। लेकिन इतिहास में पहेली बार ऐसा हुआ कि मेले के दौरान किसी भी बाबा के भक्त को किसी प्रकार के जाम से नहीं जूझना पड़ा और बेहद ही आसान तरीके से सबने श्री नीब करौली बाबा के दर्शन कर आनंद उठाया।

# काशीपुर को आधुनिक व सुंदर बनाएंगे: बाली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने कहा है कि अपने लिए गए संकल्पों के तहत वे काशीपुर को आधुनिक

■मेयर बोले-शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी

और सुंदर व स्वच्छ शहर बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। जहां तक सफाई का सवाल है उसके लिए युद्ध स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। महापौर दीपक बाली ने आज यहां नगर निगम सभागार में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और सभी पार्षदों के साथ मिलकर प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मैं जिस दिन राजनीति में आया था उसी दिन मैंने संकल्प लिया था कि




शहर की कायाकल्प करने में कोई कमी नहीं छोडूंगा। काशीपुर के प्रति विशेष स्नेह रखने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काशीपुर को बेहतर बनाने में अपना पूरा सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं और उन्हीं के नेतृत्व में मैं दिन-रात विकास कार्यों में जुटा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि जिस महान जनता ने मुझे कुर्सी पर बैठाया है, उससे मेरा विनम्र निवे. दन है कि वह मुझे विकास करने में अपना पूरा स्नेह और समर्थन दे क्योंकि जनता के सहयोग के बगैर कुछ नहीं हो सकता। महापौर ने आस्वस्त किया कि सफाई के लिए हमारे पास पूरे संसाधन उपलब्ध होने जा रहे हैं और शहर को कहीं भी गंदा नहीं रहने देंगे, शासन से 30 कूड़ा निस्तारण वाहन अगस्त माह तक मिलने जा रहे हैं। हर वार्ड में गाड़ी पहुंचेगी। बरसात को देखते हुए जल भराव ना हो इसके लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। महापौर ने कहा कि मेरा वायदा है कि काशीपुर जल भराव की समस्या से पूरी तरह मुक्त होगा जिसके लिए ड्रेनेज सिस्टम तैयार हो रहा है। माहापौर ने बताया कि निर्णय लिया गया है कि मुख्य बाजार और रतन सिनेमा रोड, माता मंदिर रोड तथा नई सब्जी मंडी से लेकर बांसफोड़ान पुलिस चौकी तक की सफाई रोजाना रात में कर दी जाएगी। वही विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि बाली जी ने चुनाव के दौरान विकास के जो वायदे किए थे उन्हें वह पूरा कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में पार्षद पुष्कर बिष्ट, अंजना आर्य, दीपा पाठक, रवि प्रजापति, सरफरोज सैफी, राशिद फारुकी, वैशाली गुप्ता, अनूप सिंह, अभिषेक वर्धन, प्रिंस बाली, अनीता कंबोज, संदीप सिंह उर्फ मोनू, सीमा सागर, मयंक मेहता, अशोक सैनी, विजय बॉबी, मोहम्मद शरीफ चौधरी, मनोज जग्गा, समरपाल सिंह, पार्षद पति प्रकाश नेगी, घनश्याम सैनी, इरफान गुड्डू, मोहम्मद सादिक आदि मौजूद रहे।

# नवनीत सेना में लेफ्टिनेंट बने



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर के ग्राम खाकर निवासी नवनीत जोशी ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने माता पिता के साथ जिले व गांव का नाम रोशन किया है। नवनीत ने ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) चेन्नई से पासआउट होकर लेफ्टिनेंट पद प्राप्त किया।

वर्तमान में कर्नाटक खोला अल्मोड़ा के निवासी नवनीत ने हाईस्कूल वीरशिवा एवं इंटरमीडिएट केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा से किया। इसके पश्चात उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) परीक्षा उत्तीर्ण की और देशभर में आयोजित पीएसबी आउट परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सेना में चयनित हुए। नवनीत के पिता भुवन चंद्र जोशी पावर कार्पोरेशन बागेश्वर में कार्यरत हैं, जबकि माता सुनीता जोशी एक गृहिणी हैं। माता-पिता के साथ-साथ पूरे परिवार की मेहनत और प्रेरणा के बल पर नवनीत ने यह मुकाम हासिल किया। नवनीत की देश सेवा के प्रति रुचि बचपन से ही थी। उनके सेना में अधिकारी बनने पर उनके गांव में मिठाई बांटी गई।

# आयुष मेले में लिया स्वास्थ्य लाभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2025) के पूर्व कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार की सुबह ब्लॉक सभागार

■योग एवं आयुर्वेद के संगम से स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ा बागेश्वर

बागेश्वर में आयुर्वेद विभाग द्वारा एक वृहद आयुष मेले का आयोजन किया गया।

आयुष मेले में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा जनजागरूकता एवं उपचार संबंधी विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनमें आयुर्वेदिक औषधियों की जानकारी, होम्योपैथिक परामर्श, यूनानी चिकित्सा, पोषण परामर्श, जीवनशैली सुधार, योग आसनों का प्रदर्शन, औषधीय पौधों का वितरण, और जनस्वास्थ्य जागरूकता संबंधी सामग्री प्रदर्शित की गई। स्टॉलों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और उन्होंने विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद कर अपने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए।

मेले में पंचकर्म चिकित्सा, स्त्री रोग चिकित्सा, बाल रोग चिकित्सा, जलौका द्वारा रक्तमोक्षण, क्षार सूत्र चिकित्सा, मर्म चिकित्सा, रक्त परीक्षण, योग परामर्श, जड़ी-बूटी प्रदर्शनी, एवं जीवनशैली रोगों के नियंत्रण हेतु आयुर्वेदिक परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों को व्यक्तिगत परामर्श एवं उपचार भी प्रदान किया गया। इस मौके पर दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट कहा कि योग और आयुर्वेद अब केवल पारंपरिक विधाएं नहीं रही, बल्कि इनके वैज्ञानिक प्रमाण सामने आने के बाद पूरी दुनिया एक बार फिर इन प्राचीन पद्धतियों की ओर लौट रही है। उन्होंने योग को अपनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का आह्वान किया। उसी क्रम में जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमा. रियां आम होती जा रही हैं, जिनसे बचाव एवं प्रबंधन के लिए योग और आयुर्वेद अत्यंत प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से नियमित योग अभ्यास करने तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने की अपील की। साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ऐसे मेलों का आयोजन ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर भी नियमित रूप से किया जाए। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गाड़िया, विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास, खंड विकास अधिक. ारी आलोक भंडारी, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. निष्ठा कोहली, डा. एजल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# रसूखदारों के अवैध कब्जे पर हाईकोर्ट सख्त

## उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से अतिक्रमण चिन्हित कर रिपोर्ट पेश करने को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हरिद्वार जिले में लक्सर तहसील ग्राम दाबकी कला में तालाब व गांव की बेशकीमती भूमि में रसूखदारों

**■हरिद्वार के लक्सर में बेशकीमती ज़मीन पर कब्जे का मामला**



द्वारा किए गए कब्जे को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि अतिक्रमण को चिन्हित कर उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। मामले की अगली सुनवाई हेतु तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार ग्राम दाबकी कला तहसील लक्सर जिला हरिद्वार निवासी राकेश कुमार ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके गांव दाबकी कला ग्राम सभा की भूमि तथा तालाब व रास्तों में रसूखदारों द्वारा कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया गया जिसका लाभ वे ले रहे हैं। जिसकी शिकायत पूर्व में उनके द्वारा उच्चाधिकारियों से की गई। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्यवाही नही की गई। जनहित याचिका में ग्राम सभा की तालाब व रास्ते से अतिक्रमण हटाने की प्रार्थना उच्च न्यायालय से की है ताकि तालाब को सूखने से बचाया जा सके।

## खिलाड़ी के यौन शोषण के मामले में जूडो एसोसिएशन को नोटिस

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक 19 वर्षीय जूडो प्रशिक्षु खिलाड़ी द्वारा मुरादाबाद निवासी कोच सतीश शर्मा पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने इस मामले में उत्तराखंड जूडो एसोसिएशन को नोटिस जारी करते हुए उनसे शपथपत्र दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। याचिका में देहरादून निवासी पीड़िता ने खुद को राष्ट्रीय स्तर की जूडो खिलाड़ी बताया है। उसने कहा कि वह पिछले सात वर्षों से कोच सविता गुरंग के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही थी। वर्ष 2024 में उसका चयन भोपाल में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ था, लेकिन सविता गुरंग ने उसे वहां भेजने के बजाय मुरादाबाद के कोच सतीश शर्मा के पास भेज दिया, जो स्वयं सविता के पूर्व कोच रह चुके हैं। याचिका के अनुसार, 12 मार्च 2025 को कोच सतीश शर्मा ने पीड़िता को अपने खेत में स्थित फार्महाउस पर बुलाया। वहां पहुंचने पर उन्होंने गेट बंद कर दिए और मसाज के बहाने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो उसे धमकी दी गई कि उसे नेशनल में हिस्सा नहीं लेने दिया जाएगा और उसका खेल करियर खत्म कर दिया जाएगा। इस घटना के चलते उसकी मानसिक स्थिति इतनी बिगड़ गई कि वह खेल से बाहर हो गई। पीड़िता ने अदालत से अनुरोध किया है कि मामले की स्वतंत्र जांच के लिए एक समिति गठित की जाए और दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में 28 अप्रैल 2025 को रायपुर थाना, देहरादून में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसे बाद में देहरादून पुलिस ने थाना भोजपुर, मुरादाबाद स्थानांतरित कर दिया।

## नीलाम की जाएगी खड़िया खदानों की सामग्री, हाईकोर्ट ने अनुमति दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने कुमाऊं मंडल के बागेश्वर जिले की खड़िया खदानों की सामग्री की नीलामी की अनुमति दे दी है। तीन सदस्यीय अधिकार प्राप्त समिति की अगुवाई में खड़िया खनन सामग्री की नीलामी की जाएगी। हाईकोर्ट के मुखय न्यायाधीश जी. नरेन्द्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में सोमवार को इस मामले से जुड़ी कुल 0 7 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कुछ खडिया खदान मालिकों की ओर से खनन सामग्री की नीलामी की अनुमति मांगी गई। अदालत ने खदानों में मौजूद खड़िया की नीलामी के लिये इतिहासकार पद्मश्री शेखर पाठक की अध्यक्षता में एक अधिकार प्राप्त समिति का गठन कर दिया। इसमें पूर्व आईएफएस अधिकारी कपिल लाल और रवि चोपड़ा को सदस्य मनोनीत किया गया है। अधिकार प्राप्त समिति खड़िया सामग्री की नीलामी के लिये हिन्दी और अंग्रेजी राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करेगी और नीलामी से प्राप्त धन को पृथक से बैंक खाता में रखा जायेगा। जिला खनन अधिकारी नाजिया हसन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नीलामी प्रक्रिया को छह सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिये हैं यही नहीं खंडपीठ ने खडिया खनन के फलस्वरूप हुए गड्ढों को भी प्रदेश सरकार को इन्हें भरने के निर्देश दिये हैं। सीजीडबलूबी की अगुवाई में इन गड्ढों को भरने के निर्देश दिये गये हैं। खंडपीठ ने फिलहाल अल्मोड़ा मैग्नेसाइट खदान को खोलने की अनुमति नहीं दी है।

# कार की चपेट में आकर युवक की मौत

## शादी समारोह से लौटते वक्त हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र का रहने वाला एक युवक परिवार के साथ रामनगर शादी समारोह से वापस घर लौट रहा था कि वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। यह सड़क हादसा उस वक्त हुआ जब वह सड़क किनारे कार खड़ी कर लघुशंका के लिए उतारा तभी तेज गति से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए रामनगर ले जाया गया जहां से उसे हल्द्वानी एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि घटना के बाद से कार सवार कार समेत फरार हो गया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार वार्ड-21 इंदिरानगर बनभूलपुरा निवासी (21) आरिफ पुत्र मोहम्मद अंसार यहां परिवार के साथ रहता था। बताया जाता है कि रविवार को वह कार से परिवार के साथ रामनगर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। देर रात वह कार से परिवार के साथ वापस घर लौट रहा था। पुलिस के अनुसार रास्ते में आरिफ ने लघुशंका के लिए कार को सड़क किनारे रोकी, और वह जैसे ही कार से बाहर निकला, तभी पीछे से आ रही एक एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। बतया जा रहा कि घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। कार की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हुए आरिफ को परिजन रामनगर स्थित अस्पताल ले कर पहुंचे, जहां हालत नाजुक होने पर परिजनों ने उसे हल्द्वानी स्थित हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन आरिफ को लेकर मुखानी थानाक्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। लेकिन वहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मुखानी पुलिस का कहना है कि मृतक के सिर पर चोट के निशान हैं। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। जबकि रामनगर कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि मामले में तहरीर आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## फ्लाइओवर से जुड़ी अब तक की प्रगति रिपोर्ट पेश की जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी स्थित मुखानी चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता (ईई) को निर्देश दिए हैं कि अब तक की गई प्रगति रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत करें। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ के समक्ष यह मामला हल्द्वानी निवासी पूरन चंद्र जोशी द्वारा वर्ष 2018 में दायर जनहित याचिका के तहत प्रस्तुत किया गया था। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को अवगत कराया कि कालाढूंगी रोड पर स्थित मुखानी चौराहे पर प्रतिदिन गंभीर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्कूली बच्चों, कार्यालय जाने वालों और आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से वर्षा ऋतु में यह समस्या और भी विकराल हो जाती है। अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने न्यायालय को बताया कि वर्ष 2018 में इस समस्या को देखते हुए प्रशासन को फ्लाईओवर निर्माण का सुझाव दिया गया था। इसके बाद लाखों रुपये खर्च कर सर्वे भी कराया गया, लेकिन इतने वर्षों बाद भी राज्य सरकार द्वारा अब तक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत नहीं की गई है, जिससे निर्माण कार्य लंबित पड़ा है। कोर्ट ने इस विषय को गंभीर मानते हुए संबंधित अधिकारी से एक सप्ताह के भीतर अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है, जिससे यह तय हो सके कि जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परियोजना में कितनी प्रगति हुई है।

## कोषागार के लेखाकार ने हाईकोर्ट में लगाई ज़मानत याचिका, सुनवाई 18 जून को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** रिश्वतखोरी के एक गंभीर मामले में विजिलेंस द्वारा गिरफ्तार किए गए कोषागार के लेखाकार बसंत जोशी ने उत्तराखंड हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। उनकी यह अर्जी पहले से विचाराधीन मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा की जमानत याचिका के साथ 18 जून को एक साथ सुनी जाएगी। मालूम हो कि 7 मई 2025 को विजिलेंस की टीम ने मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा और लेखाकार बसंत जोशी को 1.20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। यह रिश्वत कथित तौर पर नैनीताल व हल्द्वानी जिला न्यायालय में कार्यरत कर्मचारियों को एसीपी लाभ दिलाने के बदले में ली जा रही थी। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हो रही है। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को बताया कि जांच में जब्त किए गए नोटों पर मुख्य कोषाधिकारी और लेखाकार के उंगलियों के निशान पाए गए हैं। इसके सत्यापन हेतु प्रयोगशाला में सोडियम कार्बोनेट परीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों के हाथ धोने पर पानी का रंग गुलाबी हो गया, यह इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने रिश्वत की रकम को छुआ था। वहीं, बचाव पक्ष ने दावा किया कि उनके मुवक्किल को झूठा फंसाया गया है, और उनके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं है। अब इस प्रकरण में अगली सुनवाई और दोनों आरोपियों की जमानत पर निर्णय 18 जून को हाईकोर्ट द्वारा किया जाएगा।

## निर्माणाधीन मकान बिजली के तार चोरी करने वाला धरा

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र से एक निर्माणधीन मकान से बिजली के तार चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को दबोच लिया। जिसके पास से चोरी की गई बिजली की तार भी बरामद कर ली है। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि बीते रविवार को मुखानी चौराहा निवासी केसीएस खत्री ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा था कि बताया कि उनके भाई हरिप्रकाश का देवाश्रय कॉलोनी ऊंचापुल में मकान बन रहा है। जिसमें बिजली फिटिंग का काम चल रहा है। जिसके लिए दस बंडल तार रखे हुआ थे। जो बीते शनिवार की रात किसी अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन मकान में घुसकर बिजली के बंडल चोरी कर ले उड़े। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि इस मामले में तुरंत मुकदमा दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाले गए तो तभी राजवीर कश्यप पुत्र स्व. सोनपाल कश्यप निवासी लालडाट रोड वंदना विहार थाना मुखानी को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। टीम में एसआई वीरेंद्र चंद, कांस्टेबल रविंद्र खाती, खेम सिंह राणा, हरीश रावत मौजूद रहे।

# पेंशनर्स संगठन ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने सोमवार को सेवानिवृत्त लेखाकार हरीश डबराल की मांगों के समर्थन में प्रशिक्षण एवं

**■सेवानिवृत्त लेखाकार हरीश डबराल की मांगों को समर्थन**



सेवायोजन निदेशालय में प्रदर्शन किया।

इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने नारेबाजी की और निदेशक संजय कुमार के साथ वार्ता की। डबराल समकक्ष वेतनमान, पदनाम, एसीपी और स्थायीकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। निदेशक ने आश्वासन दिया कि 10 दिनों के भीतर एक समिति गठित कर मामले पर पुनर्विचार किया जाएगा और डबराल को बैठक में आमंत्रित भी किया जाएगा। इस पर डबराल ने धरना 10 दिन के लिए स्थगित कर दिया। सभा को प्रदेश अध्यक्ष बची सिंह रावत और मुख्य संयोजक रमेश चंद्र पांडे ने संबोधित किया और डबराल के साथ हो रहे उत्पीड़न की निंदा की। निदेशक की अध्यक्षता में हुई वार्ता में आर्गनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष बची सिंह रावत, शाखाध्यक्ष लीलाधर पाण्डे, पेंशनर्स एक्टिव टीम के मुख्य संयोजक रमेश चन्द्र पाण्डे, उपाध्यक्ष एनसी जोशी, डिप्लोमा सेवानिवृत्त इंजीनियर्स फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीसी जोशी, जेएस पन्तोला, सुधीर पाण्डे नवीन जोशी, बीसी पाण्डे, श्याम सिंह रावत समेत सेवानिवृत्त लेखाकार हरीश डबराल आदि थे।

## तमंचा दिखाकर लोगों को लूटने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** नशे की लत को पूरा करने और पैसा कमाने के लिए तमंचे के दम पर लोगों से लूटपाट करने वाले शातिर आरोपी चिकारा को बनभूलपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान मुकेश वर्मा उर्फ चिकारा के रूप में हुई है, जो लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी ने बताया कि उसने तमंचा रामपुर में एक व्यक्ति से खरीदा था और लोगों को डरा कर पैसे कमाने के लिए इसका इस्तेमाल करना चाहता था। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

# परिवहन निगम शीघ्र शुरू करेगा प्रोत्साहन योजना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम की प्रबंध निदेशक रीना जोशी ने

**■निगम को जल्द मिलेंगी 100 नई बसें: रीना जोशी**

**■एमडी ने निर्माणाधीन बस स्टेशन का निरीक्षण किया**



सोमवार को काठगोदाम डिपो में निर्माणाधीन बस स्टेशन का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाने और इसे समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने काठगोदाम डिपो के सहायक महाप्रबंधक कार्यालय, हल्द्वानी डिपो के सहायक महाप्रबंधक कार्यालय, काठगोदाम वर्कशॉप तथा मंडलीय कार्यशाला का भी दौरा किया। निरीक्षण के दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए एमडी रीना जोशी ने कहा कि परिवहन निगम को शीघ्र ही 100 नई बसें प्राप्त होंगी, जिससे निगम की सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों को आकर्षित करने के लिए निगम द्वारा किराया कम करने पर विचार-विमर्श जारी है। इसके साथ ही यात्रियों के लिए एक बार यात्रा के बाद प्रोत्साहन योजना शुरू करने की भी तैयारी की जा रही है, ताकि नियमित यात्रियों को सुविधाएं मिल सकें और निगम की आय में भी वृद्धि हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निगम की आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै ने एमडी रीना जोशी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। निरीक्षण व समीक्षा के दौरान महाप्रबंधक संचालन पवन मेहरा, मंडलीय प्रबंधक संचालन पूजा जोशी, मंडलीय प्रबंधक तकनीकी टीका राम आदित्य, सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम राजेंद्र प्रसाद आर्य, सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी संजय पांडे, मनोज दुर्गापाल, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी रघुवीर चौधरी, मनोहर रावत, लेखाकार किशन राम आर्य, दयाल जोशी, तरुण आर्य, नेत्र सिंह एवं शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

## महंगा पड़ा चलती बाइक पर बियर पीना, पुलिस ने पकड़कर चालान काटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बियर पीते हुए बाइक को सड़कों पर दौड़ा रहे एक युवक का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आ गई और तुरंत युवक को दबोच लिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए उसकी काउंसलिंग कर भविष्य में ऐसे कृत्य न करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया। बता दें कि बीते रविवार की रात्रि सोशल मीडिया पर एक युवक बाइक चलाते हुए बियर पीते हुए जा रहा था तभी उसका वीडिया सोशल मीडिया में जारी हो गया। युवक के एक हाथ में बाइक का हैंडल और दूसरे हाथ में बीयर की बोतल थी। बाइक चलाते समय पीछे से आ रही रोशनी में वह बोतल उठा कर बार-बार यह भी चेक कर रहा है कि बोतल में कितनी बीयर बची है। यह देख बाइक सवार के पीछे चल रहे एक व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। सोशल मीडिया में वीडियो वारयल होते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसएसपी के निर्देश पर मुखानी पुलिस ने बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक की पहचान नवीन सिंह भोजक निवासी कुसुमखेड़ा, बिठौरिया के रूप हुई। पुलिस ने युवक के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए उसकी काउंसलिंग कर उसे भविष्य में ऐसे कृत्य न करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया। जिसके बाद युवक ने अपनी गलती स्वीकार की और माफी मांगी।

# वैश्विक मुद्दों पर चर्चा, संविधान की रक्षा का संकल्प

## छड़याल में मानवाधिकार रक्षकों की बैठक, कार्यकर्ताओं पर हमला की चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानव अधिकार रक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को छड़याल स्थित एन बेकर्स, निकट बिड़ला स्कूल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जलागम सह निदेशक व सेवानिवृत्त कर्मचारी यूनियन के सचिव यतीश पंत ने की, जबकि संचालन मानवाधिकार कार्यकर्ता और जलदूत, जनमैत्री संगठन नैनीताल के संयोजक बची सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। बैठक में कई प्रबुद्ध मानवाधिकार रक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद और साहित्यकार शामिल हुए। बैठक में




सर्वसम्मति से देश-विदेश में मानवाधिकार रक्षकों पर हो रहे हमलों और उत्पीड़न को लेकर चिंता व्यक्त की गई। अध्यक्ष यतीश पंत ने कहा कि हम न किसी पक्ष के हैं, न विपक्ष के। हम केवल भारतीय संविधान द्वारा संरक्षित नागरिक हैं, और हमारा कर्तव्य है कि जनविरोधी नीतियों पर सवाल खड़े करें। लेकिन आज विरोध करने वालों को उन्मादी ताकतों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देवभूमि तभी सार्थक होगी जब यहां के लोगों को उनकी आजीविका और संपदा पर सम्मानजनक अधिकार मिलेंगे। इस दौरान पूर्व वनाधिकारी मदन बिष्ट, प्रो. अनिल कार्की, पूरन बिष्ट, कवि नरेंद्र बंगारी, कार्यकर्ता सुभाष पंगरिया, योगेश्वर पंत, पूर्व शिक्षक और राजनीतिक कार्यकर्ता मदन मेर, प्रदीप कोठारी, कवि संदीप रावत, गायक हीरू मेलकानी, नीलेश आर्य, उमेश भट्ट, विनोद भट्ट, उमेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

## लालकुआं से प्रयागराज के लिए 20 जून से चलेगी ट्रेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 20 जून से लालकुआं से प्रयागराज के लिए रेल सेवा शुरू हो रही है श्री भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड वासियों को नई रेल सेवा की सौगात दिए जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। श्री भट्ट ने बताया कि आगामी 20 जून से लालकुआं और प्रयागराज के बीच नई साप्ताहिक ट्रेन का संचालन होगा, जो कि शुक्रवार को लालकुआं से प्रयागराज को रवाना होगी



जबकि प्रत्येक बृहस्पतिवार को प्रयागराज से लालकुआं ट्रेन आएगी और यह ट्रेन बरेली, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर होते हुए प्रयागराज पहुंचेगी। श्री भट्ट ने कहा कि लंबे समय से इस ट्रेन के लिए केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर पत्राचार कर रहे थे आखिरकार उत्तराखंड वासियों के लिए यह सौगात मिली है। श्री भट्ट ने बताया कि प्रयागराज दर्शन के लिए जाने वाले उत्तराखंड वासियों को इस रेल संचालन से सुविधा मिलेगी, इसके अलावा प्रयागराज से लालकुआं आने वाली ट्रेन में उत्तराखंड के विभिन्न पर्वतीय एवं धार्मिक स्थलों पर दर्शन करने के लिए लोग उत्तर प्रदेश से आ सकेंगे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू

## तकनीक से जुड़ी चुनावी तैयारियों पर राज्य निर्वाचन आयोग का फोकस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के सुचारु संचालन के लिए सोमवार को राज्य

**■अधिकारियों के लिए मंडलीय प्रशिक्षण शिविर**



अतिथि गृह सर्किट हाउस काठगोदाम में कुमाऊं मंडल के छह जनपदों के अधिकारियों के लिए एक दिवसीय मंडलीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण सत्र में राज्य निर्वाचन आयोग और राज्य सूचना विज्ञान केंद्र देहरादून के विशेषज्ञों ने अधिकारियों को डिजिटल प्रणाली से जुड़ी कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं का सजीव प्रदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। इसमें मतदान एवं मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति, मतदाता सूची प्रबंधन, मतपत्र एवं मतपेटी प्रबंधन, मतदान किट, रूट चार्ट, टेंट-बैरिकेडिंग, व्यय सीमा निर्धारण, प्रशिक्षण मॉड्यूल जैसी व्यवस्थाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

एनआईसी द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतदाता सूची, मतदान कर्मी, मतगणना कर्मी, निर्वाचन परिणाम आदि की प्रक्रिया डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित की जाएगी। मतदान एवं मतगणना परिणामों का लाइव ऑनलाइन प्रदर्शन किया जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इस अवसर पर सभी छह जनपदों के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचायत चुनाव कार्यालय के प्रतिनिधि, तथा पंचायत चुनाव 2025 के लिए नियुक्त प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारियों ने भाग लिया। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयोजन कर रहे प्रभारी संयुक्त सचिव कमलेश मेहता ने कहा कि वर्तमान चुनावी परिवेश में पारदर्शिता और त्वरित निष्पादन सबसे बड़ी प्राथमिकता है। तकनीक का अधिकतम उपयोग कर हम ग्रामीण लोकतंत्र को और मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।


## पर्यटक का चालान

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित करना एक पर्यटक को महंगा पड़ गया। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए संबंधित पर्यटक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत चालान किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम उत्तर प्रदेश से नैनीताल घूमने आए एक पर्यटक ने मल्लीताल स्थित रॉयल होटल के समीप अपनी कार यूपी 16 एल-0247 बीच सड़क पर खड़ी कर दी। इससे गली का रास्ता पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया और स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई होने लगी। यातायात भी प्रभावित हो गया। सूचना मिलने पर एसएसआई दीपक बिष्ट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध रूप से खड़ी कार को हटवाया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी शोभित सिंह के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई है।

## अमेरिका में दिखेगा हल्द्वानी की पूनम के पंच का दम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की धरती एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर अपना परचम लहराने जा रही है। हल्द्वानी की होनहार बॉक्सिंग खिलाड़ी पूनम बिष्ट अमेरिका में होने वाले वर्ल्ड पुलिस गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतियोगिता आगामी 30 जून से 6 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। पूनम देश के टॉप 20 बॉक्सरों की टीम का हिस्सा हैं, जो 26 जून को अमेरिका रवाना होगी। 51 किलोग्राम भार वर्ग में खेलने वाली पूनम बिष्ट के चयन से पूरे राज्य में उत्साह का माहौल है। पूनम वर्तमान में एसएसबी पिथौरागढ़ में तैनात हैं। मूलरूप से नैनीताल जिले के धारी ब्लॉक के सुंदरखाल गांव निवासी पूनम के परिजन हल्द्वानी के



ऊंचापुल क्षेत्र में रहते हैं। ऐसे में उनके गांव से लेकर हल्द्वानी तक खुशी की लहर है। बता दें कि पूनम ने खेल की शुरुआत महज 14 वर्ष की उम्र में वॉलीबॉल से की थी और कई राष्ट्रीय पदक भी जीते। वर्ष 2015 में पिता नारायण सिंह बिष्ट की इच्छा पर उन्होंने बॉक्सिंग की राह पकड़ी। शुरुआती दिनों में कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद पूनम ने हार नहीं मानी और परिवार के सहयोग से खुद को साबित किया। हल्द्वानी स्टेडियम में कोच विमला रावत के मार्गदर्शन में पूनम ने बॉक्सिंग के गुर सीखे। फरवरी 2024 में पूनम बिष्ट ने भारतीय सेना की 12 कुमाऊं रेजिमेंट में तैनात लांस नायक अंकित सिंह असवाल से विवाह किया। पूनम की एसएसबी की चार माह की ट्रेनिंग 22 जुलाई 2019 को पूरी हुई थी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किसान संघर्ष समिति ने की किसान पंचायत

**■ महा पंचायत के जरिए रखीं गई समस्याएं**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** किसान संघर्ष समिति द्वारा ग्राम वीरपुर लच्छी में किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी देने, किसानों के सभी कर्ज माफ करने, कृषि इनपुट खाद, बीज, उपकरणों के दाम कम करने और तराई बीज विकास निगम की नीलामी रद्द करने की मांग को लेकर किसान पंचायत का आयोजन किया गया।

पंचायत को संबोधित करते हुए समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश के चंद धनी घरानों के 16 लाख करोड़ रुपए से अधिक के बैंक कर्ज माफ कर दिये हैं वहीं दूसरी तरफ के देश 50 प्रतिशत से भी अधिक किसान कर्ज में डूबे हुए हैं लेकिन भाजपा सरकार उनके कर्ज माफ करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में किसानों का अखिल भारतीय मंच संयुक्त किसान मोर्चा गठित हो चुका है सभी किसानों व संगठनों को उसके साथ मिलकर काम करने की जरूरत है।भारतीय किसान यूनियन एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा ने कहा कि एक ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत को गुलाम बना लिया था और आज देश में 5 हजार से भी ज्यादा बहुराष्ट्रीय कंपनियां देश में घुस चुकी हैं। देश की सरकार उनके फायदे के लिए नीतियां बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों की फसल नहीं खरीदेगी तो इसका सबसे ज्यादा नुकसान मजदूर व आम जनता को होगा। सरकार द्वारा खरीदे गए कृषि उत्पाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा जनता को रियायती मूल्यों पर मिलते हैं अत: न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पाद खरीदने की मांग का देश की जनता को भी समर्थन करना चाहिए।महिला एकता मंच की कौशल्या ने कहा कि पहाड़ में जंगली जानवरों के आतंक व सिंचाई की व्यवस्था न होने के कारण किसान खेती से दूर हो रहे हैं। किसानों को उनके उत्पाद के भी बेहद कम दाम मिलते हैं।उन्होंने कहा कि किसान को 1 किलो अदरक के 40 रुपए मिलते हैं लेकिन बाजार में अदरक उपभोक्ताओं को 40 रुपए का एक पाव मिलता है।महेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड जंगल प्रदेश बनता जा रहा है। जंगली जानवर खेती चौपट कर रहे हैं, इंसानों को मार रहे हैं। सरकार जंगली जानवरों से सुरक्षा देने की जगह सुरक्षा की मांग कर रहे किसानों व ग्रामीणों पर फर्जी मुकदमे लगाकर उत्पीड़न कर रही है। सांवल्दे गांव में जंगली जानवरों से सुरक्षा की मांग कर रहे 50 ग्रामीणों पर कार्बेट प्रशासन ने फर्जी मुकदमे लगा दिये हैं।इस दौरान सूरज सिंह, लक्ष्मी, अनीता सैनी, धनो देवी, कैसर राना भारतीय किसान यूनियन के कुमाऊं मण्डल अध्यक्ष व समाजवादी लोक मंच के संयोजक मुनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# गृहस्वामी की गैरमौजूदगी में चोरों ने खंगाला घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ग्राम सांई कालोनी लाल. पुर निवासी सचिन कुमार पुत्र भूपेन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घर पर ताला लगा कर बीती नौ जून को बरेली एक विवाह समारोह में गया था।

रात तीन बजे दो चोर उसके घर का ताला तोड़ कर अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने घर में रखे 11 हजार रुपये और सोने चांदी के जेवरात चुरा लिए। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैमरे की फुटेज देखने पर चोरों की पहचान सन्नी चन्द्रा पुत्र अमर चन्द्रा व ओमपाल उर्फ नन्हें निवासी गड्ढा कालोनी ट्रांजिट कैम्प रुद्रपुर के रूप में हुई। सचिन ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# कोर्ट के आदेश पर शहर के रसूखदारों पर मुकदमा हुआ दर्ज

**■ भूमि विक्रय को लेकर दो पक्षों में हुआ था विवाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** तिरूपति इन्क्लेव में भूमि विक्रय को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आठ लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

दर्ज कराई रिपोर्ट में मोहित अग्रवाल पुत्र स्व. रमेश चन्द्र अग्रवाल निवासी एलायंस कालोनी ने पुष्कर राज जैन पुत्र अमरनाथ जैन, योगेश जैन पुत्र पुष्कर राज जैन निवासी तिरूपति इन्क्लेव, ध्रुव मुंजाल पुत्र हरीश मुंजाल निवासी एलायंस कालोनी, हरिशंकर गुड्डू पुत्र गोवर्धन दास निवासी एलायंस कालोनी, राक. ेश शर्मा, अमित त्यागी, डा. पंकज कुमार निवासी किंग्स टॉवर, तिरूपति इन्क्लेव, कंवलजीत सिंह निवासी भगत सिंह चौक के विरूद्ध कहा है कि उसने राजीव शुक्ला पुत्र कमलेश कुमार शुक्ला को अपने स्वामित्व वाली भूमि स्थित तिरूपति इन्क्लेव में एक भूखंड 10 अक्टूबर 2024 को विक्रय किया था। 29 मार्च 2025 को राजीव शुक्ला को विक्रय किए गए आवासीय भूखंड को मौके पर नपवाने के लिए गया था। जब भूखंड की नपवाई करवा रहा था, तभी मौके पर पुष्कर राज जैन, उसका छोटा पुत्र योगेश जैन, हरिशंकर गुड्डू समेत अन्य लोग एकत्रित होकर आ गए और मौके पर भूखंड की नपाई कार्य करने से रोकने लगे।

जब उन्हें ऐसा न करने से रोका गया तथा उनको यह बताया गया कि कोर्ट के आदेश पर वर्तमान भूखंड पर किसी भी व्यक्ति द्वारा राजीव शुक्ला बेदखल करने अथवा उनके भूखंड में किए जा रहे कार्य में हस्तक्षेप करने से निषिद्ध किया गया है तो पुष्कर राज जैन व उनके साथ आये ध्रुव मुंजाल, योगेश जैन और अन्य व्यक्तियों ने उससे तथा उसके भाई के साथ धक्का-मुक्की की गई और मौके से भगा दिया गया। आरोप लगाया कि यह धमकी दी गई कि यदि दोबारा मौके पर आए तो तुमको व तुम्हारी माता कांता देवी को जान से मार देंगे। आरोप है कि पुष्कर राज जैन ने धमकी दी कि या तो बेची गई भूमि का विक्रय पत्र निरस्त कर कम दामों में मुझे बेच दो।

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नामजद आरोपी पुष्कर राज जैन कांग्रेसी नेता और ध्रुव मुंजाल आरएस लॉजिस्टिक्स हरीश मुंजाल का पुत्र है। ध्रुव मुंजाल गदरपुर रोड पर विक. सित हो रही कालोनी में पार्टनर भी बताए जा रहे हैं।

# आरक्षण पर शुरू हुई आपत्तियों की सुनवाई

**■ 18 जून को होगा संशोधित आरक्षण सूची का अंतिम प्रकाशन**
**■ आरक्षण सूची को लेकर लोगों में खासा उत्साह और जिज्ञासा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** आज सोमवार से विकास भवन में पंचायत चुनाव के तहत आरक्षण सूची पर प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई शुरू हो गई। प्रशासन ने सुनवाई के लिए विकास खंडवार सात कक्ष बनाए हैं, जहां नियुक्त नोडल अधिकारियों की देखरेख में आपत्तियों पर विचार किया जा रहा है।

बता दें कि शनिवार और रविवार को आरक्षण सूची को लेकर कुल 791 आपत्तियां प्रशासन को प्राप्त हुई थीं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इन आपत्तियों की सुनवाई 16 और 17 जून को की जा रही है। नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों के समक्ष विभिन्न पंचायत क्षेत्रों से आए लोगों ने अपने-अपने तर्क और साक्ष्य प्रस्तुत किए।

जिला पंचायत राज अधिकारी महेश कुमार ने कहा कि आपत्तियों का निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाएगा। सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 18 जून को संशोधित आरक्षण सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

पंचायत चुनाव को लेकर सभी तैयारियां जोरों पर हैं और आरक्षण सूची को लेकर लोगों में खासा उत्साह और जिज्ञासा बनी हुई है।

# अपने वादे पर खरे उतरे विधायक अरोरा

**■ ट्रांजिट कैंप चामुण्डा मन्दिर से झील तक जाने वाले मुख्य मार्ग का किया शुभारम्भ**
**■ दो करोड़ की लागत से होगा मार्ग का निर्माण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर विधानसभा का ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र जो घनी आबादी के लिए जाना जाता है, जिसका झील से लेकर चामुण्डा मन्दिर तक का मार्ग जर्जर हाल में था। जिसको लेकर अने. कों घोषणाएं वादे पूर्व के जनप्रति. निधियों के खोखले साबित हुए। जहां रोड के नाम पर कुछ देखने को नजर नहीं आता है।

वहीं विधायक बनने के बाद से ही शिव अरोरा संकल्पित थे कि वह इस मार्ग का निर्माण अवश्य करवाएंगे और अपने वादे पर खरे उतरते हुए मार्ग के कार्य का फीता काटकर उद्घाटन किया। उक्त मार्ग को राज्य योजना से स्वीकृत करवाया और वाइट टॉपिग द्वारा निर्मित होगा और जिसकी लम्बाई 450 मीटर व चौड़ाई 12 से 14 मीटर रहेगी इससे पूर्व ट्रांजिट कैम्प पहुंचने पर समर्थकों व स्थानीय लोगों द्वारा विधायक शिव अरोरा का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विधायक ने बताया दो दशक से भी अधिक समय से जर्जर हाल में पड़ी यह झील चामुण्डा मन्दिर मार्ग 201.58 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा जो सीसी मार्ग होगा, जिससे बरसात में रोड पर खड्डों में पानी भरने व टूक टुक पलटने की घटना पर विराम लगेगा।

विधायक ने कहा पूर्व के जनप्रति. निधियों की विफलता है जो सिर्फ झूठे आश्वासन कस्मे खाते रहे। इस मगर रोड बनाने के नाम पर यहां की जनता को सिर्फ निराशा ही दी। जनता जानती है उनका विधायक जो बोलता है वो करता है और हमने ट्रांजिट कैम्प की जनता से वादा किया था, उस पर खरा उतरने का कार्य भी किया है। इस दौरान वेद ठुकराल, रश्मि रस्तोगी, धीरेश गुप्ता, मुकेश पाल, प्रीत ग्रोवर, केके दास, राजकुमार साह, पार्षद एमपी मौर्य, राजेंद्र राठौर, मुकेश रस्तोगी, कैलाश राठौर, मानवेन्द्र राय, राजेश जग्गा, वीनू सिंह, गीता शर्मा, हिमांशु शुक्ला, किरन विर्क,नितेश गुप्ता, शंकर विश्वास, जीतेन्द्र संधू, एनडी शर्मा, एसपी यादव, शम्मी गुप्ता, राधेश शर्मा, मनोज मदान, भीमसेन गुप्ता, मोर सिंह यादव, दीपक दिवाकर, दीपू रस्तोगी, मयंक कक्कड़, राजेंद्र राठौर, डीके गंगवार, आनंद गुप्ता, नन्द गंगवार, किशन पाल, अरुण दीक्षित, आनद सागर, कविता सागर, छात्रपाल राठौर, शिव कुमार, मुकेश मंडल, रामाधारी गंग. वार, प्रेमपाल गंगवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### पेंशन सत्यापन प्रक्रिया को लेकर राज्य आंदोलनकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सोमवार को उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन ने जिला कोषाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन सत्यापन प्रक्रिया को लेकर मांग की गई है।

आंदोलनकारियों ने मांग की गई कि राज्य सरकार ने ट्रेजरी के पीपीओ मोड में पेंशन देने की व्यवस्था के अंतर्गत सभी राज्य आंदोलनकारियों का सत्यापन प्रत्येक तहसील के उपकोषागार कार्यालयों में ही किया जाए। कहा कि अधिकांश महिला, आंदोलनकारी और वृद्ध जिला मुख्यालय तक आने में असमर्थ हैं, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने प्रशासन से मांग कि है की तहसील स्तर पर ही स्थानीय उपकोषागारों के माध्यम से सत्यापन प्रक्रिया संचालित की जाए। इस मौके पर उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवराज भाटिया, जानकी जोशी, कमला दुर्गापाल, रेखा बिष्ट, रजनी बमनेरा, देवीरा पांडे, कमल पांडे मौजूद रहे।

### सौरभ बहुगुणा ने दिए मृतक आश्रितों नियोजन पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गन्ना कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शुगर फैक्ट्री स्थित कार्यक्रम में दि किसान सहकारी चीनी मिल्स ली. पूरनपुर नादेई के 19 मृतक आश्रितों नियोजन पत्र दिए गए।



किच्छा शुगर कंपनी ली. किच्छा के 15 मृतक आश्रितों को नियोजन पत्र दिए गए। बाजपुर शुगर फैक्ट्री के 37 मृतक आश्रितों को नियोजन पत्र वितरण किये। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा बाजपुर शुगर फैक्ट्री सहित अन्य शुगर फैक्ट्री को चलाने के लिए सरकार संवेदनशील है। किसानों एवं कर्मचारियों को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का चहुमुंखी विकास हो रहा है और शुगर फैक्ट्री को लेकर सरकार गंभीर है। बाजपुर शुगर फैक्ट्री को लेकर सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि समय पर फैक्ट्री को सुचारू रूप से चलाना अति आवश्यक है शुगर फैक्ट्री की सही तरीके से रिपेयरिंग की जाए शुगर फैक्ट्री चलते के समय कोई व्यवधान पैदा ना हो। नगर पालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने चीनी मिल के गेस्ट हाउस में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से चीनी मिल के कर्मचारी एवं उनकी समस्याओं को लेकर उनसे वार्ता की गई। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, गन्ना राज्य दर्जा मंत्री मनजीत सिंह राजू, जसपुर विधायक आदेश चौहान, पूर्व राज्य दर्जा मंत्री राजेश कुमार,पंडित जितेंद्र शर्मा, मनोज पाल, टिंकू यादव, प्रधान प्रबंधक गोपाल सिंह चौहान, यशपाल राजहंस, राजीव सैनी आदि मौजूद रहे।

### राज्य आंदोलनकारियों ने व्यक्त किया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राज्य आंदोलनकारियों ने अहमदाबाद विमान हादसे और केदारनाथ हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए यात्रियों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

बैठक में राज्य आंदोलनकारीयों ने केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की धामी सरकार पर आरोप लगाया कि वह दुर्घटनाओं की जवाबदेही एवं जिम्मेदारी लेने से भाग रहे हैं। जांच के नाम पर कमेटी बनाकर जिम्मेदार लोगों को बचाने का काम कर रहे हैं।उन्होंने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है।इस दौरान श्रद्धांजलि देने वालों में राज्य आंदोलनकारी धीरेंद्र प्रताप, प्रभात ध्यानी, पुष्कर दुर्गपाल ,चंद्रशेखर जोशी,इंन्दर सिंह मनराल, नवीन नैथानी,सुमित्रा बिष्ट, कमला जोशी , रईस अहमद, पान सिंह नेगी, सुरेन्द्र नेगी, डीडी सती, मनोज गोस्वामी , योगेश सती , नारायण सिंह रावत, जितेन्द्र गौड़ आदि मौजूद रहे।

### घरों में छुपाकर रखी गई कच्ची शराब पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** आबकारी निरीक्षक रामनगर उमेश पाल नेतृत्व में आबकारी अपराध निरोधक क्षेत्र 3 रामनगर के मालधन और गांधी नगर में आबकारी टीम ने घरों में दबिश दी। दबिश के दौरान घरों में छुपाकर कच्ची शराब मौके पर मिली।टीम ने गांधीनगर और नई बस्ती शिवनाथपुर आदि अलग अलग जगहों पर अवैध कच्ची शराब बेचने वालों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पूछताछ में घर में शराब बेच रही मौके पर प्रियंका रानी, पूरण सिंह निवासी नई बस्ती शिवनाथपुर मालधन रामनगर से लगभग कुल 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की।उन्होंने बताया की आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।उन्होंने बताया कि कच्ची शराब बेचने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।इस दौरान टीम मे आबकारी निरीक्षक उमेश पाल, अलका,रमाकांत आदि मौजूद रहे।

### चोरी के समान व नगदी सहित एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पुलिस ने चोरी के समान व नगदी सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना खटीमा में पंजीकृत अभियोग एफआईआर संख्या 180/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त संजय गुप्ता(22) पुत्र बालकिशन गुप्ता निवासी शिव कॉलोनी वार्ड नंबर 17 को पीलीभीत रोड लकड़ी ताल के पास से बीती शाम गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से चोरी के सिगरेट डिब्बे, कैमरा तथा नगदी 900 बरामद किया गया। अभियुक्त के खिलाफ पूर्व से ही अलग-अलग धाराओं में दो मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अनुराग, कांस्टेबल किशोर तथा नवीन खोलिया शामिल रहे।

### पुलियाओं की तलाझाड़ सफाई अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा ।** नगर सीमा के अंतर्गत अवरुद्ध जलमार्गों की सफाई का नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एंठा व खकरा नाले के टनकपुर रोड पर बनी पुरानी पुलियाओं की पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने मौके पर मौजूद रहकर तलाझाड़ सफाई कराई । टनकपुर रोड जामा मस्जिद के समीप नाले की पुलिया की सफाई नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने नाले में घुसकर की। सफाई टीम ने पुरानी पुलियों की सफाई की। ताकि यहां जमा झाड़ झंकार बरसात के पानी के मार्ग में व्यवधान पैदा ना करें। पालिका अध्यक्ष जोशी ने बताया कि पुलियाओं में जाली लगने से जाली लगाई जाने से नगर वासी नाले में कूड़ा नहीं डाल पा रहे हैं। सफाई टीम ने मैनुअल तरीके से नल की तली झाड़ सफाई की इस दौरान यहां फंसे पुराने कचरे को निकाल कर फेंका। पालि. काध्यक्ष ने बताया कि इस बरसात में कहीं पर भी बरसात का पानी न रुके ।

# न्यू लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से लगा रक्तदान शिविर

**■ लगभग चालीस युवाओं एवं दो महिलाओं ने रक्तदान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** गुरु नानक गुरुद्वारा सिंह सभा में शहीद उधम सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट द्वारा न्यू लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग चालीस युवाओं एवं दो महिलाओं ने रक्तदान किया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरवीर सिंह के नेतृत्व में लगे कैंप में सभी रक्तदाताओं को गुरुद्वारा गुरुनानक सिंह सभा एवं शहीद उधम सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट द्वारा रक्तदाता सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया एवं रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया। रक्तदान शिविर में उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज बाधवा ने कहा कि इस प्रकार के रक्तदान शिविर लोगो में रक्तदान के महत्त्व एवं रक्तदान की उपयोगिता के लिए जागरुक करते है। प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरवीर सिंह ने रक्तदान शिविर में सहयोग करने के लिए सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया। न्यू लाइफ लाइन चौरिटेबल ब्लड बैंक की मैनेजिंग डायरेक्टर नीलम ज्याला ने कहा कि भविष्य में विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों के सहयोग से इसी प्रकार रक्तदान शिव. रों का आयोजन किया जाता रहेगा। इस अवसर पर सरदार अमरजीत सिंह, मनदीप चड्ढा, जोरावर सिंह, गुरुसेवक औलख, रमन सेठी, गुरुवेंद्र मोमी, सर्वजीत महरोक, राजदीप पन्नु आदि उपस्थित रहे।

वहीं मनोज बाधवा, राहुल सक्सेना, नवीन भट्ट, इकबाल अहमद, प्रभजोत कौर, भुवन जोशी, सरदार हरविंदर सिंह, सोनू शर्मा, यशपाल सिंह, शंकर भंडार, सौरव बिष्ट, जगजीत सिंह, गुरुसेवक सिंग, दानिश, गुरपाल सिंह, देवेश कुमार, कुमारी सपना, मनविंदर बाजवा तथा विकास गोराया आदि ने रक्तदान किया।

# चंद घंटों की बारिश ने खोली नगर निगम की पोल

**■ शहर बना तालाब, जगह-जगह भरा पानी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सोमवार की सुबह चंद घंटों की बारिश ने नगर निगम और संबंधित विभागों की तैयारियों की पोल खोल दी। शहर की कई सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सबसे शर्मनाक नजारा रोडवेज बस अड्डे पर देखने को मिला, जहां मुख्य द्वारों के पास जगह-जगह गड्ढों में पानी भरकर यात्रियों और राहगीरों के लिए जाल बिछा बैठा। बस अड्डे के दोनों मुख्य गेटों पर आधे घुटनों तक पानी जमा हो गया, जिससे यात्रियों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हालत हर साल की कहानी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ बारिश थमने के बाद कागजी समीक्षा बैठकों में उलझे रहते हैं।

हैरानी की बात तो यह रही कि नगर निगम परिसर खुद जलभराव से अछूता नहीं रहा। जिस दफ्तर से शहर की साफ-सफाई और नालियों की मरम्मत के आदेश निकलते हैं, वहीं पानी से लबालब नजर आया। यह स्थिति स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करती है। बारिश ने यह साबित कर दिया है कि शहर में ड्रेनेज सिस्टम नाम की कोई व्यवस्था जमीनी हकीकत में मौजूद नहीं है।

### 45 एमएम बारिश की गई रिकॉर्ड

**रुद्रपुर।** सोमवार तड़के 3 बजे से सुबह सात बजे तक झमाझम बारिश हुई। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुबह आठ बजे तक रुद्रपुर में 45एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। वही जसपुर में 46 एमएम, काशीपुर में 5 एमएम, बाजपुर में 11 एमएम, गदरपुर में 6 एमएम, किच्छा में 35 एमएम, सितारगंज में 42 एमएम, खटीमा में 14 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। वही जिले में नदियों का जल स्तर सामान्य है।

# पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस ने गठित की समिति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कांग्रेस कार्यालय रामनगर में आगामी पंचायत चुनाव कों लेकर कांग्रेस नें बैठक आयोजित की।जिसमें चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं नें अपने सुझाव भी दिए।

बैठक कों सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत रावत नें कहा कि कांग्रेस पंचायत चुनाव के लिए पूर्ण रूप से तैयार है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।रोज हत्याएं हो रही है और अपराध दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज बची ही नहीं है।उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों कों सफल बनाने लिए लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जाए। बैठक में पंचायत चुनाव की तैयारी कों लेकर विचार विमर्श कर जुट जाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए रणजीत रावत के दिशा निर्देशन पर एक चुनाव संचालन कमेटी का गठन किया गया, जो रामनगर विकास खंड में पंचायत चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों से सम्पर्क और आपसी तालमेल बनाने का कार्य करेंगी।

इस कमेटी में रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, ब्लॉक अध्यक्ष मालधन ओम प्रकाश, नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट फैजुल हक,मीडिया प्रभारी विनय पड़लिया, कांग्रेस नेता भुवन पांडे,नरेश कालिया, युजवेंद्रर सिंह रावत,गिरधारी लाल, सुरेंद्र नेगी, कुबेर राम, दौलत कटारिया, जसकार सिंह, शहीद हुसैन, प्रकाश चंद्र कों चुनाव संचालन समिति की जिम्मेदारी दी गई।इस अवसर पर एक्स आर्मी चम्मल खान नें कांग्रेस परिवार में शामिल हुए। रणजीत रावत, ब्लॉक एवं नगर अध्यक्ष नें फूल माला पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। सभा का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल अग्रवाल खुलासा नें किया।इस दौरान बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस पुष्पा देवी, ममता आर्या, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, लीलाधर जोशी,कांग्रेस नेता जावेद खान, दरवान सिंह रावत, महेन्द्र प्रताप सिंह, दीपक जोशी, फारुख खान, कैलाश त्रिपाठी, पंकज सुयाल, मो युसूफ, राजू आर्या, गोपाल पाण्डेय, जयपाल रावत, गोपाल रावत, हरदीप सिंह, महेन्द्र आर्या, भोपाल राम, शंकर लाल, देवेंद्र चंदौला,कांग्रेस नेता नजाकत अली, अनीश खान, नवीन तिवारी, महेन्द्र कुमार, महिपाल सिंह, सुन्दर सिंह, वीरेंद लटवाल, महेश पाण्डेय, सोएब रजा, जयपाल कड़ाकोटि, इकबाल, नवीन सुनेजा, आफाक हुसैन, वीरेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# एलटी लाइन के तार की चपेट में आने से दो जानवरों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में एलटी लाइन का तार टूट कर गिर गया। इसकी जद में आई राजपुर निवासी कृषक के दो पालतू जानवरो की करंट से मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम राजपुर निवासी नूर मोहम्मद पुत्र गफूर सोमवार को किशनपुर स्थित अपने खेत से पालतू भैंसों को चरा कर घर लौट रहे थे। तथी अचानक गांव से कुछ दूरी पर विक्रमपुर किशनपुर रास्ते पर एलटी लाइन का तार टूट कर पानी के खड्ड में गिर पड़ा था। इस पर उसकी नजर नही पड़ी। भैंस के खड्ड में उतरते ही करंट से दोनों भैंसों की मौत हो गई। नूरा मोहम्मद ने बताया पीछे आ रही दो और भैंसों का बमुश्किल बचाया गया लेकिन दो ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर विद्युत कर्मियों ने लाइट को बंद कराया। पीड़ित ने बताया कि प्रशासन से घटना का मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है।

### 17 जून के स्थान पर 24 जून को होगा तहसील दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जिलाधिकारी उधम सिंह नगर नितिन सिंह भदौरिया ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की आपत्तियों की सुनवाई के दृष्टिगत रखते हुए 17 जून 2025 को तहसील जसपुर में आयोजित तहसील दिवस को स्थगित करते हुए अब तहसील दिवस को 24 जून को आयोजित कराये जाने के निर्देश जारी किए हैं।

# सड़क किनारे मिला व्यक्ति का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नेशनल हाईवे 309 रामनगर काशीपुर मार्ग ग्राम टांडा चौराहे पर सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि ग्राम टांडा चौराहे पर मिले शव की शिनाख्त पंकज तिवारी पुत्र धर्मानंद तिवारी उम्र 42 साल के रूप में हुई है।उन्होंने बताया कि मृतक मूल रूप से अल्मोड़ा जनपद का निवासी है और रामनगर के पीरुमदारा क्षेत्र में अपने बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था।उन्होंने बताया कि मृतक ग्राम टांडा में देसी शराब की दुकान में नौकरी करता था।बताया जाता है कि मृतक पंकज तिवारी बीते रविवार सुबह घर से निकला था लेकिन शाम तक घर नहीं पहुंचा परि. जनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला और सोमवार की सुबह टांडा क्षेत्र में सड़क किनारे उसका शव बरामद हुआ।उन्होंने बताया कि मृतक का सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।मृतक शादीशुदा था और उसके बच्चे भी हैं।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।मृतक के परिजनों की ओर तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# भाकियू(टिकैत) की टीम में हरिद्वार में लगाया लंगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की उधमसिंह नगर जिला टीम ने हरिद्वार में आयोजित किसान महाकुंभ में लंगर की सेवा की। उन्होंने सभी के सहयोग से इस व्यवस्था को बनाया है।

भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने बताया कि सोमवार को हरिद्वार में टिकैत गुट के किसानों ने तीन दिवसीय किसान महाकुंभ के लिए डेरा डाल दिया। इसमें किसानों के मुद्दे पर मंथन एवं आंदोलन की रणनीति बनाई जाने पर चर्चा होगी। उत्तराखंड समेत उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों से किसान धर्मनगरी पहुंचे। और शिविर के लिए अपने एजेंडे तैयार किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत और राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी



राकेश टिकैत ने शिविर को संबोधित किया। इस दौरान किसानों की समस्याओं को सुना जाएगा। टीम में प्रदेश महासचिव दर्शन सिंह दयाल, बलविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, दीदार सिंह, पवन सिंह, किशन सिंह, विक्की रंधावा, हरजिंदर, श्याम अरोड़ा, प्रभजोत, विक्रम,सीतू त्यागी , अमनप्रीत सिंह आदि शामिल हैं।

# योजनाओं को गंभीरता से लें अधिकारी: कोरंगा

■ उपाध्यक्ष, राज्य स्तरीय जलागम परिषद ने बैठक कर कार्यों की समीक्षा की



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** उपाध्यक्ष, राज्य स्तरीय जलागम परिषद उत्तराखण्ड सरकार शंकर कोरंगा द्वारा विकास भवन सभागारमें जलागम एवं परियोजना की संयुक्त बैठक ली गयी। बैठक में सर्वप्रथम अहमदाबाद व केदार घाटी क्षेत्र में हुई हवाई दुर्घटनाओं में शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। यह बैठक समस्त विभागों के जल संरक्षण सम्बन्धी कार्यों में आपस में समन्वय स्थापित करने हेतु आयोजित की गयी।

बैठक में मुख्यमंत्री के महत्वकाक्षी योजना जल उत्सव पखवाड़ा/नदी उत्सव आदि के क्रियान्वयन के साथ जल संरक्षण एवं सवर्द्धन से सम्बन्धित उपस्थित समस्त विभागों द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा की गयी है। उपाध्यक्ष द्वार डीपीआर निर्माण कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में कार्यदायी विभागों से वार्ता की व यक्षवती नदी की सिंचाई खण्ड, लघु सिंचाई व वन विभाग की संयुक्त डीपीआर निर्मित कर ससमय प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा यक्षवती नदी का स्थलीय भ्रमण भी किया गया। बैठक में वर्तमान तक सम्पन्न कार्यों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गयी व निर्मित 05 डीपीआर का प्रस्तुतीकरण किया गया। सम्बन्धित विभागों को यह भी निर्देशित किया गया कि डीपीआर निर्माण की लागत हेतु विभागीय अंश (50 प्रतिशत) प्राप्त करने में जो भी समस्या उत्पन्न हो रही है, उसका तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें।

उपाध्यक्ष द्वारा वीसी के माध्यम से समस्त विकासखण्ड अधिकारियों से उनके स्तर पर कराये जा रहें विभिन्न विभागों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जल संरक्षण व सवर्द्धन हेतु जागरूकता अभियान भी चलाने हेतु निर्देशित किया गया। उद्यान विभाग को एकीकृत बागवानी का प्रस्ताव तैयार कर वृहद स्तर पर उसको क्रियान्वित करने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि संचालित की जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी जनप्रति. निधियों को भी उपलब्ध कराये। बैठक में उक्त के अतिरिक्त लघु सिंचाई, मत्स्य पालन विभाग, जल संस्थान, मुख्य शिक्षा अधिकारी, सिंचाई खण्ड, वन विभाग व जलागम आदि के कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नदीयों के जीर्णोद्धार हेतु वर्तमान तक किये गये कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी। बैठक में मुख्य विकास विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह, जिला विकास अधिकारी रामा गोस्वामी, उप परियोजना निदेशक, जलागम, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई, अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड, मुख्य शिक्षा अधिकारी व समस्त विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होंगे सामूहिक योग कार्यक्रम

■ पिछले डेढ़ माह से आयुर्वेद विभाग घर-घर चला रहा है योग की अलख

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा विभाग द्वारा पिछले डेढ़ माह से जिले में घर-घर योग की अलख जलाई जा रही है। जिसको लेकर लोगों में काफी उत्साह एवं योग के प्रति जागरूकता बड़ी है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद सिंह नेतृत्व में पिछले एक मई से शुरू किए गए इस अभियान के तहत पांच स्थानों में हरित योग शिविर भी आयोजित किए गए। इस वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चंपावत के गोरल चौड़ मैदान, बनबसा के एनएचपीसी हॉल,टनकपुर के स्टेडियम, लोहाघाट की कोलीढेक झील परिसर एवं पाटी ब्लॉक कार्यालय मैदान में सामूहिक रूप से योग किया जाएगा।

योग के प्रति बच्चों की जिज्ञासा बढ़ाने के लिए आज लोहाघाट के योगा हॉल में गुरुकुलम अकैडमी खुना बोरा एवं डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं की योग पोज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में गुरुकुलम के अभिषेक पाटनी ने पहले तथा डीएवी की भव्या अधिकारी व प्रियांशु बिष्ट ने दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। डॉ आनंद सिंह एवं आयुष के नोडल अधिकारी डॉ सुधाकर गंगवार द्वारा इन बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को बाकायदा प्रमाण पत्र भी दिए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा भराड़ी सैन में किए जाने वाले सामूहिक योग में भाग लेने के लिए यौगिक क्रियाओं के जानकार डॉ पीएस बसेरा, योग अंदेशक विजय देवपा एवं प्रकाश नेगी यहां से भराड़ीसैन के लिए रवाना हो गए हैं। उधर योग अनुदेशिका सोनिया आर्या द्वारा नियमित योग के लिए महिलाओं की बड़ी टीम तैयार कर ली है तथा वह महिला अन्य महिलाओं को भी योग करा रही हैं।

जिलाधिकारी नवनीत पांडे द्वारा योग एवं प्राणायाम को प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बनाने के लिए लगातार सहयोग एवं समन्वय किया जा रहा है।

## एक नजर

# वेतन को लेकर एनएचएम कर्मियों ने सीएमओ को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** पिछले तीन माहों से वेतन सुविधा से वंचित रखें एनएचएम कर्मियों द्वारा सामूहिक रूप से अपनी नाराजगी जताते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उत्तराखंड निदेशक को संबोधित ज्ञापन सीएमओ डा. देवेश चौहान के माध्यम से भेजा गया तथा उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत भी कराया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि एनएचएम कर्मी अल्प वेतन भोगी रहे हैं, जो बड़े मुश्किल से अपने परिवार का गुजारा करते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें समय से वेतन न मिलने के कारण उन्हें हो रही परेशानियों का स्वयं अंदाजा लगाया जा सकता है। सीएमओ ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनकी भावनाओं से शीघ्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उत्तराखंड निदेशक को अवगत कराकर उन्हें वेतन उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी कर्मियों से कहा कि वह अपने दायित्वों का निर्वाह करते हुए वेतन मिलने की प्रतीक्षा करें। ज्ञापन देने वालों में गौरव पांडे, दिनेश चंद्र, प्रेम बल्लभ भट्ट, संजय पांडे, आदि मुख्य लोग भी शामिल थे।

# उषा ने ग्रामोत्थान की सहायता से बढ़ाया आत्मनिर्भरता की ओर कदम

शाह टाइम्स संवाददाता

डेयरी व्यवसाय कर प्रतिमाह 19 हजार रुपये की आमदनी से अपनी आर्थिकी कर रहीं मजबूत

**चंपावत।** लोहाघाट विकासखंड के अंतर्गत बलाई गांव निवासी उषा मनराल कृषि कार्यों के साथ डेयरी व्यवसाय कर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर रही हैं। उषा ने पशुपालन व्यवसाय की शुरुआत कर आत्मनिर्भर और स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाया है।

एनआरएलएम द्वारा गठित सिद्ध बाबा स्वयं सहायता समूह बलाई, लोहाघाट की एक गरीबतम समूह सदस्य उषा मनराल ने ग्रामोत्थान परियोजना के आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग से गाय पालन गतिविधि हेतु 35 हजार रुपये की ब्याजमुक्त की राशि प्राप्त की। जिससे उन्होंने उन्नत नस्ल की जर्सी गाय खरीदी, जो वर्तमान में 15-20 ली. दूध प्रतिदिन दे रही है, जिसे उषा देवी द्वारा नजदीकी डेयरी मे विक्रय किया जाता है।

उषा बताती हैं कि डेयरी व्यवसाय से मेरी आमदनी बढी है, इसे और बढ़ावा देने के लिए मैं गाय की संख्या में वृद्धि करना चाहती हैं , इससे क्षेत्र की अन्य महिलाएँ भी स्वरोजगार हेतु प्रेरित हो रही हैं। उषा की इस पहल की मुख्य विकास अधिकारी डा जीएस खाती ने सराहना करते हुए कहा कि ग्रामोत्थान परियोजना द्वारा जनपद में ग्रामीण परिवारों की आय को दोगुना करना एवं पलायन को कम करने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे सार्थक प्रयास किये जा रहे है।

# गर्मी से जुड़े सामानों की विस्तृत रेंज पर मिल रही शानदार डील्स

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** अमेजन डॉट इन पर इस मौसम में गर्मी से जुड़े सामानों की विस्तृत रेंज के साथ ठंडक भरे माहौल में सुकून के साथ रहें। हाई-परफॉर्मेंस एसी और बिजली-बचाने वाले रेफ्रिजरेटर से लेकर, यहां आप कैरियर, गोदरेज, हायर, सैमसंग जैसे टॉप ब्रांड्स के बेहतरीन प्रोडक्ट्स की खरीदारी कर सकते हैं। ग्राहक 20 हजार रुपये तक का इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, 3 हजार रुपये तक का कूपन डिस्काउंट और एचडीएफसी, एक्सिस, येस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आरबीएल, एचएसबीसी और फेडरल बैंक क्रेडिट कार्ड ईएमई ट्रांजेक्शन पर 18 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक अमेजन डॉट इन में टॉप एसी पर रोमांचक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

# अन्तिम महिला तक पहुंचाया स्वरोगारपरक योजनाओं का लाभ: रेनू



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** अध्यक्ष, राज्य महिला उद्यमिता परिषद, उत्तराखण्ड सरकार रेनू अधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

महाप्रवन्धक जिला उद्योग केन्द्र कविता भगत द्वारा माननीय अध्यक्षा का स्वागत किया गया तथा पीपीटी के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा एमएसएमई योजना, ओडीआपी योजना, आठेडीटीपी योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना इत्यादि एवं योजनाओं से सम्बन्धित उपलब्धियों / प्रगति से अवगत कराया गया। महाप्रबन्धक द्वारा बैठक में प्रर्दशित उत्पादों का निरीक्षण माननीय अध्यक्षा को कराया गया, जिसमें मुख्य रूप से महिला समूहों, आर्टिजन/शिल्पी कलाकार एवं उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद घ्पन कला के उत्पाद, हाथ बुनाई से बने ऊनी उत्पाद, मिनरल वाटर, दन कालीन, आसन आदि का प्रदर्शन किया गया।

बैठक में अध्यक्षा द्वारा विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करके स्वरोजगार /उद्यमिता अपनाने वाली जनपद की महिलाओं के साथ वार्ता की गयी। उपस्थित महिला उद्यमी दीपिका चुफाल एवं रमा मुरारी द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया गया तथा उद्यम स्थापना हेतु उद्योग विभाग की भूमिका को सराहा गया। बैठक में उपस्थित महिला समूह के पदाधिकारी पूनम ग्वाल, कलावती देवी आदि, महिला आर्टिजन / शिल्पी सुनीता देवी आदि एवं हथकरघा, हस्तशिल्प / उद्योग क्षेत्र में जनपद स्तर से पुरस्कृत महिलाएं बबीता कोहली, माही सीपाल आदि द्वारा अपने अनुभव साझा किये गयें। अपने अनुभवों में महिलाओं द्वारा विभाग की योजनाओं से लाभान्वित होने उपरान्त उनकी आय में वृद्धि होना, आजीविका में सुधार होना आदि से अवगत कराया गया। रेनू अधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को सम्बोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वरोगारपरक योजनाओं का लाभ राज्य की अन्तिम महिला तक पहुंचाया जा रहा है और आगे भी पहुंचने में प्रयासरत है।

बैठक में कमला चुफाल, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा / पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, डीडीहाट, दीपिका चुफाल, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, विप्लव शाह, नगर अध्यक्ष भाजपा आदि उपस्थित रहे।

# पीएम के 11 वर्ष पूरे होने के कार्यकाल को बताया ऐतिहासिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**चम्पावत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 वर्ष के कार्यकाल की शुरुवात में महिलाओ के कष्ट को एहसास करते हुए ऐसे कई कार्य किए है जिसके लिए उन्हें दिवंगत आत्माओं का भी आशीर्वाद मिल रहा होगा। यह बात इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रांतीय प्रवक्ता राजेश बिष्ट ने उस समय कही जब पीएम मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को घाटी क्षेत्र के लोगो को जानकारी दी जा रही थी।

उन्होंने याद दिलाया कि प्रखर समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया ने आजादी के बाद कांग्रेस से दो शर्तों में अपनी बात कही थी की 5 साल तक वे उन्हें अपना समर्थन देंगे यदि कांग्रेस महिलाओं के लिए खुले में शौच ना करने की व्यवस्था के साथ धुए से अपनी आंखे गवा रही महिलाओ को धुआरहित चूला घर घर पहुँचा कर उन्हें राहत दे तो। तब कांग्रेस ने इस महान नेता से किए हुए वायदे को तो पूरा नहीं किया लेकिन डॉ लोहिया अपनी मांगे पूरी होने की आस में 5 वर्षों तक चुप बैठे रहे। आज मोदी जी ने देश की सत्ता संभालने के साथ ही पहला काम हर घर में गैस सिलिंडर एवं हर घर में शौचालयों को निर्माण कर महिलाओ को जो मान व सम्मान देने के साथ उनकी इन ज्वलंत समस्याओं का जो स्थायी समाधान किया गया है उसे देखकर स्वर्ग में भी डॉ लोहिया की आत्मा प्रसन्न हो कर प्रधानमंत्री मोदी को अपना आशीर्वाद दे रहे होंगे। उन्होंने कहा गुजरे 11 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी मानव नहीं महामानव के रूप में राष्ट्र की सेवा के लिए अवतरित हुए है। सही मायनों में कहा जाये तो श्री मोदी ने देश को बारूद के ढेर में जाने से बचा लिया।

# समस्याओं को लेकर डीएम से मिले ग्राम खितौली के लोग

■ जिलाधिकारी ने दिया शीघ्र समाधान कराए जाने का आश्वासन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** ग्राम खितौली के समस्त निवासियों द्वारा जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी से भेंट कर गांव खितोली की एक गंभीर और दीर्घकालिक समस्या के समाधान की मांग की गयी।

ग्रामवासियों ने बताया कि आज के आधुनिक युग में, जब देश के हर कोने में विकास की किरणें पहुंच रही हैं और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, हमारा खितोली गाँव अभी भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। एक समय था जब हमारा गाँव भरा-पूरा था, परन्तु सड़क के अभाव के कारण, यहाँ के अधिकांश लोग शहरों की ओर पलायन कर चुके है, जिससे गाँव अब खाली खाली सा लगता है।

जो ग्रामीण अभी भी अपने पैतृक गाँव में रह रहे हैं, उन्हें प्रतिदिन सड़क न होने के कारण अकल्पनीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से, कई प्रकार की समस्याएँ हमारे जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं जिनमें चिकित्सा सुविधाओं का अभाव सड़क न होने के कारण, किसी भी आपातकालीन स्थिति, विशेषकर बीमार या वृद्ध व्यक्ति को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है। निकटतम सड़क, जो गाँव बडेत में है और खितोली से लगभग एक किलोमीटर की कठिन चढ़ाई पर स्थित है, तक पहुंचने में भी अत्यधिक समय और शारीरिक श्रम लगता है, जिससे कई बार बहुमल्य जीवन का नुकसान भी हो जाता है। आर्थिक पिछड़ापन, गांव के लोगों का मुख्य रोजगार दूध और सब्जियों का उत्पादन कर उन्हें बेचकर आजीविका कमाना है। सड़क सुविधा के अभाव में, उन्हें अपनी उपज को बाजार तक पहुंचाने के लिए पैदल चलना पड़ता है। इससे न केवल उनके समय और ऊर्जा की बर्बादी होती है। बल्कि रास्ते में उपज की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।

जिससे उन्हें उचित दाम नहीं मिल पाते और उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर बनी रहती है।शिक्षा और अन्य सुविधाओं से वंचना, बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित होती है और उनमें शिक्षा के प्रति रुझान कम होता जा रहा है। अन्य सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ भी सड़क कनेक्टिविटी के अभाव में गाँव तक नहीं पहुँच पाता। तेज होता पलायन, इन मूलभूत समस्याओं के कारण, युवा पीढ़ी बेहतर अवसरों और सुविधाओं की तलाश में गाँव छोड़कर शहरों की ओर पलायन कर रही है, जिससे गाँव का सामाजिक ताना-बाना बिखर रहा है और कृषि एवं ग्रामीण विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि गाँव बड़ेत की सड़क, जो छेड़ा से आती है और आगे बड़ेत तथा स्याला गाँव से होते हुए कुमैयाचौड़ तक जाती है, से खितोली गांव को जोड़ा जा सकता है। यह मार्ग हमारे गाँव तक सड़क पहुँचाने का सबसे व्यवहार्य विकल्प प्रतीत होता है।

ग्रामवासियों द्वारा जिलाधिकारी से विनम्र प्रार्थना है कि खितोली गाँव के निवासियों की इस दीर्घकालिक पीड़ा को समझे और इस मानवीय एवं विकास संबंधी समस्या परसहानुभूतिपूर्वक विचार करें। ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी से अनुरोध है कि संबंधित विभागों (जैसे लोक निर्माण विभाग, च्डळैल आदि) को तत्काल निर्देश देकर खितोली गाँव को सड़क मार्ग से जोड़ने की कार्यवाही शुरू करें। जिस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या को सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

# पूर्णागिरि मेले का जिलाधिकारी ने किया समापन

■ आगामी वर्ष मेले को और बेहतर रूप देने के लिया संकल्प

■ बेहतर सेवाएं देने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** पिछले तीन माह से चल रहे पूर्णागिरि मेले का जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत के प्रशासक नवनीत पांडे द्वारा पुरस्कार वितरण के साथ मेले का विधिवत समापन किया गया। इससे पूर्व पांडे ने मां पूर्णागिरी की विधिवत पूजा अर्चना करने के साथ मेले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी कर्मियों को पुष्कृत कर सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा उत्तर भारत के इस प्रमुख मेले में तीन माह के दौरान 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां पूर्णागिरि के दर्शन किए। जिसमें वृद्ध लोगों की तादाद सर्वाधिक रही। इस मेले में इस बार सभी व्यस्थाएं पूर्ण रूप से व्यवस्थित रही। जिससे तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानियां नहीं हुई।

जिला प्रशासन द्वारा मुंडन कार्य की दरे बहुत कम निर्धारित किए जाने के बावजूद भी लोगों को बड़ी राहत मिली। इसी प्रकार पुलिस द्वारा मेले की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय कार्य किया गया। जिलाधिकारी ने कहा मुख्यमंत्री द्वारा मेले के उद्घाटन के दौरान इस मेले को वर्ष भर आयोजित करने की जो घोषणा की गई थी उसके अनुसार जिला प्रशासन द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि आने वाले वर्ष से हम इस मेले को और बेहतर रूप देने के साथ इसे 3 माह का नहीं वर्ष भर आयोजित करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ जी एस खाती, मेला मजिस्ट्रेट आकाश जोशी,एसडीम अल्केश नोडियाल, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह बिष्ट, तहस. ीलदार जगदीश गिरी, मंदिर कमेटी के लोग मौजूद थे।

# हज समिति के सदस्य बने फहीम खां का किया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** उत्तराखंड राज्य हज समिति के नवनियुक्त सदस्य बने फहीम खां का झगड़पुरी पहुंचने पर प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी और उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत कर मिष्ठान वितरण किया। वहीं उनके साथ पहुंचे नगर पंचायत केलाखेड़ा के अध्यक्ष मोहम्मद सफी और सभासद गणों का भी शराफत अली मंसूरी के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

नवनियुक्त हज कमेटी के सदस्य फहीम खान झगड़पुरी पहुंचने पर सभी स्वागत करने वालों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि धामी सरकार ने उन्हें उत्तराखंड हज कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। इस पर उन्होंने धामी सरकार का धन्यवाद देते हुए बताया कि मुस्लिम समाज में जो लोग हज को जाने वाले हैं और उन्हें किसी भी तरह की अड़चन आ रही है तो वह उनसे संपर्क करें उसका निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने सर्व समाज के लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की। इस दौरान केलाखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद शफी ने बताया कि फहीम खां पूर्व में ईओ के पद पर केलाखेड़ा में भी रह चुके हैं और इनका कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है और फहीम खां नगर आयुक्त के पद से रिटायर हुए हैं। सरकार ने उनके कार्यकाल को संज्ञान में लेते हुए स्वत ही इन्हें राज्य हज समिति का सदस्य मनोनीत कर दिया है। शराफत अली मंसूरी ने बताया कि अगर किसी भी व्यक्ति को हज जाने से संबंधित या वक्फ से संबंधित भी कोई जानकारी लेनी हो तो फहीम खां से संपर्क कर सकते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान इशरत अली, जुल्फिकार अली, उस्मान,शशि प्रीत, शाहिद अली, अब्दुल रहमान, जाकिर हुसैन, नवाब अली, मोहम्मद हनीफ, सलामत अली, अब्दुल खालिक, मोहम्मद इलियास कुरैशी, सत्तार हुसैन सैफी, डॉक्टर शकील आदि लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जसविंदर सिंह मानकिया भाजपा में शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** क्षेत्र के वरिष्ठ और प्रभावशाली कांग्रेस नेता ग्राम नजीमाबाद निवासी जसविंदर सिंह मानकिया ने आज अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह सदस्यता पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा किच्छा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी ने सभी नवागंतुकों को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया।

जसविंदर सिंह मानकिया ने कांग्रेस में रहते हुए कई जिम्मेदार पदों पर कार्य किया, जिनमें कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ उधमसिंहनगर के पूर्व जिलाध्यक्ष, किसान कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष, पूर्व डायरेक्टर मंडी समिति किच्छा, और जिला उपाध्यक्ष (राहुल गांधी और यूथ ब्रिगेड) शामिल हैं।

भाजपा में शामिल होने के बाद मानकिया ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के जनहितकारी कार्यों से प्रभावित हूं, साथ ही पूर्व विधायक राजेश शुक्ला जी के नेतृत्व, कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण और क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को देखकर मैं भाजपा से जुड़ने को प्रेरित हुआ हूं। कांग्रेस में लंबे समय तक सक्रिय रहने के बावजूद वहां लगातार उपेक्षा झेलनी पड़ी, इसलिए आज मैंने यह बड़ा निर्णय लिया है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री राजेश शुक्ला ने जसविंदर सिंह मानकिया का स्वागत करते हुए कहा कि जसविंदर सिंह मानकिया जैसे जमीनी और अनुभवी नेता का भाजपा में आना न सिर्फ पार्टी को मजबूती देगा, बल्कि किच्छा क्षेत्र में संगठनात्मक आधार को और सशक्त करेगा। भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है जहां कार्यकर्ताओं और जनसेवकों का सम्मान होता है। हम सब मिलकर 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को लेकर क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन करने वालों में युवा नेता राज सिंह, इंद्रजीत सिंह, सुनील राय, मंसूर अली, हरि सिंह, बबलू, विकु कुमार, फिरोज अहमद, शंकर दत्त पाठक, कमल जोशी, शतीश जोशी, महेंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह, बच्चन सिंह समेत दर्जनों अन्य कार्यकर्ताओं ने भाजपा की संस्थान इस दौरान मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, ग्रामीण मंडल महामंत्री जितेंद्र गौतम, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शेर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंद किशोर, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जय नारायण, कमल फुलारा, क्षेत्र पंचायत सदस्य परमजीत सिंह पम्मा, पूर्व प्रधान परविंदर सिंह, महेंद्र कुमार, सरवन भगत, ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री किसान मोर्चा नारायण पाठक, अंकित पाठक, कमल जोशी, आत्मा परियोजना अध्यक्ष रविकांत वर्मा, डॉक्टर सावन सिंह, राजेंद्र सिंह, राजू चौहान, अजय कुमार अज्जू समेत समस्त ग्रामीण मंडल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में पूर्व विधायक के भाई की मौत, पत्नी गम्भीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** नानकमत्ता विधानसभा के भाजपा के पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा के चचेरे भाई का सड़क हादसे में निधन हो गया। मृतक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। बरेली अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा भी घटना स्थल पर रवाना हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा के चचेरे भाई ग्राम सिरोजा निवासी जशोद सिंह राणा अपनी पत्नी रजनी देवी के साथ लखीमपुर में डियूटी में जा रहे थे बरेली मार्ग पर 5,30बजे थाना विथरी में कंेटर अचानक अनियंत्रित हो गया और कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। यशोद राणा की मौके पर मौत हो गई। पत्नी रजनी देवी गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिससे आनन फानन में उपचार के लिए बरेली अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी हालत गम्भीर बनी हुई है।

डा. प्रेम सिंह राणा ने बताया है कि यशोद राणा ग्राम सरोज का निवासी है और वह लखीमपुर में कानूनगो पद पर कार्यरत थे। और सुबह अपनी डियूटी लखीमपुर जा रहे थे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# 11 साल में किसानों के 11 सवालों को पूरा नहीं कर पाई सरकार: राकेश टिकैत



**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि बेमिसाल बताए जा रहे ११ सालों में सरकार किसानों के ११ सवालों को पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने सरकार से केदारनाथ में हुई हेलिकाप्टर दुर्घटना की जांच कराने की मांग भी की। सोमवार से वीआईपी घाट पर शुरू हुए भाकियू टिकैत के तीन दिवसीय किसान कुंभ के पहले दिन राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली का निजीकरण, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट, एमएसपी कानून किसानों के बड़े सवाल हैं। जिन्हें सरकार के समक्ष रखा जाएगा। कहा कि सरकार ने ११ साल में सिर्फ जनता को लूटने का प्लान बनाया है। सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया और पूंजीपतियों की सरकार बन कर रह गई है। पूरे देश में सरकार के खिलाफ माहौल बना हुआ है। राकेश टिकैत ने कहा कि इकबालपुर शुगर मिल पर हरियाणा के किसानों का पिछले आठ सालों का करोड़ों बकाया है। इन सभी मुद्दों को लेकर जल्द ही सरकार को घेरा जाएगा। इस अवसर पर संजय चौधरी, विजयपाल शास्त्री, सुबा सिंह, पंकज चौधरी, विक्रांत चौधरी, सचिन बाली, अर्चित राणा, राजीव कुमार समेत कई किसान नेता शामिल रहे।

## रानीपुर कोतवाली पुलिस ने एसपीओ और सभासदों से की कांवड़ मेले में सहयोग की अपील

**हरिद्वार।** कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर रानीपुर कोतवाली पुलिस ने एसपीओ, नगर पालिका सभासदों के साथ बैठक कर सहयोग की मांग की। कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर एसएसपी के आदेशों के अनुपालन में सोमवार को रानीपुर कोतवाली प्रभारी ने थाना क्षेत्र के एसपीओ व नगर पालिका सभासदों के साथ बैठक आयोजित की।


**BRIDCUL (ब्रिडकुल)**

ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड
इकाई कार्यालयः अवस्थापना भवन, 583 – ठ, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून–248001
टैलीफोन–0135–2522941, ई–मेलः pmbridcul.ddn@gmail.com,CIN No. U45203UR2008SGC032591

Ref No: 452/BRIDCUL-233/25 Dated: 16/06/2025

**E-Tender**

**NIT No. (BRIDCUL/PU/DDN/2025-26)**

On behalf of Hon'ble Governor of Uttarakhand, MD, BRIDCUL, invites E-Tender for the following works from Contractors Empanelled with BRIDCUL in Civil work Category-III (upto 2 Crore):-

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost with GST (In Lac) | Bid Security/ EMD (In Lac.) | Cost of Tender Document | Document Download Start Date | Bid Submission End Date | Date of Technical Bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Additional Ticket Counter work at Transit Camp Rishikesh (Dehradun) Uttarakhand | 49.82 | 1.00 | Rs. 5000/- +18% GST.00 | 17.06.2025 | 30.06.2025 | 30.06.2025 |

The details of e-tender of above work can be obtained directly from website https://www.uktenders.gov.in Changes if any will be intimated only through our website https://www.uktenders.gov.in.

Project Manager
BRIDCUL

## एक नजर

### तल्ला ओढ़खोला में समस्याओं पर बैठक

**अल्मोड़ा।** नगर के तल्ला ओढ़खोला वार्ड में सोमवार को समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक हुई। इस दौरान बैठक में लोगों ने बिजली, पानी समेत अन्य समस्याओं को रखा और उनके जल्द निराकरण की मांग उठाई। बैठक में मौजूद क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने क्षेत्रीय समस्याओं को दूर करने के साथ बाबा भीम राव अंबेडकर के द्वारा रचित भारतीय संविधान को संरक्षित करने की बात कही। वहीं, पूर्व पालिक. ाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा पूर्व में नगर पालिका द्वारा उक्त क्षेत्र में पानी बिजली भवन आदि कार्य किए गए है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने लोगों की समस्याओं के समाधान को प्रयास की बात कही। यहां बैठक में पार्षद दीपक कुमार, कांग्रेस नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, अनूप भारती, मुकेश कुमार, गंगा राम, गोविंद लाल, प्यारे लाल, दुर्गा लाल, ख्याली राम, सुनील भोज, चंदन लाल, हरीश लाल, प्रेम लाल, संजय कुमार, ललित प्रसाद, अशोक लाल, सुमित कुमार, अनूप कुमार, रोहित कुमार, कन्नू कुमार, रवि कुमार, कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांगों की मदद करते रहे सीओ प्रमोद साह

**नैनीताल।** नैनीताल पुलिस न केवल सुरक्षा में तत्पर है बल्कि हर कदम पर मदद के लिए भी तैयार है। बता दें कि नीम करौली बाबा के कैंची धाम में लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ जारी हैए नैनीताल पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा में तैनात है। इसी दौरान जब एक दिव्यांग श्रद्धालु अपने परिजनों के साथ बाबा के दर्शन हेतु पहुंचे तो मौके पर तैनात क्षेत्राधिकारी भवाली प्रमोद शाह ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उन्हें सीढ़ियों में सहारा देकर दर्शन कराए। श्रद्धालु और उनके परिजनों ने पुलिस की इस मानवता भरी पहल पर आभार व्यक्त किया और नैनीताल पुलिस के प्रति अपनी सराहना प्रकट की।

### प्रोफेसर शशि पांडे ने दी मौखिक परीक्षा

**नैनीताल।** हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग कुमाऊं विवि डीएसबी परिसर नैनीताल में असिस्टेंट प्रोफेसर डा. शशि पाण्डे की डी-लिट उपाधि हेतु शोध मौखिकी आयोजित हुई। बता दें कि डा. पाण्डे के शोध का विषय कुमाऊंनी भाषा एवं संस्कृति का लोकतात्विक अध्ययन थाए जिसमें बाह्य परीक्षक प्रो. एसडी तिवारी तथा प्रो. डी. पोखरिया रहे। इस अवसर पर प्रो. निर्मला ढैला बोरा (विभागाध्यक्ष हिंदी) समेत प्रो. शिरीष कुमार मौर्य, डक्र्ग् शुभा मटियानी, प्रो. सावित्री कैड़ा जन्तवाल, मेधा नैलवाल, डा. कंचन आर्या, डा. दीक्षा मेहरा, मृदुल पाण्डे, एएडवोकेट जितेश राणा, प्रत्युष तिवारी आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा महासचिव डा. विजय कुमार ने डा. शशि पांडे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### गाली-गलौज और मारपीट का आरोप

**अल्मोड़ा।** दन्या थाने के ग्राम पपोली निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही दूसरे व्यक्ति पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज का जांच शुरु कर दी है। धौलादेवी ब्लॉक के ग्राम पपोली निवासी प्रताप सिंह गैड़ा ने पुलिस में तहरीर दी है। कहना है कि शनिवार को वह अपने कार से गोविंद सिंह भैसोड़ा और चंद्र सिंह निवासी चमतोला और जगत सिंह नायल धूरा के साथ दन्या की तरफ जा रहे थे। इस बीच मदन सिंह निवासी पपोली लगातार उन्हें फोन कर रहा था। काफी देर बाद कार रोक कर वापस फोन किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बीते 12 जून को भी आरोपी ने गांव में मारपीट कर नरपत सिंह को घायल कर दिया। आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### सीओ ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**अल्मोड़ा।** सीओ गोपाल दत्त जोशी ने थाना धौलछीना के बाड़ेछीना तिराहा पर स्थित पुलिस सहायता केंद्र का औचक निरीक्षण कर मौजूद कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही थानाध्यक्ष धौलछीना विजय नेगी को प्रभावी चेकिंग अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार सीओ ने रविवार देर शाम चौकी जागेश्वर का भ्रमण कर चौकी निर्माण के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया।

### मोटर मार्ग की बदहाली पर आक्रोश

**बागेश्वर।** भैसखाल-काफलीकमेड़ा मोटर मार्ग की बदहाली पर ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज ग्रामीणाों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर जल्द सड़क को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने की मांग की है। मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सलिंग उडियार के ग्रामीण सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि भैंसखालसे काफली कमेड़ा तक सड़क बनी है, लेकिन देखभाल के अभाव में सड़क जीर्ण-शीर्ण हो गई है। इस कारण गांव के 80 परिवार परेशान हैं। सभी ग्रामीण खेती किसानी से जुड़े हैं। जिस कारण उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। इस मांग को लेकर वह पूर्व में भी कई बार मांग कर चुके हैं, लेकिन उन्हें हमेशा आश्वासन की घुटी पिलाई जा रही है। उन्होंने समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर चामू सिंह, खुशाल सिंह, तारा सिंह, हर्ष सिंह, खड़क सिंह तथ राम सिंह आदि मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा में कुमाऊं महोत्सव 21 से



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में दस दिवसीय कुमाऊं महोत्सव की तैयारियां पूरी हो गई है। आगामी 21 जून को महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं, समिति ने महोत्सव को

**नए कलाकारों को भी मिलेगा मौका**

भव्य बनाने को लेकर जोर दिया गया। सोमवार को श्रीराम सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा समिति ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान समिति के सदस्यों ने बताया कि दस दिवसीय महोत्सव को भव्य बनाया जाएगा। बताया कि महोत्सव में हर दिन स्टार नाइट में स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति से महोत्सव में चार चांद लगाएंगे। उन्होंने कहा कि दस दिन तक चलने वाले महोत्सव में सांस्कृतिक, नृत्य, गायन, कलात्मक योग आदि प्रतियोगिताएं के साथ ही मैराथन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, ओपन माइक जैसी गति. विधियां भी होंगी। जबकि महोत्सव में इंदर आर्या, माया उपाध्याय, जीतेंद्र तोमक्याल, मनोज आर्या, गजेंद्र राणा आदि उत्तराखंड के लोक कलाकार अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। उन्होंने बताया कि दस दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 21 जून से किया जाएगा। यहां प्रेस वार्ता में कुमाऊं महोत्सव अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, अमरनाथ सिंह नेगी, खेल संयोजक हरीश कनवाल, शगुन त्यागी, हर्षिता तिवारी, अनिरुद्ध पांडे, प्रदीप मेहता आदि मौजूद रहे।

# नियमितिकरण के लिए पौधारोपण आंदोलन जारी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन सोमवार को 346 वे दिन जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आइए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत सोमवार को उनके नेतृत्व में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। इधर दिनेश गुरुरानी ने महासंघ द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण आंदोलन का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में आने पर निगम के सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया है। इंडिया बुक रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने पर महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला, महामंत्री विजय पुरोहित, कार्यकारी अध्यक्ष जोगिंदर लाल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय भट्ट, संरक्षक सुरेश पवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, पीतांबर दुम्का, गौतम कुमार, अनिल जोशियाल, सुमेर रावत, जयपाल बिष्ट, श्यामलाल सेंजवाल, महेश कुमार दास, हरीश पुनेठा तथा धन सिंह रावत, महिमन कफलिया व संतोख बिष्ट ने सभी का आभार प्रकट किया है।

# मोहर्रम कमेटी की बैठक

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** मुहर्रम कमेटी की बैठक सदर नाजिम बक्श की अध्यक्षता में रजा क्लब मल्लीताल में हुई, जिसमें तय हुआ कि इस बार रजा क्लब इमाम बाड़ा में ताजिये का काम जल्द शुरू किया जायेगा और मुहर्रम का चाँद 26 जून को दिखेगा जबकि 27 जून को चाँद की पहली तारीख होंगी। तय किया गया कि चाँद देखने के बाद सूखाताल स्थित कर्बला व इमामबाड़ा रजा क्लब मल्लीताल मे परचम लगाया जायेगा और चांद की एक तारीख से 8 मुहर्रम महा तक घरों में जिक्र ए हुसैन की महफिल होंगी। मुहर्रम माह की 7 तारीख को जुलुस ए अलम निकला जाएगा जो रॉयल होटल से निकलकर इंद्रा मार्किट से होते हुए बारा बाजार से वापस इमाम बाड़ा रजा कलब में संपन्न होगा और उसके बाद रजा कलब मल्लीताल में जिक्र ए हुसैन किया जायेगा और मुहर्रम की 9 तारीख को दिन में लंगर (यानि भंडारा) होगा ओर शाम को मगरिब के बाद ताजियों का जुलूस अपने निर्धारित मार्ग पर निकलेगा जो की इमाम बाड़ा रजा कबल मे संपन्न होगा। इसके बाद मुहर्रम की 10 तारीख यौमे अशुरा के दिन में ताजियो का मैन जुलुस फतहे निशान, ढोल ताशों व अखाडा के साथ रॉयल होटल से शुरू होगा जो कि इंद्रा मार्किट बेकरी कंपाउंड से रजा क्लब मल्लीताल पहुंचेगा जहां से फिर ताजियों के साथ अपने निर्धारित मार्ग अंडा मार्किट, जयलाल शाह बाजार, सय्यद रेस्टोरेंट से वापस बीच का बाजारए खड़ी बाजार, गारी पड़ाव से मल्लीताल कोतवाली वहां से वापस शारदा संघ, पुराना घोड़ा स्टैंड से गोलघर, बड़ा बाजार, से इंद्रा मार्किट से रॉयल होटल नैनीताल से रजा क्लब, चीना बाबा मंदिर, हाईकोर्ट से होते हुए देर रात सुखाताल स्थित कर्बला में समापन होगा और वहां पर ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।

# गांवों को सड़कों से जोड़ा जाएगा: कैड़ा



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** भीमताल विधान सभा के विधायक राम सिंह कैड़ा ने ओखलकांडा विकासखंड के स्युड़ा से कौन्ता-ककोड तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्व में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत करा दिया था लेकिन ककोड के गैना गांव में लिंक मोटर मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता थाए मैन मार्ग तक ग्रामीणों को अपना सामान घोडो या सिंह में रखकर मैन मार्ग तक लाना पड़ता था। ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा से ग्राम सभा ककोड के गैना गांव के लिए लिंक मोटर मार्ग बनाने की मांग की थी। विधायक कैड़ा ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए नावाड योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 44 लाख स्वीकृति कराकर गैना गांव के लिए मोटर मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्याश किया। ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा का फूल मालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। विधायक कैड़ा ने कहा हर गाँव को सड़क से जोड़ना मेरा प्रयास है जिस दिशा मे लगातार कार्य किया जा रहा है।

# सस्ता गल्ला विक्रेताओं की हड़ताल



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** लंबित बिलों के भुगतान समेत तमाम समस्याओं के निराकरण को लेकर पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ की हड़ताल जारी है। सोमवार को विक्रेताओं ने बैठक कर

**विधायक मनोज तिवारी को भी सौंपा ज्ञापन**

जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई। वहीं, अगस्त तक खाद्यान्न वितरण नहीं करने का ऐलान किया।

नगर के नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में दोपहर करीब 03 बजे विक्रेताओं ने कहा कि कोई भी विक्रेता अगस्त तक खाद्यान्न का वितरण नहीं करेगा। विभाग के किसी अधिकारी की ओर से डीलरों को दुकान सस्पेंड करने व जांच करने संबंधित धमकी देकर मशीन लगाने व राशन बांटने में मजबूर करने पर संगठन सभी डीलरों के साथ मिलकर संबंधित के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगा। इस दौरान बैठक में पहुंचे विधायक मनोज तिवारी को विक्रेताओं ने ज्ञापन भी सौंपा। विक्रेताओं की मांगों को विधानसभा सत्र में उठाने की मांग की। यहां संघ के जिलाध्यक्ष संजय साह, दिनेश गोयल, केसर खनी, अभय शाह, नारायण सिंह, विपिन तिवारी, सुरेश, संदीप नंदा, प्रकाश भट्ट, लक्ष्मी दत्त भट्ट, मोहन सिंह बिष्ट, दिनेश बला. ेदी, कमल कांत, राजेंद्र सिंह, तारा सिंह, महेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, किशन सिंह, शोभन सिंह, विपिन पंत, राजेंद्र बिष्ट, प्रताप बिष्ट, गोविंद सिंह, रमेश भाकुनी, आनंद सिंह, सुरेश भट्ट आदि रहे।

# नगर आयुक्त ने किया ईदगाह रोड़ नाले के सफाई कार्य का निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए नाले पर सुरक्षा दीवार और दोनों और जाल लगाने के निर्देश

**नाला सफाई होने से लोगों को मिलेगी जलभराव से राहत: अहसान अंसारी**



**हरिद्वार।** बरसात में होने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम की तैयारियां जारी हैं। नगर निगम द्वारा शहर के सभी छोटे बड़े नालों की सफाई करायी जा रही है।

सोमवार को नगर आयुक्त नन्दन कुमार ने पार्षद अहसान अंसारी के साथ ईदगाह रोड पर मौजूद बड़े नाले के सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों को सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर नाले की सुरक्षा दिवार बनवाने व नाले के दोनों और कूड़े को रोकने हेतु जाल लगवाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। गौरतलब है कि बरसात से पहले मेयर किरण जैसल के निर्देश पर एमएनए नन्दन कुमार के नेतृत्व में शहर के नालों की सफाई को लेकर नगर निगम ने विशेष अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में सोमवार को नगर आयुक्त नन्दन कुमार ने वार्ड ४४ के पार्षद अहसान अंसारी के साथ ईदगाह रोड पर मौजूद बड़े नाले का निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाले की सफाई कर रहे कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नाले की सुरक्षा दीवार और दोनों तरफ जाल लगवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। पार्षद अहसान अंसारी ने बताया कि बरसात के समय में क्षेत्र में जलभराव की समस्या सामने आती है। जिसके निस्तारण के लिए नाले की सफाई कराई जा रही है। जिस प्रकार का सफाई अभियान चलाया गया है वह स्थानीय निवासियों के अनुसार पिछले ३०-३५ वर्षों में पहली बार है। नाले की सफाई होने से क्षेत्र में जलभराव की समस्या होने से लोगों को राहत मिलेगी।

### डीएम ने किए दो जेई निलंबित

**बागेश्वर।** बारिश से बंद सड़कें यदि समय पर नहीं खुलीं तो जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में डीएम आशीष भटगाई ने सख्त रुख एकतियार करते हुए पीएमजीएसवाई के दो जेईयों पर निलंबन की कार्रवाई कर दी है। डीएम के सख्त होते ही अधिका. रियों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि बीते दिनों हुई बारिश से धरमघर-सनगाड़ ग्रामीण मोटर मार्ग पर मलबा आ गया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जबकि ग्रामीणों ने इसकी शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों से की गई। लेकिन उसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसकी शिकायत लोगों ने जिलाधिकारी से की। मामले का संज्ञान में लेते हुए कनिष्ठ अभियंता जितेश मलकानी, स. अभि. आशीष रावत को निलंबित कर दिया।


**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड चम्पावत**

फोन/फैक्स न0:-05965-230572

E-Mail ID: eddept@yahoo.com

पत्रांक- 747/वि0वि0ख0(च0)/ दिनांक-16.06.2025

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा विद्युत निरीक्षक उत्तराखण्ड शासन हल्द्वानी से पंजीकृत/अनुभवी/प्रतिष्ठित ठेकेदारों से जो उत्तराखण्ड विद्युत सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत के साथ-साथ जीएसटी, ईपीएफ विभाग तथा आयकर में पंजीकृत हों निम्न विवरणानुसार कार्य संपादन हेतु पृथक-पृथक मुहर बंद निविदा दो भागों में प्रथम भाग में धरोहर धनराशि जो अधोहस्ताक्षरी के नाम बंधक हो (जो कि राष्ट्रीय बचत पत्र एवं बैंक सावधी जमा पत्र में स्वीकार की जायेगी तथा यह निविदा प्रकाशित होने की पूर्व की ना हो) विद्युत निरीक्षक उत्तराखण्ड शासन पंजीकृत प्रमाण पत्र, जीएसटी, आयकर, व ईपीएफ पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं द्वितीय भाग में कार्य की दरें होगी निविदा हटाए प्रथम भाग में वांछित प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में निविदा द्वितीय भाग नहीं खोला जायेगा। दरों की वैधता के लिये रु0 100.00 का नान ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर में प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा एवं दिनांक 02.07.2025 के अपराह्न 16:00 बजे तक निविदा फॉर्म बिक्री किये जायेंगे तथा दिनांक 03.07.2025 के अपराह्न 15:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी कार्य दिवस में सायं 16.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अथवा मनोनीत अधिकारी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा के सम्मुख अंकित निविदा मूल्य के बैंक ड्राफ्ट के भुगतान पर निविदा खुलने से एक दिन पूर्व किसी भी कार्य दिवस में खरीदी जा सकती हैं। यदि निविदा खुलने की तिथि पर कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाये, तो निविदा अगले कार्य दिवस में यथावत खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी एक अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**निविदा खुलने की तिथि:- 03-07-2025**

1. **निविदा संख्या ई0डी0डी0सी0 35/2025-26** विद्युत वितरण उपखण्ड टनकपुर के अन्तर्गत विभिन्न उपभोक्ताओं को सोलर संयोजन प्रदान करने से सम्बन्धित कार्य एवं सामग्री आपूर्ति। **धरोहर राशि: 20,400.00** निविदा मूल्य रुपया **500=00 + 90.00**(जीएसटी सहित)=रुपया590.00 मात्र।
2. **निविदा संख्या ई0डी0डी0सी0 36/2025-26** विद्युत वितरण उपखण्ड चम्पावत के अन्तर्गत विभिन्न उपभोक्ताओं को सोलर संयोजन प्रदान करने से सम्बन्धित कार्य एवं सामग्री आपूर्ति। **धरोहर राशि:- 44,300.00** निविदा मूल्य रुपया **1000=00 + 180.00** (जीएसटी सहित)= रुपया **1180.00** मात्र।
3. **निविदा संख्या ई0डी0डी0सी0 37/2025-26** विद्युत वितरण उपखण्ड लोहाघाट के अन्तर्गत विभिन्न उपभोक्ताओं को सोलर संयोजन प्रदान करने से सम्बन्धित कार्य एवं सामग्री आपूर्ति। धरोहर राशि:- **44,300.00** निविदा मूल्य रुपया **1000=00 + 180.00** (जीएसटी सहित) =रुपया 1180.00 मात्र।
4. **निविदा संख्या ई0डी0डी0सी0 38/2025-26** विद्युत वितरण उपखण्ड लोहाघाट के 33/11 के0वी0 उपसंस्थान खेतीखान में 1X5 एम0वी0ए0 का अतिक्ति परिवर्तक लगाये जाने का कार्य एवं सामग्री आपूर्ति। धरोहर राशि:- **22,900.00** निविदा मूल्य रुपया **500=00 + 90.00** (जीएसटी सहित) = रुपया **590.00** मात्र।
5. **निविदा संख्या ई0डी0डी0सी0 39/2025-26** विद्युत वितरण उपखण्ड टनकपुर के 33/11 के0वी0 उपसंस्थान बनबसा में स्थापित परिवर्तक नं0 1 का 1X5 एम0वी0ए0 से 1X12.5 एम0वी0ए0 में क्षमतावृद्धि करने का कार्य एवं सामग्री आपूर्ति। धरोहर राशि:- **18,100.00** निविदा मूल्य रुपया **250=00 + 45.00** (जीएसटी सहित) = रुपया **295.00** मात्र।

**अधिशासी अभियन्ता**

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''


# राज रायफल ने 56 अंकों से जीता मैच

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल के डीएसए मैदान के बास्केटबाल कोर्ट में डीएसए के पूर्व बास्केटबाल सचिव व रायल बास्केटबाल क्लब के सदस्य रहे स्व.

**स्व. गिरीश वर्मा स्मृति बास्केटबॉल प्रतियोगिता**

गिरीश वर्मा स्मृति बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 13 से 15 जून के बीच बास्केटबॉल कोर्ट नैनीताल में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में नैनीताल समेत हल्द्वानी, अल्मोड़ा, देहरादून समेत अन्य शहरों की कुल 12 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल 21 राज राइफल देहराद. ून बनाम नैनीताल के बीच खेला गया जिसमें 21 राज राइफल देहरादून ने 56 अंक बनाकर जीत हासिल की और नैनीताल 28 अंक बना सका। दूसरा सेमीफाइनल एयर बॉलर्स और




एशियन बास्केटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें एशियन बास्केटबॉल क्लब ने 52 अंक बनाकर जीत हासिल की और एयर बॉलर्स ने 42 अंक बनाए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 21 राज राइफल देहरादून बनाम एशियन बास्केटबॉल कलब के बीच खेला गया जिसमें 21 राज राइफल देहरादून ने 58 अंक बनाकर जीत हासिल की और एशियन बास्केटबॉल कलब ने 42 अंक बनाए। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में डा. नागेंद्र शर्मा, खेल कार्यालय और सचिव खेल बोर्ड कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल अध्यक्ष डीओ यूएसनगर और वरिष्ठ समा. जसेवी कविता गंगोला मौजूद रही जबकि सचिन नेगी (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका नैनीताल) की उपस्थिति में सेमीफाइनल मैच खेले गये जबकि फाइनल मैच में प्रो. जीएल साह (पूर्व महासचिव डीएसए नैनीताल), प्रो. देवेन्द्र सिंह बिष्ट (पूर्व वरिष्ठ प्राध्यापक कुविवि डीएसबी परिसर नैनीताल), राजू रावत(पूर्व ओलंपियन), राजीव गुप्ता (पूर्व डीएसए बास्केटबॉल सचिव एवं रायल बास्केटबॉल सचिव की उपस्थिति रही। इस टूर्नामेंट का आयोजन पुलकित वर्मा और जलज वर्मा (स्व. गिरीश वर्मा के पुत्रों) द्वारा मोहमद अशरफ के सहयोग से किया गया था। आयोजन समिति में विनोद कनारी, ज्ञान डांगी, तरूण खतवाल, समीर अली, फरीद अहमद, कुणाल आर्य, कुलदीप वर्मा, नीरज कुमार, संतोष कुमार, फरदीन खान, अभिनव जोशी, उज्जवल सिमले, हिमांशी ढैला तथा यश ढैला व उज्जवल शाह शामिल थे।

# कल से अनशन करेंगे स्वच्छक



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विभिन्न मांगों को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर निगम प्रांगण में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन सोमवार 12वें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने चेताया अगर शीघ्र ही कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा किया तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगे। सोमवार को देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर निगम प्रांगण में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान धरनास्थल पर हुई सभा को संबोधित अमित कुमार ने बताया कि बीते 10 जून को नगर स्वास्थ अधिकारी द्वारा आंदोलित कर्मियो से वार्ता हुई जिस पर अंतिम निर्णय क लिए आज 16 जून को लेने के लिए समय दिया गया था जब तक आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से किये जाने के लिए आग्रह किया गया था लेकिन कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन जारी रखा। लेकिन समय समाप्त होने के बाद भी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कर्मचारियों की मांगों को बार-बार अनदेखा किया जा रहा है। जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा आगामी 18 जून से इस आंदोलन को अनशन में तब्दील किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अब अधिकारियों के बहकावे में आने वाले नहीं है जब तक मांगों को लिखित तौर पर नहीं दिया जायेगा कर्मचारी आंदोलन से हटने वाले नहीं है। धरना प्रदर्शन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय पाल, शाखा अध्यक्ष रवि चिंडालिया, विश्वास, राजेश, विरेन्द्र, जयपाल, मुकेश, राजेश खन्ना, कैलाश बाबू, अलंकार, चौधरी विक्रम, अरूण आदि मौजूद रहे।

# कार्यबहिष्कार की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** तीन माह से वेतन नहीं मिलने से स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मियों में रोष बना हुआ है। सोमवार को नाराज कर्मियों ने बांह में काला फीता बांध सांकेतिक विरोध किया।



जल्द वेतन नहीं मिलने पर कार्य बहिष्कार पर चले जाने की चेतावनी दी। शाम करीब 04 बजे कार्मिकों ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को तीन माह तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत नियुक्त कर्मियों को दो माह से वेतन नहीं मिल पाया है। वेतन नहीं मिलने से करीब 450 कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उनके लिए घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है। कहा कि कई बार इस समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन फिर भी कर्मियों का वेतन जारी नहीं हो सका है। इससे कर्मचारियों में नारा. जगी है। आउटसोर्स कर्मियों ने जल्द वेतन के भुगतान की मांग की। अन्यथा कार्यबहिष्कार जैसे कदम उठाने की भी चेतावनी दी। यहां अजय तिवारी, कृष्णा बिष्ट, सुचिता, बबिता गैड़ा, योगेश, उमेश, पवन जोशी, भरत कुमार आदि रहे।

# ऑपरेशन लगाम के तहत कनखल पुलिस ने की 9 लोगों पर कार्रवाई

**हरिद्वार।** ऑपरेशन लगाम के तहत पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई के क्रम में पुलिस ने नशे में बाइक दौड़ा रहे एक व्यक्ति का चालान करने के साथ बाइक को भी सीज कर दिया। इसके अलावा उत्पात मचा रहे ८ लोगों पर ८१ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी। नशे में वाहन चलाने वालों और नशे की हालत में सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा ऑपरेशन लगाम चलाया जा रहा है। थाना कनखल पुलिस ने क्षेत्र में अभियान चलाते हुए नशे की हालत में बाइक चला रहे रुस्तम पुत्र नबाब अली निवासी मौहल्ला कडच्छ ज्वालापुर का चालान करने के साथ बाइक को भी सीज कर दिया। इसके अलावा हुड़दंग मचा रहे उदित पुत्र राजेन्द्र निवासी अहमदाबाद गुजरात, विकसित त्यागी पुत्र मधुसूदन त्यागी निवासी आर्यनगर ज्वालापुर, हिनांशु पुत्र दिलवर सिहं निवासी गौरी कुण्ड सोनप्रयाग, अर्जुन पुत्र इन्देश निरानी निवासी अपर रोड हरकी पैडी हरिद्वार, लक्ष्य कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी घास मण्डी जटवाडा पुल ज्वालापुर, आकाश कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी पीठ बाजार ज्वालापुर, नितेश चौहान पुत्र प्रमोद चौहान निवासी झण्डा चौक जमालपुर कनखल व विपुल पटेल पुत्र कांजीबाई निवासी रोपर कच्छ गुजरात पर ८१ पुलिस एक्ट की कार्रवाई की गयी। पुलिस टीम में एसआई बिक्रम सिहं बिष्ट, हेडकांस्टेबल शूरबीर सिंह व कांस्टेबल दीपक चौधरी शामिल रहे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान रामनगर।**

पृ0प0सं0:- 1427/ई-निविदा/149 दिनांक:- 16/06/2025

**ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उ0ज0सं0 शाखा रामनगर, में डिपोजिट वर्क मद के अन्तर्गत निम्न विवरणानुसार, उत्तराखण्ड जल संस्थान/उत्तराखण्ड पेयजल निगम में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारो/फर्मो, से आईटम रेट के आधार पर ई-निविदा (टू-विड) आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा, निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर निविदादाताओं द्वारा डाउनलोड कर अपलोड करने हेतु दि0 17.06.2025 के सायं 5.00 बजे से दि0 27.06.2025 की सायं 5.00 बजे तक उपलब्ध होगी एंव तकनीकी ई-निविदा दि0 28.06.2025 के अपराह्न 04.00 बजे खोली जायेगी।

विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | श्रेणी | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Drilling of Tube well in the premises of awas vikas under Kashipur urban water supply scheme | 'सी' एवं उच्चतर | रु. 4000.00 + रु. 720.00 (GST18%)= रु. 4720.00 | रु. 170000.00 |

**नोट:-** ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध होगी एवं यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वेबसाईट पर ही अपलोड की जाएगी।

**अधिशासी अभियन्ता**

# विमेंस वनडे विश्वकप का शेडयूल जारी




**● भारत-पाकिस्तान की पांच अक्टूबर को होगी कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भिड़ंत**

**दुबई, वार्ता।** आगामी महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में भारत और पाकिस्तान के बीच पांच अक्टूबर को होने वाला मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जायेगा।

जारी किए महिला एकदिवसीय विश्वकप कार्यक्रम के अनुसार 30 सितम्बर को भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैच से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। 26 अक्टूबर को भारत का मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ बेंगलुरु में होगा। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया अपना अभियान एक अक्टूबर को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगी, वह आठ अक्टूबर को कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मैच 22 अक्टूबर को इंदौर में होगा। बारह साल बाद भारत महिला विश्वकप की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट में भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने सीधे क्वालीफाई किया था। वहीं पाकिस्तान और बांग्लादेश ने लाहौर में हुए क्वालीफायर के बाद टूर्नामेंट में जगह बनाई।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच हुए हाइब्रिड समझौते के तहत पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा। महिला विश्वकप में पाकिस्तान के शेष मैच दो अक्टूबर को बांग्लादेश, 15 अक्टूबर को इंग्लैंड, 18 अक्टूबर को न्यूजीलैंड, 21 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और 24 अक्टूबर को श्रीलंका के साथ होंगे। बेंगलुरु में 30 सितम्बर को भारत बनाम श्रीलंका, इंदौर में एक अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, तीन अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, कोलंबो में पांच अक्टूबर को भारत बनाम पाकिस्तान, इंदौर में छह अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी में 11 अक्टूबर को श्रीलंका बनाम इंग्लैंड, कोलंबो 15 अक्टूबर को पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड, इंदौर में 22 अक्टूबर को इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया, इंदौर में 25 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया, गुवाहाटी में 26 अक्टूबर (अपरन्ह) को इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरु में 26 अक्टूबर को भारत बनाम बांग्लादेश के बीच मैंच होंगे।

## भारतीय टीम के साथ कल फिर से जुड़ेंगे गौतम गंभीर

**लंदन, वार्ता।** भारत बनाम इंग्लैंड के बीच शुक्रवार को शुरु होने वाले टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर कल फिर से दल के साथ जुड़ जाएंगे गंभीर अस्पताल में भर्ती मां के बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण 11 जून को इंग्लैंड से दिल्ली लौट आए थे। गंभीर की अनुपस्थिति में रायन टेन डेशकाटे, सहायक कोच सितांशु कोटक और गेंदबाजी कोच मॉर्ने मोर्कल ने टीम की तैयारी की निगरानी की। इंडिया ए के कोच ऋषिकेश कानितकर भी उनके साथ थे। ऐसा माना जा रहा है कि गंभीर की मां के स्वास्थ्य में अब सुधार है और वह मंगलवार को भारतीय टीम के साथ जुड़ जायेंगे। पहले टेस्ट को देखते हुए गंभीर को टीम प्रबंधन के साथ मिलकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे।

# वाशिंगटन मेरे प्रेरणास्त्रोत: साई

**● पहले अभ्यास सत्र के दौरान बातचीत में दोनों खिलाड़ी भावनात्मक रूप से एक दूसरे से मिले**




**लंदन, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने सोमवार को कहा कि उनके वरिष्ठ साथी क्रिकेटर वाशिगटन सुंदर उनके लिए प्रेरणाोत रहे हैं।

तमिलनाडु के घरेलू क्रिकेट के दिनों से जुड़े ये दोनों खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए अभ्यास सत्र के दौरान फिर से मिले। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरु होने से पहले अभ्यास सत्र के दौरान बातचीत में दोनों खिलाड़ियों ने भावनात्मक रूप से एक दूसरे के प्रति जुड़ाव को याद किया। सुदर्शन ने अभ्यास सत्र के दौरान कहा कि मैंने उन्हें (वाशिगटन सुंदर) टीवी पर देखा और उनके कौशल से बहुत कुछ सीखा है। वाशिगटन सुंदर शुरू से ही मेरे लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं और उनके साथ एक या दो बार अभ्यास भी किया है। सुदर्शन ने याद किया कि उन्होंने वशिगटन सुंदर को भारतीय टीम में शामिल होने से पहले आईपीएल में उनकी बल्लेबाजी के जौहर देखे हैं। सुदर्शन ने कहा कि उस दौर ने मुझे वास्तव में प्रेरित किया। मैं उन्हें चेन्नई में साथ खेलने के हमारे युवा दिनों से जानता हूं। इससे मुझे लगा कि मैं भी उनके जैसा ही रास्ता अपना सकता हूं। भगवान उनका भला करे। इस पर वाशिगटन सुंदर ने कहा कि उन्होंने मुझे यह कई बार बताया है। मेरे कई दोस्तों और कोचों ने भी बताया है कि वह कितनी दूर तक पहुंचे हैं। उनका प्रदर्शन खासकर पिछले तीन-चार वर्षों में उल्लेखनीय रहा है। जब भी मैं उन्हें टीवी पर देखता हूं, तो मैंने देखा उनके खेल में कितना सुधार आया है। उनकी बल्लेबाजी बेहतरीन है।

# पटौदी की विरासत को बचाने को सचिन तेंदुलकर आए आगे

**● ईसीबी-बीसीसीआई के अधिकारियों से की बात, भारत इंग्लैंड को मिलेगा पटौदी पदक**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सचिन तेंदुलकर ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज़ में पटौदी की विरासत को बनाए रखने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों से बात की है। दोनों क्रिकेट बोर्डों ने पटौदी ट्रॉफी को रिटायर करने के ईसीबी के फैसले के बाद आगामी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का नाम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखने का निर्णय लिया था। हालांकि, इस फैसले को लेकर जबरदस्त विरोध देखने को मिला और खुद तेंदुलकर ने पटौदी विरासत को बचाने के लिए हस्तक्षेप किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सचिन के अनुरोध को ईसीबी ने स्वीकार कर लिया है और विजेता कप्तान को स्वर्गीय एमएके पटौदी के नाम पर एक पदक प्रदान किए जाने की योजना तैयार कर रही है। ईसीबी के एक अधिकारी ने स्वीकार किया है कि हां, इंग्लैंड-भारत सीरीज में पटौदी कनेक्शन को बनाए रखने की पुष्टि योजना है। 2007 से पटौदी ट्रॉफी आई पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता इफ्तिखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था। सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलना और सबसे ज्यादा 15,921 टेस्ट रन बनाने का रिकार्ड है। वहीं, जेम्स एंडरसन ने पिछले साल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एंडरसन दूसरे सबसे ज्यादा 188 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वे टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

# हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार: सलीमा

**● टीम अभ्यास और महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए रणनीतियों पर कर रही है काम**



**लंदन, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने सोमवार को कहा कि हम 17 और 18 जून को लंदन में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के मैचों में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है।

आगामी मैचों के बारे में सलीमा टेटे ने कहा कि अर्जेंटीना हॉकी में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और उसने अब तक 12 एफआईएच प्रो लीग मैचों में से सात जीते हैं। लीग के इस चरण में आने से पहले हम जानते थे कि उन्हें हराना मुश्किल होगा, लेकिन हम बिना लड़े हार नहीं मानेंगे। हम दोनों मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। टीम उनसे मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से अभ्यास और महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम कर रही है। उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा कि जैसा कि आपने देखा, टीम ने पिछले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी है और हम अर्जेंटीना के खिलाफ भी ऐसा ही करने की योजना बना रहे हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और जीत का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। अर्जेंटीना के खिलाफ जीत से न केवल हमें अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे टीम का मनोबल भी बढ़ेगा। हम बेल्जियम और चीन के खिलाफ मैच खेलने के लिए एंटवर्प और फिर बर्लिन जाएंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम लंदन के ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में 17 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ पहला और उसके बाद 18 जून को दूसरा मैच खेलेगी।

## राज्य स्तरीय बॉक्सिग प्रतियोगिता 27 जून से पंचकूला में

**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष वर्ग) का आयोजन 27 से 29 जून तक पंचकूला में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में महिला (सीनियर वर्ग) में भार 45-48 किलोग्राम, 51 किलोग्राम, 54 किलोग्राम, 57 किलोग्राम, 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 70 किलोग्राम, 75 किलोग्राम, 80 किलोग्राम, +80 किलोग्राम तथा पुरुष (सीनियर वर्ग) में 47-50 किलोग्राम, 55 किलोग्राम, 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 70 किला. ग्राम, 75 किलोग्राम, 80 किलोग्राम आदि खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## डीडीसीए ने शहर व्यापी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने सोमवार को अपने बहुप्रतीक्षित टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आधिकारिक तौर पर शुभारंभ किया। सोमवार को यहां सेंट स्टीफंस कॉलेज ग्राउंड में राष्ट्रीय राजधानी की सबसे बड़ी अंतर-क्लब प्रतियोगिताओं में से एक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत मद्रास सीसी और यॉर्क सीसी के बीच एक रोमांचक उद्घाटन मैच के साथ हुई। प्रतियोगिता में कुल 104 क्लब भाग लेंगे। टीमों को ग्रुप चरण के लिए नौ पूल में विभाजित किया गया है। इस अवसर पर डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि यह टूर्नामेंट दिल्ली क्रिकेट के लिए एक मजबूत भविष्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य ऐसे और अधिक मंच प्रदान करना है।

**खेल विशेष**

## भारतीय फुटबॉल टीम हांगकांग से हारी

**हांगकांग, वार्ता।** खिलाड़ी शांति के संदेशवाहक के रूप में काम करते हैं: अनुराधा गुप्ता

श्रीनगर, वार्ता। जम्मू-कश्मीर की युवा सेवा एवं खेल महानिदेशक अनुराधा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ी शांति, समृद्धि और सद्भाव के संदेशवाहक होते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी लोकप्रियता और प्रभाव के कारण खिलाड़ी समाज के ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाते हैं। सुश्री गुप्ता ने मौलाना आजाद स्टेडियम से जम्मू-कश्मीर के दल को भुवनेश्वर (ओडिशा) में 22-26 जून तक होने वाली 78वीं सीनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप के लिए रवाना किया। दल में पांच पुरुष और पांच महिला तैराक शामिल हैं, जिन्हें योग्यता के आधार पर चुना गया है। उन्होंने तैराकी संघ के प्रयासों की सराहना की और कहा कि जम्मू-कश्मीर में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है , उन्हें जमीनी स्तर पर निखारने की सख्त जरूरत है।

## मनप्रीत भारत के लिए सबसे अधिक मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बने




**एंटवर्प, वार्ता।** मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ऑस्ट्रेलिया खिलाफ खेलने मैदान में उतरने के साथ ही भारत के लिए अपना 400वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले इस एतिहासिक मुकाबले में भारतीय टीम को 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। अपने 400वें मैच में खेलने के साथ ही मनप्रीत सिंह सर्वाधिक मैच के मामले में पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के 412 मैचों के रिकार्ड से 12 मैच पीछे है। 400 मैच तक पहुंचने को लेकर मनप्रीत ने कहा कि उन्होंने इस बारे में सोचा भी नहीं था। उन्होंने कहा कि वह उन्हें प्रेरित करने वाले प्रत्येक कोच और टीम के हर उस खिलाड़ी के साथ इस उपलब्धि साझा करना चाहेंगे जो उनके साथ खड़ा रहा। मैच में हार को लेकर मनप्रीत सिंह ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने यहां लगातार छह मैच हारे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। हालांकि सभी मुकाबले बहुत करीबी रहे हैं और हमने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन फिनिशिग में कमी रही। हम इस पर चर्चा करेंगे और अगलों मैचों में जोरदार वापसी का प्रयास करेंगे।

## गेंदबाज आवेश खान का मंगलवार को होगा घुटने का आपरेशन

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर आवेश खान का मंगलवार को मुंबई के कोकिला बेन अस्पताल में दाहिने पैर के घुटने की सर्जरी होगी। उनकी सर्जरी कोकिलाबेन अस्पताल के स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड आर्थोस्कोपी के हेड डाक्टर दिनशा पारदीवाला करेंगे। आवेश के पिता आशिक खान ने बताया कि घुटने की सर्जरी के लिए आवेश सोमवार को इंदौर से मुंबई चले गए हैं। मंगलवार को आपरेशन होगा। कुछ दिन वह मुंबई में डाक्टरों की निगरानी में रहेंगे और फिर करीब एक महीने बेड रेस्ट करेंगे। 2023 में ऋषभ पंत के लिगामेंट की भी सर्जरी कर चुके हैं। पंत का साल 2022 के आखिरी दिन दिल्ली से मेरठ जाने के दौरान कार एक्सीडेंट हो गया था। उनके सिर, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। उनके दाहिने पैर के घुटने की तीन लिगामेंट भी टूट गया था।

**टीम इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच**

# शार्दूल ने प्रैक्टिस मैच में जड़ा शतक

**● इंग्लैंड टेस्ट के लिए दावेदारी मजबूत, तीसरे दिन शार्दूल ठाकुर भारत ए की पारी में शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने**

**बेकनहम, वार्ता।** शार्दूल ठाकुर ने बेकनहम में खेले गए इंट्रा-स्क्वाड मैच में भारत ए की ओर से 68 गेंदों में नाबाद 122 रनों की शानदार पारी खेली। इसके साथ ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन में अपनी दावेदारी की पेश की। तीसरे दिन शार्दूल भारत ए की पारी में शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले सरफराज खान ने दूसरे दिन 76 गेंदों में 101 रन बनाए थे, जिसमें 15 चौके और 2 छक्के शामिल थे।

शार्दूल ने अपना शतक भारत की टेस्ट गेंदबाजी यूनिट जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह के खिलाफ बनाया। तीसरे दिन ही टीम मैनेजमेंट ने इंट्रा-स्क्वाड मैच को खत्म कर दिया मैनेजमेंट ने तीसरे दिन के मध्य में ही इंट्रा-स्क्वाड मैच को खत्म कर दिया। यह मैच सोमवार, 16 जून तक चलने वाला था। बीसीसीआई ने रविवार को कहा कि टीम इंडिया का इंट्रा-स्क्वाड मैच समाप्त हो गया है। 16 जून को पूरा दिन आराम रहेगा। टीम 17 जून को लीड्स के लिए रवाना होगी। प्रैक्टिस मैच का सीधा प्रसारण नहीं किया गया और न ही मीडिया को आधिकारिक तौर पर स्कोर उपलब्ध कराए गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह टीम का फैसला था कि तीन या चार दिन का मैच खेला जाए। स्कोर पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि कुछ खिलाड़ियों ने दो बार बल्लेबाजी की (जैसे भारत ए के लिए वाशिंगटन सुंदर)।

टीम मैनेजमेंट ने इंट्रा स्कायड मैच को तीसरे दिन ही समाप्त कर दिया। टीम अब 16 जून को आराम करेगी। चीफ सिलेक्टर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख भी मैच के दौरान थे मजबूत इससे पहले, भारत ने 469 रन बनाए थे। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने बेकनहम में सरफराज और शार्दूल के शतकों को देखा। दूसरे दिन के खेल की समाप्ति पर ठाकुर 10 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 19 रन बनाकर नाबाद थे। प्रैक्टिस मैच में ठाकुर के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें साथी आलराउंडर नितीश कुमार रेढी पर बढ़त दिला दी है। शार्दूल ठाकुर ने 2023 में खेला था आखिरी टेस्ट शार्दूल ठाकुर, जिन्होंने आखिरी टेस्ट 2023 में खेला था, बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी के लिए भारत की टीम का हिस्सा नहीं थे, जबकि नीतीश कुमार रेढी ने सभी पांच टेस्ट खेले और मेलबर्न टेस्ट में शतक भी जड़ा। शार्दूल को महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लेने के लिए जाना जाता है और उन्हें गोल्डन आर्म मैन के रूप में देखा जाता है। हेडिंग्ले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में उनका चयन होता है या नहीं, यह देखना बाकी है। भारत के लिए 11 टेस्ट मैचों में, ठाकुर ने एक पांच विकेट हाल सहित 31 विकेट लिए हैं, जबकि 18 पारियों में 67 रनों की सर्वोच्च पारी के साथ 331 रन बनाए हैं। रणजी ट्राफी में मुंबई के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद ठाकुर को इंग्लैंड सीरीज के लिए टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया। उनका पिछला टेस्ट दिसम्बर 2023 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था।

# चोटिल डॉगेट टीम से बाहर, एबॉट को बुलाया

**● डॉगेट की तरह एबॉट भी टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड खिलाड़ी है**



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट कूल्हे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए है और उनकी जगह सीन एबॉट को टीम में बुलाया गया है। डॉगेट वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। लेकिन अब वह चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया लौट आएंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने वाली टीम ऑस्ट्रेलियाई टीम में डॉगेट रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शामिल थे। डोगेट की तरह एबॉट भी टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड हैं, वे इस साल की शुरुआत में श्रीलंका दौरे पर गई ऑस्ट्रेलिया की टीम में थे और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान भी टीम में थे। लेकिन वह अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट में अभी तक पदार्पण नहीं कर पाये है। ऑस्ट्रेलिया की टीम 25 जून से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले अगले सप्ताह के मध्य में बारबाडोस पहुंचेगी। इसके बाद ग्रेनेडा और जमैका में मैच होंगे।

# जसप्रीत बुमराह-संजना बने केनरा एचएसबीसी लाइफ के ब्रांड एम्बेसडर




**नई दिल्ली, वार्ता।** जीवन बीमा क्षेत्र की कंपनी केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और उनकी पत्नी एवं प्रसिद्ध खेल प्रस्तोता संजना गणेशन को अपना नया ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। कंपनी ने यहां कहा कि इस जोड़ी का प्रतिनिधित्व राइज वर्ल्डवाइड द्वारा किया जा रहा है। यह साझेदारी कंपनी के उद्देश्य आधारित ब्रांड दृष्टिकोण को और सशक्त बनाती है और इसके मूल विचार 'प्रॉमिसेज़ का पार्टनर', यानी जीवन के हर मोड़ पर भरोसेमंद साथ निभाने वाले साथी, को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत करती है। कंपनी का मानना है कि बुमराह और संजना का रिश्ता भरोसे, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता जैसे मूल्यों पर आधारित है, वही मूल्य जो न केवल उनके खेल में उत्कृष्टता की पहचान हैं, बल्कि जीवन बीमा के क्षेत्र की भावना से भी मेल खाते हैं। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के अनुसार, यह रियल-लाइफ दंपति इस सोच को दर्शाता है कि जब जरूरत पड़े, तब साथ निभाना ही एक सच्चे 'प्रॉमिसेज का पार्टनर' की असली पहचान है। बुमराह ने इस साझेदारी पर कहा कि हर वादा, चाहे वह मैदान पर हो या जीवन में, जिम्मेदारी के साथ आता है। संजना और मैं हमेशा से पहले से योजना बनाकर चलने और हर दौर में एक-दूसरे का साथ देने में विश्वास रखते हैं। ऐसे में केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के साथ यह साझेदारी हमारे लिए एक सहज और स्वाभाविक जुड़ाव जैसा है। कंपनी यह समझती है कि लोगों के लिए लगातार उपस्थित रहना कितना महत्वपूर्ण है, ठीक वैसे ही जैसे एक सच्चे साथी को होना चाहिए। संजना ने कहा कि मेरे लिए एक सच्चे साथी का मतलब है ऐसा साथ, जिस पर हर परिस्थिति में भरोसा किया जा सके, सिर्फ तब नहीं जब सब कुछ आसान हो, बल्कि तब भी जब हालात चुनौतीपूर्ण हों। यही सोच मुझे केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस और उनकी 'प्रॉमिसेज का पार्टनर' फिलॉसफी से जुड़ने के लिए प्रेरित करती है। यह उस जीवनशैली को दर्शाता है, जिसे जसप्रीत और मैं जीते हैं, सोच-समझकर योजना बनाना, एक-दूसरे का सहारा बनना है।

# फीफ क्लब विश्व कप में यूरोप के दिग्गज क्लबों ने जीत दर्ज की

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** फीफा क्लब विश्व कप में यूरोप के दिग्गज फुटबॉल क्लबों बायर्न म्यूनिख और पेरिस सेंट-जर्मेन ने जीत के साथ शानदार शुरुआत की। इसके अलावा बोटाफोगो ने सिएटल साउंडर्स पर मामूली अंतर से जीत दर्ज की, जबकि पाल्मेरास और पोर्टो के बीच खेला गया मैच गोल रहित ड्रॉ रहा।

ग्रुप सी में रविवार को मिडफील्डर जमालकी दूसरे हाफ में लगाई गई हैट्रिक की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने ऑकलैंड सिटी पर 10-0 के साथ बड़ी जीत हासिल की, जबकि किंग्सले व माइकल ने दो- दो गोल किए। साचा बोए और मुलर और अन्य ने भी एक-एक गोल दागे। बायर्न की जीत क्लब विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ी जीत है, जिसने 2021 में अल-हिलाल की अल जज़ीरा पर 6-1 की जीत को पीछे छोड़ दिया। ग्रुप बी में नयी यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट- जर्मेन ने दोनों हाफ में दो गोल करके कैलिफोर्निया के पासाडेना में रोज बाउल में 80 हजार से अधिक प्रशंसकों के सामने एटलेटिको मैड्रिड पर 4-0 की जीत हासिल की। ब्राजील के पाल्मेरास और पुर्तगाली टीम पोर्टो ने न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में ग्रुप ए के अपने मैच में गोलरहित ड्रॉ खेला। ग्रुप बी के दूसरे मुकाबले में सीरी ए चैंपियन बोटाफोगो ने एमएलएस क्लब सिएटल साउंडर्स पर 2-1 से जीत हासिल की। जैर और जीसस के हेडर ने हाफटाइम तक बोटाफोगो को 2-0 की बढ़त दिलाई, लेकिन क्रिस्टियन रोल्डन ने गोलकर जीत के अंतर को कम कर दिया।

### सरकारी सड़क पर अवैध कब्जा कर बनाई जा रही

# दीवार तहसीलदार ने तुड़वाई

**❖ग्राम फक्करहेड़ी में शिकायत के बाद एसडीएम के आदेश पर हुई कार्रवाई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ग्राम फाकरहेड़ी में रास्ते में बनाई गई दीवार को पैमाईस के बाद नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने अपनी मौजूदगी में तुड़वाकर रास्ता चालू कराया।

ग्राम फाकरहेड़ी निवासी सेवाराम आदि ने एसडीएम को शिकायत कर बताया था कि उनके गांव में प्रेम सिंह आदि ने सरकारी रास्ते पर दीवार बनकर रास्ता कब्जा लिया है जिससे गांव के आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है शिकायत के बाद एसडीएम ने तहसीलदार को मौके पर जाकर पैमाइश करके दीवार को हटाने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि उप जिलाधिकारी भगवानपुर के आदेश के अनुपालन में ग्राम फक्रहेड़ी में शिकायतकर्ता सेवाराम ने प्रेम सिंह के खिलाफ शिकायत की गई कि उनके द्वारा रास्ते में दीवार की गई है मौके पर जांच पड़ताल के बाद पैमाइश की गई मिस की गई जिसमें लगभग 4 फीट दीवार रास्ते की आई जिसको मौके पर ही गिरवा दिया गया है। इस मौके पर शिकायतकर्ता सेवाराम के परिवार जन एवं विपक्षी प्रेम सिंह तथा अन्य ग्रामवासी एवं कानून को ओमप्रकाश पटवारी प्रीति सैनी आदि मौजूद रहे ।

### विधायक ममता राकेश ने छाप्पुर में किया

# इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** क्षेत्र की विधायक ममता राकेश ने छाप्पुर शेर अफगानपुर में इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का उद्घाटन करते हुए कहा कि भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कार्य करा रहे हैं। ताकि हर वर्ग का विकास हो सके। उन्होने कहा कि हर समाज का विकास करना उनकी प्राथमिकता है।

विधायक ममता राकेश ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अधिकांश गांवों में सभी जर्जर मार्गों को बनवाया जा रहा है जो भी बच गए हैं, उन पर भी काम चल रहा है। उनका प्रयास है कि सड़क, पानी, बिजली समेत तमाम मूलभूत सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलता रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक को गांव की समस्याओं से अवगत करते हुए उनके निस्तारण की मांग की। इस दौरान अब्दुल अजीज,आबीद, धर्मेन्द्र प्रधान,चंद्रभान, राधा , सुरेन्द्र, ललित, फरमान, तालिब, भूरा प्रधान,गफाफर आदि मौजूद रहे।



# पुलिस ने चोरी मामले के फरार दो आरोपी दबोचा, बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर पुलिस के हाथ एक बडी सफलता लगी है। पुलिस ने चोरी में वांछित दो आरोपियों को धर दबोचा है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली गयी है। पुलिस ने बताया कि घर में घुस कर चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया था।

जानकारी के अनुसार भगवानपुर पुलिस के हाथ एक बडी सफलता लगी है। पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को पकडा है। दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है। दिनांक 30/05/2025 को वादी राहुल कोटियाल पुत्र राधा वल्लभ कोटियाल निवासी प्रताप कालोनी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार द्वारा दिनांक 29/06/25 को घर के अन्दर रखे टी0वी0, सोने के जेवरात,कपड़े, डाक्यूमेन्ट को अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0 183/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया। जिसपर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्तों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना में वांछित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु किए जा रहे प्रयासों के परिणाम स्वरूप अभियुक्त मुगली व श्रवण उर्फ कलवा को खेलपुर रोड से मय घटना मे प्रयुक्त मो0सा0 सुपुर स्पलेन्डर के साथ गिरफ्तार किया गया। 'नाम पता आरोपी1- मुगली उर्फ अंकुल पुत्र महावीर निवासी रायपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार 20 साल 2-श्रवण उर्फ कलवा पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम रायपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार 19 साल है। उनसे घटना मे प्रयुक्त मो0सा0 सुपर स्पेलन्डर बरामद कर ली है। पुलिस टीम में उ0नि0 सुभाषचन्द-हे0कानि0 सुन्दरलाल- कानि0 रविन्द्र राणा आदि शामिल रहे।

### विकास सैनी बोले- कृषि विभाग में हो रही है बड़ी धांधली

# उच्च स्तरीय जांच से होगा दूध का दूध, पानी का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कृषि विभाग में बड़ी धांधली का आरोप भाकियू क्रांति ने लगाया है। कारवाई न होने पर उन्होंने मामले में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने पत्रकार वार्ता की।

बीएसएम तिराहा स्थित राजकीय बीज भंडार कार्यालय में पहुंचे भाकियू क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने कहा कि करीब आठ माह पूर्व बीज भंडार कार्यालय में एसडीएम द्वारा छापामारी कारवाई की गई थी जिसमें भारी मात्रा ने नकली बीज बरामद हुआ था मामले में जांच के निर्देश उनके द्वारा किए गए लेकिन आज तक उक्त जांच का कुछ पता नहीं। उन्होंने कहा कि करीब तीन माह पूर्व वह मामले को लेकर जिलाधिकारी से मिले। उन्होंने भी जांच के निर्देश कृषि अधिकारी को दिए थे लेकिन आज तक जांच नहीं हुई। सैनी ने कहा कि करीब दो करोड़ रुपए के नकली बीज किसानों को बेचे गए थे जिसमें कोई फसल पैदा न होने से सैकड़ों किसानों का करोड़ों का नुकसान हुआ। वहीं उन्होंने सरकार पर हरिद्वार जिले के किसानों की



उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कई योजनाएं जिसमें पौधा रोपण,ट्यूबवेल,कृषि यंत्रों की बिक्री आदि कागजों में पूरे हो रहे हैं जिसका खुलासा आरटीआई में हुआ है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा किए कार्यों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए अन्यथा वह उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। कदम सिंह ने आरोप लगाया कि हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के अधिकारी किसानों मजदूरो को परेशान कर रहे हैं। उनके खिलाफ कोई आवाज उठाता है तो वह मुकदमा दर्ज करवा देते हैं। उन्होंने कहा कि शासन को इस मामले में जांच कर कारवाई करनी चाहिए।

इस अवसर पर मोहम्मद आदिल,कादिर खान, कदम सिंह, कर्मवीर सैनी,डॉक्टर सोहराब, फईम खान,इम्तियाज खान,सतपाल सिंह,कुशाल सैनी,रिहान खान, सतपाल,आरफीन आसमीन,डॉक्टर सुलेमान, कारी उवेश,हैदर,दानिश मलिक,दानिश सिद्दकी,मोहम्मद आदिल आदि मौजूद रहे।

# अवैध नशीले कैप्सूल के साथ एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध नशीले कैप्सूल बेचकर युवाओं की नसों में जहर घोलने वाले को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 अभियान को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद हरिद्वार को नशा मुक्त करने के लिए अवैध शराब चरस एवं अन्य नशीले पदार्थों को रोकने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 15 जून 2025 को एक व्यक्ति को अवैध नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया गया जिससे 52 कैप्सूल नशे के बरामद हुए पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम परवेज पुत्र फुरकान निवासी मोहम्मदपुर कुन्हारी थाना लक्सर जिला हरिद्वार बताया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला भीक्कमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान कांस्टेबल अमित रावत वीरेंद्र शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# अवैध चाकू के साथ पुलिस ने एक संदिग्ध धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लकसर पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराअधियों संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाये जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था 15 जून 2025 को एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम गौरव पुत्र स्वरगिये धर्मवीर निवासी ग्राम फतवा कोतवाली लकसर बताया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में भीकएमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान कांस्टेबल दिगअंबरराय होमगार्ड चंद्रपाल शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स सवाद दाता**

**लक्सर।** ऑपरेशन लगाम के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। जिसमें एक युवक पकडा है। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित संबंधित मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन लगाम को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों व शराब पीकर वाहन चलाने वाले की चेकिंग कर प्रभावी कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम बनाई गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा ऑपरेशन लगाम में बारीकी से जांच करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसका नाम मोनू कुमार उर्फ मनमोहन सिंह पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम बहादुर जट थाना पथरी जनपद हरिद्वार है। उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल मनोज शर्मा शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# अवैध तमंचे के साथ एक संदिग्ध युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा बरामद हुआ है जो किसी बड़ी घटना को नजम देने की फीराक में था राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अपराधो की रोकथाम व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें 15 जून 2025 को लक्सर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहनों व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम तोहीद पुत्र शमशाद निवासी मोहम्मदपुर कुन्हारी थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुलतानपुर पुलिस चौकी पर भारी विरेंद्र सिंह नेगी कांस्टेबल अरविंद चौहान अनुप पोखरीयाल शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

# लक्सर से चोरी हुई बस को पुलिस ने की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा चोरी हुई बस को बरामद कर लिया है सीसीटीवी की कैमरो के माध्यम से वाहन चोर चंदघंटो में ही पुलिस ने किया गिरफ्तार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने यशवंत पुत्र तेजवीर सिंह निवासी लक्सर द्वारा थाने पर अपनी खुद की महिंद्रा टूरिस्ट बस 15 सीटर को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के संबंध में तहरीर दी थी जिसमें संबंधित मुकदमा पंजीकृत किया गया घटना का संज्ञान लेते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा माल व मुलजिम बरामद करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया गया जिसमें पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से बारीकी से जांच करते हुए चंद घंटो में ही एक विधि विवादित किशोर को चोरी की बस के साथ संरक्षण में लिया गया बस को नाबालिक के कब्जे से बरामद कर लिया गया बस को बरामद करने वाले पुलिस टीम में अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल कांस्टेबल गंगा सिंह ध्वजवीर सिंह शामिल रहे अपनी बस को पाकर बस स्वामी ने पुलिस का धन्यवाद किया है।

# मकान का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** बदमाशों ने दिनदहाड़े बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी और आभूषण चोरी कर लिए। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। नगर के मोहल्ला बंदरटोल निवासी मुशर्रफ अंसारी फर्नीचर का काम करता है। बताया गया कि फर्नीचर कारोबारी शनिवार को मकान को ताला लगाकर परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। शाम करीब 4:00 बजे चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया और ताले तोड़कर अलमारी में रखी दो लाख की नकदी व छह लाख कीमत के आभूषण चोरी कर लिए। बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। शादी समारोह से लौटकर आए तो परिजन मकान के ताले टूटे देख भौचक्के रह गए। कमरों में जाकर देखा तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। दिनदहाड़े चोरी की जानकारी मिलने पर सैकड़ों लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। इंस्पेक्टर चित्रगुप्त ने बताया कि चोरी के मामले में तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# लिब्रहेरी गन्ना समिति डेलिगेट चुनाव नामांकन में धांधली, हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नारसन ब्लॉक की लिबबरहेड़ी गन्ना सिमिति के चुनाव से पहले ही नामांकन के दौरान किसानों द्वारा बड़ी धांधली का आरोप लगाया गया।

जानकारी के अनुसार किसानों का कहना है उनके द्वारा दाखिल किए गए पर्चो को में डी पी आर ओ द्वारा कोई ना कोई कमी दिखा कर निरस्त कर दिया गया जिसका किसानों ने भारी विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि प्रशासन किसी रसूखदार व्यक्ति के कहने पर इस तरह के कार्य कर रहा है वही डीपीआरओ अतुल सिंह का कहना है कि किसानों द्वारा लगाए गए आरोपी सरासर गलत है उनके द्वारा पारदर्शी तरीके से सकुशल कार्य चल रहा है और निष्पक्षता के साथ पूरा कार्य किया जा रहा





## आठ के खिलाफ बिजली चोरी के मुकदमे दर्ज

**झबरेड़ा।** पुलिस ने आठ ग्रामीणों के खिलाफ बिजली चोरी के मुकदमे दर्ज किए हैं। जानकारी के अनुसार ऊर्जा निगम के अवर अभियंता अशोक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि झबरेड़ा थाना क्षेत्र के मानकपुर आदमपुर गांव में बिजली चोरी की सूचना मिली थी। ऊर्जा निगम की टीम ने गांव जाकर आठ घरों में छापा मारा था। इस दौरान मीटर से पहले केबल में कट लगाकर दूसरी तार जोड़ी पाई गई। इस तार से ही बिजली चोरी की जा रही थी। ऊर्जा निगम की टीम ने केबल उतारकर उनकी आपूर्ति बंद कर दी है। अवर अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि आठ उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी के केस दर्ज करवाए गए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि ऊर्जा निगम की टीम की तहरीर पर बिजली चोरी के आठ मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं।

### पिरान कलियर शरीफ से इंसानियत की मिसाल

# भीषण गर्मी में प्यासे परिंदों को पानी के लिए बांटे मिट्टी के कुंडे

**❖थाना प्रभारी निरीक्षक व सज्जादा नशीन आदि ने मिलकर चलाया कुंडा बांटो अभियान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** चिलचिलाती धूप, झुलसाता तापमान और चारों ओर भीषण गर्मी, ऐसे समय में जब इंसान तक बूंद-बूंद पानी के लिए तरसता है, तब आसमान में उड़ते उन मूक प्राणियों का क्या हाल होता होगा, जिनकी भाषा हम समझ नही सकते। ऐसे ही एक संवेदनशील सोच के साथ सर्वधर्म एकता समिति ने एक बार फिर मानवता का परचम बुलंद किया।

देशभर में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'मिट्टी के कुंडे वितरण अभियान' के अंतर्गत पिरान कलियर में भी सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस नेक मुहिम की अगुवाई समिति अध्यक्ष सैय्यद खुश्तर मियां चिश्ती के आह्वान पर खादिम मुनव्वर अली साबरी व साहिबजादा शाह यावर एजाज साबरी ने की।

**जीवनदायिनी अभियान मिट्टी के कुंडे वितरण....**गर्मियों में पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से देश के अलग-अलग हिस्सों में मिट्टी के पात्र (कुंडे) वितरित किए जा रहे हैं। इस बार यह कार्यक्रम पिरान कलियर पीपल चौक पर आयोजित हुआ, जिसमें लोगों को न केवल कुंडे दिए गए, बल्कि उन्हें यह भी समझाया गया कि कैसे वह अपनी छतों, बालकनी या गली-मोहल्ले में इन्हें रखकर पक्षियों को जीवनदान दे सकते हैं।

**पुलिस और समाज साथ कलियर थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह ने निभाई अहम भूमिका.**

...कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कलियर थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार मौजूद रहे। उन्होंने न केवल स्वयं कुंडे वितरित किए, बल्कि राहगीरों को रोककर जागरूक भी किया। उन्होंने कहा ष्यह एक बेहद नेक कार्य है। प्यासे परिंदों के लिए ये कुंडे किसी जीवनरक्षक अमृत से कम नहीं। प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वह इस अभियान का हिस्सा बने। उत्तराखंड पुलिस समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाती है और इस नेक मुहिम को भी हम अपने स्तर पर आगे बढ़ाएंगे।

**लगातार जारी है यह नेक सिलसिला..**

...साहिबजादा शाह यावर एजाज साबरी ने बताया कि हर साल गर्मियों में यह वितरण किया जाता है और अब इसका सकारात्मक असर भी दिखने लगा है। उन्होंने कहा पानी जितना जरूरी इंसानों के लिए है उतना ही जरूरी अन्य मखलूक के लिए, इंसान की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं भी जागरूक हो और लोगो को भी इस तरह के कामो के लिए जागरूक करें। वहीं मुनव्वर अली साबरी ने कहा कि यह अभियान सिर्फ पक्षियों की मदद



नहीं करता, बल्कि इंसानों में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना भी पैदा करता है।

उन्होंने यह भी बताया कि पिछले एक दशक से अधिक समय से यह अभियान लगातार जारी है और हर साल हजारों की संख्या में कुंडे वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा यह अभियान केवल मिट्टी के एक कुंडे तक सीमित नहीं है, यह एक सोच है, एक प्रयास है उस मानवता को जीवित रखने का जिसमें मूक प्राणियों के लिए भी जगह है। यदि हर नागरिक इस पहल को अपनाए, तो यह देश सच में 'सर्व जीव हिताय' की भावना का प्रतीक बन जाएगा।

**सामाजिक सहभागिता....**

.कार्यक्रम में समाज के कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे जिनमें नगर पंचायत चेयरमैन के पुत्र रोहिल साबरी, असद साबरी, शफीक साबरी, सभासद राशिद अली, लियाकत साबरी, प्रवेज आलम, डॉ शहजाद, अकरम साबरी, इस्तेखार प्रधान, मौलाना आवेश, शिराज अली, मौलाना आलम, आरिफ मलिक, सुहैल आलम, अजीम सिद्दीकी, अब्दुल समद आदि प्रमुख हैं। सभी ने मिलकर राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को कुंडे वितरित किए और जागरूकता संदेश दिया।

**मीठे शर्बत से गर्मी में राहत....**कार्यक्रम के दौरान लोगों को ठंडा मीठा शर्बत भी वितरित किया गया। गर्मी से तपते लोगों के लिए यह राहत की सौगात बनकर आया और वहीं, इस आयोजन में एक सामाजिक मेल-जोल का दृश्य भी देखने को मिला

# छात्रों की वापसी

ईरान-इजरायल में युद्ध के बीच सोमवार को एक अच्छी खबर आई कि भारत ने ईरान में रह रहे अपने 1500 छात्रों को वहां से निकालने की व्यवस्था कर ली है। ये छात्र ईरान से आर्मेनिया के रास्ते भारत लौटेंगे। इस समय ईरान में 1500 स्टूडेंट्स सहित लगभग दस हजार भारतीय फंसे हुए हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी इस संबंध में अपना पूरा सहयोग देने की बात कही है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। विद. ेशी नागरिकों को ईरान छोड़ने से पहले राजनयिक मिशनों के जरिये ईरान के जनरल प्रोटोकॉल विभाग को अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, कॉलेज डिटेल, देश से निकलने का समय जैसे जानकारियां देनी होंगी। भारत ने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बातचीत की। इन बातों से पता चलता है कि भारत की कूटनीति सही दिशा में जा रही है और हाल की कुछ घटनाओं से कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। यह बात इसलिए कही है क्योंकि यूएनओ में जो गुरुवार को इजरायल की गाजा में कार्रवाई को लेकर निंदा प्रस्ताव लाया गया था। उसमें भारत ने हिस्सा नहीं लिया था और उसके बाद शंघाई सहयोग संगठन में भी भारत ने उस प्रस्ताव से अपनी दूरी बनाई थी, जिन पर शुक्रवार को इजरायल द्वारा ईरान पर आक्रमण की निंदा का जिक्र था। जाहिर है ईरान इस समय भारत की मजबूरी को समझता है, क्योंकि इजरायल व ईरान दोनों ही भारत के मित्र देश हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी देश के सामने बड़ी दुविधा हो सकती है, जोकि इस समय भारत के सामने होती दिखाई भी दे रही है। निश्चित रूप से भारत के लिए यह समय डिप्लोमेसी को लेकर बेहद चुनौती वाला है और अगर यह संघर्ष अधिक बढ़ता है, तो भारत के लिए तटस्थ रहना टेढ़ी खीर हो जाएगा। जहां तक 1500 स्टूडेंट्स की बात है, निश्चित रूप से कोई भी देश चाहेगा कि विदेशों में फंसे उनके लोग सुरक्षित वापस आएं और भारत भी यह सब कर रहा है, लेकिन इससे एक बात साफ हो जाती है कि युद्ध केवल उन्हीं देशों को प्रभावित नहीं करता जो सीधे युद्ध का हिस्सा होते हैं, बल्कि उन देशों को भी प्रभावित करता है, जो सीधे युद्ध में उलझे नहीं होते। यह हमने यूक्रेन में भी देखा कि किस तरह हमारे हजारों छात्र यूक्रेन में फंसे थे और उनको भी पड़ोसी देशों के माध्यम से भारत लाया गया था और अब ईरान से लाया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ऐसी स्थिति में छात्र की पढ़ाई पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। यूक्रेन से आए छात्र अब तक सेटल नहीं हो पाए हैं। अब ईरान से आने वालों का भविष्य क्या होगा। यह इस बात पर निर्भर करता है कि यह युद्ध कितना लंबा चलता है, लेकिन अब समय आ गया है कि भारत को भी अपने छात्रों के भविष्य के बारे में सोचना होगा और अपने यहां शिक्षा के स्तर को उस ऊंचाई तक ले जाना होगा। जिससे हमारे छात्र बाहर का रुख न कर सकें और उनके पढ़ने की सही व्यवस्था अपने ही देश में हो सके। निश्चित रूप से यह काम बेहद मुश्किल जरूर है और यह रातोंरात भी नहीं हो सकता, लेकिन अगर सही दिशा में प्रयास किया जाए तो नामुमकिन भी नहीं।

## बंगाली बोलने वाले नागरिकों पर निशाना



भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है, उनको बांग्लादेशी बताकर गलत कार्रवाई की जा रही है, आलम यह है कि जिन बंगा. लियों के पास वैध दस्तावेज हैं, उनको भी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी कहा जा रहा है, भाजपा को शर्म आनी चाहिए कि वे वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं, बंगाली के साथ-साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए, अगर आप मुझसे पूछें, तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं, एक ओर आप भारतीयों को उनके द्वारा बोले गए शब्दों के कारण बांग्लादेशी बता रहे हैं और दूसरी ओर आप इन लोगों को, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र, पैन और आधार कार्ड हैं, अपने राज्यों में आजीविका कमाने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं। **-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# बिहार में नीतीश को हरा पाएगी कांग्रेस





यशोदा श्रीवास्तव

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में एनडीए की सरकार छीनने को कांग्रेस की जी तोड़ कोशिशों के बीच कुछ सवाल है जो काबिले गौर है। हालांकि नवंबर के अंत तक संभावित इस चुनाव के ठीक पहले कामरेड से कांग्रेसी हुए कन्हैया कुमार ने रोजगार दो या सत्ता छोड़ो के नारे के साथ बिहार के कोने-कोने तक पदयात्रा कर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की है। खुद राहुल गांधी बिहार में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। आंबेडकर छात्रावास में छात्रों के बीच उनकी मौजूदगी की चर्चा खूब है।

हाल ही 12 जून को बिहार के 25 जिलों में उसी बैनर नौकरी दो या सत्ता छोड़ो तले जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें देश भर के कांग्रेस के नामचीन नेताओं को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का निर्देश था। इस दिन कांग्रेस के कार्यक्रम की मानीटरिंग के लिए बिहार के नए और युवा प्रभारी कृष्णा अलाव पूरे दिन पटना में मौजूद थे। इस रोज दिनभर चले भाषणबाजी के बाद रोजगार कार्यालयों पर ताला बंदी का भी कार्यक्रम था। कांग्रेस का यह कार्यक्रम बिना किसी रोक-टोक के नीतीश सरकार ने संपन्न होने दिया। नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच उनका यह निर्णय उनके मानसिक संतुलन के दुरुस्त होने का सबूत भी है। बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इस पर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी। कन्हैया कुमार की मेहनत का भी असर देखने को मिला है।

बिहार की मीडिया कांग्रेस और आरजेडी में दुराव लाने की कोशिश में भी लगी है। खबरें और उसकी हेडिंगों के जरिए वह लगातार यह बताना चाह रही है कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार का मीडिया लिखता है कि कांग्रेस की सक्रियता से आरजेडी के कोर वोटरों में बिखराव तो कभी यह कि आरजेडी के मुकाबले दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर। आदि आदि, लेकिन आम जनमानस में मीडिया की ऐसी खबरों का असर नहीं, उपहास होता हुआ जरूर दिखा। बिहार के पिछले विधानसभा में कांग्रेस के करीब 40 विधायक थे।

अभी 19 हैं। जबकि 70 सीटों पर उसके उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। कांग्रेस अपनी सीटें कम होने के कई कारण गिनाती है। अभी जो कुछ माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, कांग्रेस उसमें अपना स्ट्राइक रेट जरूर बेहतर करना चाहेगी। यहां यह बता देना जरूरी है कि बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एक जुट है। कांग्रेस के कार्यक्रम में बेशक आरजेडी साथ नहीं है, लेकिन दोनों का साथ एकदम मजबूती से है।

इस बार टिकटों के बंटवारे में कांग्रेस की ओर से खास यह होगा कि वह गिनती के लिए सीटें नहीं चाहेगी। उसका दावा सिर्फ उसी सीट पर होगा जिस पर वह जीती है और जिस पर वह जीत सकती है। जैसे कांग्रेस का कहना है कि पिछले चुनाव में उसे जो 70 सीटें मिली थी, उसमें 40 सीटें ऐसी थी जिस पर कई सालों से विपक्ष जीता ही नहीं। पिछले चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने भी कांग्रेस का नुकसान किया था। इस बार ओवैसी की पार्टी के भी बिहार में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की चर्चा है। सीपीआई पहले से ही गठबंधन का हिस्सा है। कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव में तस्वीर कुछ यूं बन रही है कि आरजेडी ही लीडिंग रोल में होगी। कांग्रेस पहले की तरह नंबर दो पर ही रहकर नीतीश सरकार को बेदखल करने की कोशिश करेगी। संभावना है कि कुल 243 सीटों में से आरजेडी करीब 150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 55-60 सीटों पर लड़ेगी और बाकी पर गठबंधन की शेष पार्टियां जोर आजमाएंगी।

बताने की जरूरत नहीं कि बिहार की राजनीति सौ प्रतिशत जातीय अंकगणित पर आधारित है। यहां दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों की संख्या इतनी है कि वह जिसके पक्ष में चाहे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। इन जातियों का वोटर भले ही भाजपा के साथ न हो लेकिन नीतीश कुमार के साथ हैं। यह बड़ी वजह है कि बिहार की ऊंची जातियां कांग्रेस अथवा उसके गठबंधन के साथ आती जाती रहती हैं। माना जा रहा है कि इसी समीकरण के मद्देनजर कांग्रेस ने यहां मोहन प्रकाश को प्रभारी तो अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा था। मौजूदा समय में यह दोनों अपने पदों पर नहीं हैं।

निश्चित ही अपने अपने पदों से हटे इन दोनों नेताओं से भितरघात की संभावना तनिक भी नहीं है कांग्रेस के तमाम नेताओं, कुछ विधायकों से बात चीत से ऐसा लगा कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष रहे अखिलेश प्रसाद सिंह को हटाए जाने का दुख है। अखिलेश प्रसाद सिंह भूमिहार हैं और उनका भूमिहार वोटरों पर खासा प्रभाव है। कांग्रेस ने उन्हें हटाकर राजेश कुमार नामक एक दलित विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है ताकि दलित वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर हो। बिहार कांग्रेस नेताओं और विधायकों की चिंता यह है कि नए दलित प्रदेश अध्यक्ष दलितों का वोट कांग्रेस को शायद न दिला पाएं, भूमिहार वोटरों का कांग्रेस से खिसक जाने का खतरा जरूर है।

कांग्रेस की एक महिला विधायक जिसका की नाम देना यहां जरूरी नहीं है उन्होंने बहुत साफ शब्दों में कहा कि इस बार सबकुछ ठीक-ठाक चल रहा था, राहुल गांधी का लगातार दौरा हो रहा था, कन्हैया कुमार पदयात्रा कर लोगों में कांग्रेस का अलख जगा रहे थे, निश्चित ही इस मेहनत का फायदा कांग्रेस को मिलता, लेकिन बिना किसी कारण के प्रदेश अध्यक्ष के बदल देने का संदेश ठीक नहीं गया।

काफी संघर्षों के बाद कांग्रेस की राजनीति में एक मुकाम पर पहुंचीं इस महिला विधायक ने कहा कि कांग्रेस यदि महिला और गरीब गुरबों के लिए चालू किए गए नीतीश सरकार की योजनाओं की काट पर काम करती तो ज्यादा अच्छा होता। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब 6 करोड़ महिला वोटर हैं। इनमें करीब दो करोड़ महिलाएं समूह योजना से जुड़ी हुई हैं। यह सबकी सब नीतीश कुमार की कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही हैं। आउट सोर्सिंग के जरिए रोजगार सृजन कार्यक्रम समूह द्वारा ही संचालित हो रहे हैं। नीतीश सरकार में महिलाओं के लिए यह बड़ा काम है। इसके अलावा अनाथ हुए बच्चों को 21 साल की उम्र तक चार हजार मासिक की सहायता, परीक्षा में फर्स्ट क्लास पास हुए लड़कियों को क्रमशः छह हजार रूपए से लेकर पचास हजार तक की सहायता राशि का कोई काट कांग्रेस के पास नहीं है।

कांग्रेस कह तो रही है कि हमारी सरकार बनने के बाद हम इससे अच्छी सुविधाएं देंगे, लेकिन जनता है कि वह सुनती ही नहीं। सीधे कहती है कि अभी तो यह सब मिल ही रहा है, कांग्रेस जब आएगी तब देखा जाएगा। एक कांग्रेस विधायक ने तो यहां तक कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को शामिल करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पश्चिमी ताकतों ने झूठ फैलाकर इराक को तबाह किया

**जो इराक पर हमलों से कभी खुश थे, वह आज रो रहे हैं। जो आज ईरान पर हमलों से खुश हो रहे, वह कल रोएंगे। यह निश्चित है। दुश्मन की जिन्हें शिनाख्त नही,उसे समझने की सलाहियत नही,उनकी बर्बादी तो आनी है, आज आए या फिर कल आए, आनी तो है ही। ईरान पर इजराइल का हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी मजम्मत की जानी चाहिए। फिलिस्तीन की चीखें नजरअंदाज करने की सजा अरबों को भी मिलेगी, आज यह जितना चाहे नाच गाने करके ट्रम्प का इस्तेकबाल करें। कल अमरीकी मिजाइल इनके सरो पर भी होंगी, मगर अफसोस तब इनके साथ भी कोई नहीं होगा।**



हफीज किदवई

ईरान को तबाही की कगार पर ले आया गया। अब भी सऊदी अरब और यूएई, तुर्किए या फिर मिस्र अगर यह समझते हैं कि वह इजराइल-अमरीका की मदद करके बच जाएंगे, तो शुतुरमुर्ग बने रहें। नम्बर तो सबका आएगा। जिसने कभी भी अमरीका का साथ दिया था, वह आज उसकी मक्कारी का शिकार हो चुके हैं। अमरीका, कभी किसी का सगा नही रहा, यह क्या अब भी साबित होना बाकी है?

ईरान के ऊपर इजराइल लगातार आतंकी हमले कर रहा है। इनके कितने ही महत्वपूर्ण लोग मार दिए गए। ईरान हर बार एक कड़ा बयान देता है। इस बार भी एक सख्त डायलॉग आया है। जबकि इजराइल को ईरान सख्त जवाब दे सकता है मगर क्यों नही दे रहा। यहीं पर बहुत से सवालों के जवाब गुंथे हैं। इजराइल जबसे वजूद में आया है। यह पूरा खित्ता डिस्टर्ब ही रहा है। यहां किसी न किसी मुल्क में बर्बादी की कहानी लिखी जाती रही,हर एक जगह सुकून छीन लिया गया। मगर पता नही वह कौन सी घुट्टी है, जो सारे अरब ने पी रखी है। उसे समझ नही आता कि नासूर क्या है। बिना नासूर के ईलाज के यहां कभी सुकून नही आ सकता,यह देर सबेर जब यूएई की बर्बादी आएगी, तो उन्हें भी समझ आ ही जाएगा। अमरीका इस पूरे इलाके में शतरंज खेलता है, कभी उसका कोई दोस्त हो जाता है, तो कभी वही दुश्मन। ताजा मामले तो हमारे यहां ही देख लीजिए। पहले हमसे दोस्ती गांठ रहा था और पाकिस्तान से दुश्मनी। आज पाकिस्तान को गोदी में लिए बैठा है और हमें आंखे दिखा रहा। पूरे एशिया में अमरीका की यही नीति है मगर फिर भी अमरीकियों से मुहब्बत जाने खत्म क्यों नही होती। जो इराक पर हमलों से कभी खुश थे,वह आज रो रहे हैं। जो आज ईरान पर हमलों से खुश हो रहे, वह कल रोएंगे। यह निश्चित है। दुश्मन की जिन्हें शिनाख्त नही,उसे समझने की सलाहियत नही,उनकी बर्बादी तो आनी है, आज आए या फिर कल आए,आनी तो है ही। ईरान पर इजराइल का हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी मजम्मत की जानी चाहिए। फिलिस्तीन की चीखें नजरअंदाज करने की सजा अरबों को भी मिलेगी, आज यह जितना चाहे नाच गाने करके ट्रम्प का इस्तेकबाल करें। कल अमरीकी मिजाइल इनके सरो पर भी होंगी, मगर अफसोस तब इनके साथ भी कोई नही होगा। तब अरबी डॉलर चबाएंगे और जान बचाते फिरेंगे। इजराइल की मनमानी, अमरीका की मनमानी है। अरब में अमरीका के पैर हैं इजराइल,अगर यह पैर बांधे न गए, तो सब बर्बाद होंगे। इजराइल को मासूमो पर हमले की छूट देने वाले, अपना भी भविष्य देख लें। नम्बर सबका आएगा।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मोदी जी इस समय क्या सोच रहे होंगे



श्रवण गर्ग

**प्रधानमंत्री शायद विशाल सिविल हॉस्पिटल, उससे लगे बी जे मेडिकल कॉलेज और हॉस्टल्स में अपनी जिंदगी के खूबसूरत साल बिताकर देश-दुनिया में सेवाएं दे रहे उन डॉक्टरों के बारे में भी नहीं सोच पा रहे होंगे कि उन सबके मन में कैसी उथल-उथल मची हुई होगी। बेटी और दामाद ने सालों पहले अपनी पीजी की पढ़ाई इसी हॉस्पिटल-कॉलेज से पूरी की थी।**

यह वह जगह है जो गुरुवार को दिन के एक बजकर अड़तीस मिनट तक हजारों लोगों की चहल-पहल से आबाद थी। हम सोचते होंगे कि एक बड़ी जगह के दो मिनटों में इस तरह श्मशान में बदल जाने बाद कहीं ठहरते तो कहीं रुकते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन में क्या विचार उठ रहे होंगे? वे कुछ तो जरूर सोच रहे होंग। 11 सालों की दिल्ली में हुकूमत के दौरान इतनी बड़ी राष्ट्रीय दुर्घटना पहली बार। वह भी अपने ही उस गृह राज्य में जहां वे बारह साल मुख्यमंत्री रहे। 268 मौतें एक साथ, दो मिनट में। हजार डिग्री के तापमान में। किसी भी श्मशान में शरीर के राख में बदलते वक्त इतना तापमान नहीं होता।



हम कल्पना कर सकते हैं कि प्रधानमंत्री कई बातें एक साथ सोच रहे होंगे। बड़े लोगों को कई काम एक साथ करना होता है। मोदी जी उन लोगों की तरह तो निश्चित ही नहीं सोच पा रहे होंगे जो अहमदाबाद के भव्य सरदार पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपने प्रियजनों को विदाई देने पहुंचे होंगे और डिपार्चर टर्मिनल पर उनके आंखों से ओझल होने तक हाथ हिलाते रहे होंगे। जिन्होंने बार-बार याद दिलाया होगा कि लंदन पहुंचते ही फोन करके सूचना दे देना या फिर उन सैकड़ों लोगों की तरह भी जो अगवानी के लिए लंदन के गेटविक एयरपोर्ट पर पहुंचकर आने वाले प्रियजनों से गले मिलकर उन्हें गुलदस्ते भेंट करने का सोच रहे होंगे और तभी यह हृदय विदारक सूचना प्राप्त हुई होगी कि सब कुछ राख हो चुका है। वे अब उनके मुंह भी नहीं देख पाएंगे। प्रधानमंत्री शायद विशाल सिविल हॉस्पिटल, उससे लगे बी जे मेडिकल कॉलेज और हॉस्टल्स में अपनी जिंदगी के खूबसूरत साल बिताकर देश-दुनिया में सेवाएं दे रहे उन डॉक्टरों के बारे में भी नहीं सोच पा रहे होंगे कि उन सबके मन में कैसी उथल-उथल मची हुई होगी।

बेटी और दामाद ने सालों पहले अपनी पीजी की पढ़ाई इसी हॉस्पिटल-कॉलेज से पूरी की थी। बेटी यहीं के एक गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी जहां मैं उससे मिलने जाता था। उसी मेस में जाती थी जो दुर्घटना की चपेट में आया। वह ऑस्ट्रेलिया से फोन करके अब पूछती है यह सब कैसे हो गया? मैं क्या जवाब देता?

मुमकिन है प्रधानमंत्री ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के बारे में भी कुछ सोचा हो जो दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार थे। चार साल पहले बारह-तेरह सितम्बर की रात दिल्ली से उन्हें फोन पहुंचा था कि इस्तीफा दे दीजिए और रूपाणी ने तत्काल पूरे मंत्रिमंडल सहित त्यागपत्र सौंप दिया था। उनके बाद से भूपेन्द्र पटेल ही गुजरात के मुख्यमंत्री हैं।

मोदी जी दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले और सबसे बड़े प्रजातांत्रिक राष्ट्र के मुखिया हैं। विमान हादसे के तीन दिन पहले ही अपने तीसरे कार्यकाल का पहला साल और हुकूमत के 11 साल उन्होंने पूरे किए थे। बीजेपी और सरकार अभी उनके कार्यकाल की उपलब्धियां भी ठीक से गिना नहीं पाई थी कि यह हादसा हो गया। वह भी मोदी जी के गृहराज्य में।

हम सिर्फ अनुमान ही लगा सकते हैं कि मोदीजी क्या सोच रहे होंगे। मसलन एक-के-बाद-एक घटनाएं क्यों हो रही हैं? 22 अप्रैल को जब पहलगाम-नरसंहार हुआ वे सऊदी अरब में थे। वे अगले दिन भारत लौटे जरूर पर पहलगाम नहीं गए। लौटने के अगले ही दिन चुनावी दौरे पर बिहार चले गए। पहलगाम के बाद सात मई से दस मई तक ऑपरेशन सिंदूर हो गया। अब जबकि उन्हें कनाडा की महत्वपूर्ण यात्रा पर रवाना होना है यह दर्दनाक हादसा हो गया।

मोदी जी के सोच में क्षण भर के लिए शायद आया हो कि ऐसे वक्त में उन्हें उन्हें कनाडा जाना चाहिए या नहीं? 15 से 17 जून तक कनाडा में G-7 समूह के देशों की बिखर वार्ता है। भारत G-7 समूह का सदस्य नहीं है पर 2019 के बाद से मोदी जी एक आमंत्रित के तौर पर उसकी बैठकों में भाग लेते रहे हैं। इस बार मोदीजी को आखिरी वक्त पर आमंत्रित किया गया जिससे यात्रा का महत्व और बढ़ गया। वहां ट्रम्प भी आने वाले हैं। कनाडा से भारत के संबंध काफी खराब चल रहे हैं। उन्हें भी ठीक करना है। मोदी जी की यात्रा को लेकर कनाडा में विरोध भी रो रहा है। दुर्घटना-स्थलों, अस्पतालों, श्मशानों, मुर्दाघरों आदि की यात्राओं के समय आत्माएं अस्थाई तौर पर चोला बदल लेती हैं।

सांसारिक पुरुषों में श्मशान-वैराग्य उत्पन्न हो जाता है। भौतिक जगत मिथ्या नजर आने लगता है पर यह भी उतना ही सही है कि विमान के दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचते ही ऊपर का सारा आकाश बदल जाता है। आत्माएं अपने निर्धारित स्थानों पर पहुंच जाती हैं। अतः विमान दुर्घटना को लेकर हम चाहे जितने भी संताप में हों, जो कुछ भी सोच रहे हों, एक प्रधानमंत्री के सोच को उसमें शामिल करने की गलती नहीं करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### ईरान के सर्वोच्च नेता को मारने को लेकर नेतन्याहू-ट्रम्प आमने सामने

# खामेनेई की जान बनी अमेरिका और इजरायल की आफत

## इजरायल ने अमेरिकी दावे को किया खारिज



बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बात से इंकार नहीं किया कि ईरान के साथ इजरायल के युद्ध में शासन परिवर्तन उनके लक्ष्य का हिस्सा था

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारना चाहता था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उसे ऐसा करने से रोक दिया।

गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) की ओर से किए गए हमलों में ईरान के कई शीर्ष अधिकारी मारे गए थे, जिनमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) कमांडर जनरल होसैन सलामी और ईरानी सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल मोहम्मद बाघेरी शामिल थे। अमेरिका की डिजिटल मीडिया पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के प्रति शत्रुता के भाव के बावजूद ट्रम्प उन्हें एक समझौते पर पहुंचने के लिए बातचीत की मेज पर लाने के लिए तैयार है जो दोनों देशों के लिए व्यवहारिक हो और दोनों को स्वीकार्य हो ताकि कूटनीति के जरिये इजरायल-ईरान के बीच खतरनाक टकराव रोका जा सके। ट्रम्प ने इजरायली हमलों के बाद खामनेई को अल्टीमेटम देते हुए शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि इससे पहले की कुछ भी न बचे ईरान को समझौता कर लेना चाहिए और ईरानी साम्राज्य को बचाना चाहिए। नेतन्याहू ने हालांकि रिपोर्ट को गलत बताते हुए इसकी निंदा की है। उन्होंने रविवार को फॉक्स न्यूज से कहा कि ऐसी कई झूठी रिपोर्ट हैं जो कभी हुई ही नहीं और मैं इसमें नहीं पड़ने वाला। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि हमें जो करना चाहिए, हम वही करेंगे और मुझे लगता है कि अमेरिका जानता है कि उसके लिए क्या अच्छा है। इस दौरान उन्होंने इस बात से इनकार नहीं किया कि ईरान के साथ इजरायल के युद्ध में शासन परिवर्तन उनके लक्ष्य का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से परिणाम हो सकता है, क्योंकि ईरान शासन बहुत कमजोर है। मुझे लगता है कि उसके पास मूल रूप से दो चीजें बची हैं, परमाणु बम और बैलिस्टिक मिसाइल रखने की उनकी योजना। अमेरिका में इजरायल के राजदूत येचिएल लीटर ने भी रविवार को खामेनेई पर कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया था। उन्होंने एबीसी न्यूज चैनल से कहा कि मुझे लगता है कि यह कहना उचित होगा कि जो कोई भी इजरायल के विनाश की धमकी दे रहा है, उसे लक्ष्य सूची से बाहर नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन हम ऑनलाइन विशिष्ट व्यक्तियों पर चर्चा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइलों के माध्यम से इजरायल को नष्ट करने के ईरानी इरादे को बेअसर करना और समाप्त करना है। जो कोई भी इसके रास्ते में आता है, या इजरायल को नष्ट करने के इरादेस से आगे बढ़ाता है, तो वह स्पष्ट रूप से ऐसा व्यक्ति है जिससे हमें निपटना होगा।



अहमदाबाद। अस्पताल के शवगृह के बाहर एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि अर्पित करते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल।

## ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई परिवार के साथ बंकर में भूमिगत

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अपने परिवार के साथ तेहरान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लाविजान में एक बंकर में भूमिगत हो गए है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के पुत्र मुज्तबा के भी उनके साथ हैं।

हालांकि उनके अन्य पुत्र मसूद और मुस्तफा उनके साथ नहीं हैं। खामेनेई के भूमिगत होने की सूचना इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले के जवाब में ईरान की ऑपरेशन ट्रू फेज 1 और ट्रू फेज 2 की सैन्य कार्रवाई के बाद आई है। इस अभियान के तहत ईरान ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार को 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत 2300 किलोमीटर दूर स्थित मशहद शहर को निशाना बनाया था। कथित तौर पर यह हमला ईरानी नेता को यह चेतावनी देने के लिए किया गया था कि वह देश में कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी खामेनेई और ईरान को उसका यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम समाप्त करने तथा संबंधित समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दो महीने की समय सीमा दी थी। ईरान ने हालांकि अमेरिका और इजरायल की परमाणु अनुसंधान अवसंरचना को नष्ट करने की बार-बार की गई चेतावनियों को अस्वीकार कर दिया।

## कांगो में भारी बारिश से 29 लोगों की मौत

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) की राजधानी किशासा में भारी बारिश के कारण सप्ताहांत में कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई है।

स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुष्क मौसम में असामान्य बारिश के कारण शहर में भारी नुकसान हुआ, सड़कें जलमग्न हो गईं, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई। किशासा के गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा कि लोगों को निकालने और अस्थाई पुनर्वास के प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपदा जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय करने का भी आग्रह किया। स्थानीय मीडिया ने मौसम विज्ञान अधिकारियों के हवाले से बताया कि देश में अभी शुष्क मौसम चल रहा है, लेकिन बारिश 90 मिलीमीटर तक पहुंच गई जो हाल के वर्षों में इस समय के लिए सबसे अधिक है।

डीआरसी में बारिश का मौसम आमतौर पर नवंबर से मई तक चलता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भारी बारिश जारी रहने का अनुमान है और एक करोड़ 70 लाख की आबादी वाले शहर को और नुकसान हो सकता है।

## अमेरिकी समर्थन ने पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया: ईरान

जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे: बाघई



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा है कि इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया और दुनिया की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

बाघई ने कहा कि जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया, उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है, जिसकी अमेरिकी सहयोग के बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसने कूटनीतिक और बातचीत की प्रक्रिया को निरर्थक बना दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान को उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल के खिलाफ 'बाध्यकारी' प्रस्तावों को अपनाएगा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि पहले कदम के रूप में इजरायल के हवाई हमलों को आक्रमण की संज्ञा दी जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य के रूप में अमेरिका को इस आक्रमण की निंदा करनी चाहिए। वह (इज़राइल के साथ) अपने संबंधों के कारण इन वास्तविकताओं को अनदेखा नहीं कर सकता। उन्होंने ईरान के परमाणु ठिकानों और आवासीय क्षेत्रों पर इज़रायल के हमलों की निंदा की और उन्हें 'अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों और कानूनों का सीधा उल्लंघन' बताया। उन्होंने बताया कि इज़रायल ने ईरान पर अपने हमलों में अमेरिकी निर्मित हथियारों का इस्तेमाल किया। इससे पहले ईरान और अमेरिका ने ओमान की मध्यस्थता में ईरानी परमाणु डोजियर पर वार्ता के पांच दौर आयोजित किए थे। उनमें से आखिरी वार्ता 23 मई को रोम में हुई थी।

## हमने मिसाइलों में नई तकनीक का इस्तेमाल किया: आईआरजीसी

**13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया**

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि हाल ही में इजरायल के खिलाफ जवाबी मिसाइल हमलों में उसने नई तकनीक का प्रयोग किया, जिससे इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियां एक-दूसरे पर ही हमला करने लगीं।

तस्नीम समाचार एजेंसी के हवाले से आईआरजीसी ने कहा '13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें ईरानी परमाणु कार्यक्रम और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में, उन्होंने नई तकनीकों और खुफिया क्षमताओं का इस्तेमाल किया, जिससे इजरायल की बहु-स्तरीय रक्षा कमान और नियंत्रण प्रणाली विफल हो गई, यहां तक कि वे आपस में ही हमला करने लगे। इजरायली वायुसेना ने तेहरान सहित ईरान के कई हिस्सों में जोरदार हमले किए। इनमें ईरानी सेना प्रमुख (सीओएएस), आईआरजीसी कमांडर और कई परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। नातान्ज़ और फोर्डो जैसी परमाणु सुविधाओं सहित कई सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मंगोलिया में खसरे से छह लोगों की मौत

**उलानबटोर।** मंगोलिया में संक्रामक बीमारी खसरा से हुई एक और मौत के के बाद इस बीमारी से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर अब छह हो गई है। देश के राष्ट्रीय संचारी रोग केंद्र (एनसीसीडी) ने सोमवार को कहा कि कहा कि बीमारी से संक्रमित 693 लोग अस्पताल में हैं जिनमें से पांच गंभीर रूप से बीमार बच्चे शामिल हैं। डॉक्टरों के अनुसार हाल ही में पुष्टि किए गए मामलों में से आधे से अधिक स्कूली बच्चों से संबधित है जिन्हें खसरे के टीके का केवल एक ही शॉट दिया गया था।

### गोलीबारी में दो लोगों की मौत संदिग्ध हिरासत में

**प्राग।** चेक गणराज्य पुलिस ने रविवार को राजधानी प्राग के पूर्वी क्षेत्र में गोलीबारी की घटना के बाद एक संदिग्ध को हिरासत में लिया, जिसमें दो लोग मारे गए। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि रविवार शाम को कोस्टेलेक नाद सेर्नमी लेसी में गोलीबारी की सूचना मिलने के तुरंत बाद उनकी टीम मौके पर पहुंची, जहां दो लोग एक घर के बगीचे में मृत अवस्था में मिले। अधिकारियों ने एक संदिग्ध (65) को हिरासत में लिया तथा कथित तौर पर गोलीबारी में इस्तेमाल की गई बंदूक को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि मृतकों में पीड़ित 50 वर्षीय महिला और 45 वर्षीय पुरुष हैं। पुलिस के अनुसार गोलीबारी के पीछे का मकसद अभी भी स्पष्ट नहीं है। क्षेत्रीय आपराधिक जांचकर्ता घटना के पीछे के कारणों की जांच में जुटे हैं।

## बाघ, शेर संरक्षण को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हों सामूहिक प्रयास: यादव



बैठक में आईबीसीए के सभी नौ सदस्य देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बाघ और शेर जैसी सात प्रमुख प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए।

यादव ने यहां इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। 'बिग कैट' में बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा शामिल है। बैठक में आईबीसीए के सभी 9 सदस्य देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इन देशों में भूटान, कंबोडिया, इस्वातिनी, गिनी, भारत, लाइबेरिया, सूरीनाम, सोमालिया और कजाकिस्तान शामिल हैं। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वन्यजीव संरक्षण में विश्व में अग्रणी देश के रूप में उभरा है, जिसने पिछले दशक में उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त की हैं। उन्होंने बिग कैट रेंज देशों से आईबीसीए की पहलों और कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल होने और सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने बिग कैट की सात प्रमुख प्रजातियों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण तथा सुरक्षा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ पारिस्थितिकी भविष्य को सुरक्षित करने और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में सहायता करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से यादव को आईबीसीए अध्यक्ष और एस पी यादव को आईबीसीए के महानिदेशक के रूप में भी अनुमोदित किया गया। भारत सरकार द्वारा बनाया गया, इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) 95 रेंज देशों का एक गठबंधन है। इसका उद्देश्य बिग कैट का संरक्षण करना है। आईबीसीए का प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक स्तर पर बिग कैट के संरक्षण के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सफल संरक्षण प्रणालियों और विशेषज्ञता को समेकित करते हुए रेंज देशों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग और तालमेल को सुविधाजनक बनाना है।

## तेहरान में मोसाद के दो और जासूस गिरफ्तार

**उनके पास से 200 किग्रा से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए**

**तेहरान।** ईरान के तेहरान प्रांत में पुलिस ने इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद के दो और जासूसों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं।

ईरान की समाचार एजेंसी इरना ने आज यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उन्होंने अलग-अलग अभियानों में मोसाद के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए गए। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पुलिस कमान के प्रवक्ता सईद मोंटेजर अल-महदी ने रविवार को कहा कि तेहरान प्रांत के रे काउंटी के एक जिले फशाफुयेह में मोसाद के दोनों जासूसों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। अल-महदी ने कहा कि दोनों के पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए। इसके अलावा एक पिकअप ट्रक भी जब्त किया गया। गौरतलब है कि इजरायल ने शुक्रवार रात बिना किसी उकसावे के ईरान पर हमले शुरू कर दिए, इन हमलों में आवासीय इमारतें को भी निशाना बनाया गया। इजरायल की जासूसी एजेंसी के एजेंट तब से ईरान के अंदर कई तरह की गतिविधियों में शामिल पाए गए हैं।

## ईरानी संसद ने मदनीजादेह को वित्त मंत्री किया नियुक्त

**तेहरान।** ईरानी संसद ने सोमवार को सईद अली मदनीज़ादेह को देश के नए आर्थिक मामलों एवं वित्त मंत्री के रूप में मंजूरी प्रदान की। पिछले वित्त मंत्री को महाभियोग लगाने के बाद हटा गया था। अर्द्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने कहा कि राजधानी तेहरान में संसद के सत्र के दौरान मदनीज़ादेह की नियुक्ति के पक्ष में 171 सांसदों ने और विपक्ष में 67 सांसदों ने वोट किया, जबकि आठ सांसदों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इस सत्र में राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन भी उपस्थित थे, मदनीज़ादेह की नियुक्ति अब्दोलनसर हेममती के जगह पर हुई है, जिन्हें देश की मौजूदा आर्थिक चुनौतियों के बीच मार्च में संसद ने महाभियोग लगाकर पद से हटा दिया था।

## चीन में ऑनलाइन धोखाधड़ी के 294000 मामले सुलझाए गए



अभियान के दौरान बड़ी संख्या में संदिग्धों को पकड़ा गया

**बीजिंग।** चीन में दूरसंचार और ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ एक व्यापक राष्ट्रव्यापी अभियान में पुलिस ने पिछले साल 294,000 मामलों को सुलझाया है।

सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के अनुसार अभियान के दौरान बड़ी संख्या में संदिग्धों को पकड़ा गया जिसमें 570 से अधिक सरगना, वित्तपोषक और योजनाओं के प्रमुख संचालक शामिल थे। पुलिस ने विदेशी घोटाले के संचालन को अवैध समर्थन प्रदान करने वाले आपराधिक नेटवर्क को निशाना बनाया। ये समूह ऑनलाइन प्रचार, मनी लॉन्ड्रिंग, तकनीकी विकास और अवैध सीमा पार करने की सुविधा सहित कई सेवाएं प्रदान करते थे। मंत्रालय के अनुसार, ये समूह ऑनलाइन प्रचार, मनी लॉन्ड्रिंग, तकनीकी विकास और अवैध सीमा पार करने की सुविधा सहित कई सेवाएं प्रदान करते थे। गौरतलब है कि 2024 के आरंभ से ही चीन के 'राष्ट्रीय धोखाधड़ी निरोधी केंद्र' ने 18 करोड़ अलर्ट जारी करते हुए प्रारंभिक चेतावनियों और इसे रोकने के तकनीकी प्रयासों को तेज कर दिया। अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय में केंद्र ने लगभग घोटाले से जुड़े लगभग 4.7 अरब कॉल और 3.4 अरब धोखाधड़ी वाले टेक्स्ट संदेशों को इंटरसेप्ट किया जबकि संदिग्ध अवैध धन में 315 अरग युआन (लगभग 43.9 अरब अमरीकी डॉलर) निधि को अवरुद्ध किया।

